निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, गुरुवार 25 जून 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 39 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित



स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जेपीएससी से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

## रिम्स में नामांकन पर उठे सवाल, जांच के लिए रांची पहुंची सीआईडी टीम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** जिले के बरियातू स्थित राजेंद्र मेडिकल साइंसेज में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब सीआईडी की टीम जांच के लिए संस्थान पहुंची। बताया जा रहा है कि वर्ष 2025 में मेडिकल पाठ्यक्रमों में नामांकन के दौरान कथित अनियमितताओं और गड़बड़ी की शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। यह मामला पिछले वर्ष अभ्यर्थियों द्वारा उठाया गया था जिसके बाद जांच की मांग लगातार की जा रही थी। सूत्रों के अनुसार सीआईडी की टीम एडमिशन प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेजों और अभिलेखों की गहन जांच कर रही है। टीम यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नामांकन प्रक्रिया में किसी प्रकार की फर्जीवाड़ा या नियमों की अनदेखी तो नहीं हुई। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि कथित गड़बड़ी में कौन-कौन लोग शामिल थे और इसके तार किन स्तरों तक जुड़े हुए हैं। जानकारी के मुताबिक कुछ अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया था कि वर्ष 2025 के दौरान फर्जी दस्तावेजों और अनियमित प्रक्रियाओं के माध्यम से कुछ छात्रों का दाखिला कराया गया। शिकायत मिलने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच एजेंसियों ने प्रारंभिक पड़ताल शुरू की थी। अब सीआईडी की टीम संस्थान पहुंचकर पूरे मामले की विस्तृत जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि एडमिशन से संबंधित कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों को जांच के दायरे में लिया गया है और अधिकारियों से भी पूछताछ की जा सकती है। जांच एजेंसी संबंधित कर्मियों और अधिकारियों से जानकारी जुटाकर पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने का प्रयास कर रही है। सीआईडी की इस कार्रवाई के बाद रिम्स प्रशासन में हलचल बढ़ गई है। हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी किसी की संलिप्तता की पुष्टि नहीं हुई है लेकिन माना जा रहा है कि जांच आगे बढ़ने के साथ कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। मामले पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

### मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों के लिए 262 अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# ईमानदारी से करें दायित्वों का निर्वहन : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय, प्रोजेक्ट भवन के सभागार में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न पदों के लिए चयनित 262 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ईमानदारी से काम करने और आम जनता के पैसे से मिलने वाली सैलरी का सदुपयोग करने की सीख दी। जिन 262 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए उनमें जेपीएससी के माध्यम से स्थायी नियुक्ति प्राप्त करने वाले 56 खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, अनुबंध पर नियुक्त होने वाले 151 विशेषज्ञ चिकित्सक, 29 सीनियर हॉस्पिटल मैनेजर और 26 फाइनेंस मैनेजर शामिल हैं। नियुक्ति पत्र वितरण के बाद अपने संबोधन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज की सभी नियुक्तियां महत्वपूर्ण पदों पर हुई हैं। हॉस्पिटल मैनेजर और फाइनेंस मैनेजर की भूमिका भी डॉक्टरों जितनी बड़ी है। सरकारी अस्पतालों को लेकर अक्सर सवाल उठते हैं, ऐसे में आज नियुक्त हुए अधिकारी अब सरकार के अंग हैं। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि इस बात को जरूर जेहन में रखिएगा कि जो भी वेतन आपको, हमको मिलता है, वह आम आदमी से ही



लिया हुआ पैसा है। इसलिए जिस काम के लिए नियुक्ति हुई है, उस काम को पूरी ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि समेत हर विभाग में नियुक्तियां की जा रही हैं और कई प्रक्रियाएं चल रही हैं। डॉक्टरों को भगवान का रूप मानने वाले लोगों की उम्मीदों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब इन नए अधिकारियों पर है। सीमित संसाधनों में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महानगरों जैसी चकाचौंध वाली व्यवस्था बनाने में समय लगेगा लेकिन सीमित संसाधनों में बेहतर कैसे किया जाए, इस पर सोचना होगा। उन्होंने देश के बेहतर संस्थानों में नए अधिकारियों को ट्रेनिंग भेजने का भी निर्देश दिया। कोरोना काल का जिक्र करते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि महामारी के दौरान सिर्फ बचाव ही इलाज था। सरकार बजट का 60% सैलरी पर खर्च करती है, इसलिए आम आदमी के प्रति जिम्मेदारी का अहसास रखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जब तक झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह सशक्त और व्यवस्थित नहीं हो जाती तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि वर्षों से डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों को आकर्षित करने के लिए फाइनेंशियल बिडिंग मॉडल अपनाया गया, जिसे अभूतपूर्व सफलता मिली है। देश के विभिन्न हिस्सों से चिकित्सक झारखंड में सेवा देने के लिए आगे आए हैं। उन्होंने 56 फूड सेफ्टी ऑफिसरों की नियुक्ति को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे खाद्य पदार्थों में मिलावट पर नकेल कसी जा सकेगी। 29 सीनियर हॉस्पिटल मैनेजर अस्पताल प्रबंधन को प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि आने वाले समय में स्वास्थ्य विभाग में लगभग 13 हजार पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेम प्रसंग में युवक की पीट-पीटकर हत्या

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में एक युवक की प्रेम प्रसंग में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। युवक का शव बघमारी गांव स्थित उसके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों का आरोप है कि गांव की एक महिला के साथ प्रेम प्रसंग था। इसी बात पर महिला के परिजनों ने युवक की बेरहमी से पिटाई की थी। इस पिटाई के बाद युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान लावालौंग थाना क्षेत्र के हूटरु टोला, बाघमारी निवासी अजय गंझू के रूप में हुई है।

### हाथी के हमले में अधेड़ की मौत

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** कोल्हान क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक बढ़ गया है। मंगलवार रात सरायकेला-खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में हुई दो अलग-अलग घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इन घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। जिले के मनोहरपुर प्रखंड के पाथरबासा गांव के कोकलोटाला निवासी दिलेश्वर जातराम (48) की दंतैल हाथी के हमले से मौत हो गई। वनपाल अभय कुमार ने बताया कि राज्य सरकार की नई नीति के तहत मृतक के परिजनों को तत्काल एक लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।

### विवाहिता ने लगाई फांसी

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी थाना क्षेत्र की हरिजन बस्ती में 26 वर्षीय मनीषा मुखी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना मंगलवार देर शाम की है। बुधवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मनीषा मुखी पिछले डेढ़ से दो माह से अपने परिवार से अलग किसी अन्य व्यक्ति के साथ रह रही थीं। पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हाइवा एवं कार में जोरदार टक्कर

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बालूमाथ थाना अंतर्गत टमटम टोला के पास सड़क किनारे खड़े हाइवा में एक अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार जुल्फिकार आलम हो गई जबकि उनका 10 वर्षीय भतीजा मोहम्मद कुनेन गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को बालूमाथ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सक डॉ. संजय सिद्धार्थ ने प्राथमिक उपचार के बाद जुल्फिकार आलम को मृत घोषित कर दिया।

## शिक्षा विभाग के बीपीओ रिश्वत लेते गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सिमडेगा।** झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने बुधवार को सिमडेगा जिले में बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी रांची की स्पेशल टीम ने केरसई प्रखंड में जाल बिछाकर शिक्षा विभाग के ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर अनिल खलखो को कथित रूप से रिश्वत की रकम लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। इस गिरफ्तारी के बाद से सिमडेगा के शिक्षा विभाग समेत तमाम सरकारी महकमों और दफ्तरों में खलबली मच गई है। मिली जानकारी के अनुसार केरसई प्रखंड के शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार और काम के बदले पैसे मांगने की शिकायत लगातार एसीबी को मिल रही थी। एक प्रार्थी की पुख्ता शिकायत के



आधार पर एसीबी रांची की टीम ने मामले का सत्यापन कराया फिर गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया। जैसे ही बीपीओ अनिल खलखो ने तय रणनीति के तहत घूस की राशि अपने हाथ में ली, पहले से घात लगाकर बैठी एसीबी की टीम ने उन्हें मौके पर ही रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के तुरंत बाद एसीबी की टीम आरोपी बीपीओ को अपने साथ लेकर रांची के लिए रवाना हो गई है जहां उनसे आगे की पूछताछ और कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। फिलहाल रिश्वत की कुल राशि कितनी थी और यह घूस किस काम के बदले ली जा रही थी, इसकी आधिकारिक और विस्तृत रिपोर्ट आना अभी बाकी है। इस बड़ी कार्रवाई के बाद सिमडेगा जिले के अन्य विभागों में भी हड़कंप का माहौल है और कई अधिकारी-कर्मचारी सहमे हुए हैं। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए एसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने दो टूक शब्दों में कहा है कि राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम चल रहा है। आम जनता का शोषण करने वाले किसी भी सरकारी सेवक या अधिकारी को कतई बख्शा नहीं जाएगा और यह अभियान आगे भी इसी तरह आक्रामक रूप से जारी रहेगा।

## एसिड अटैक पीड़ित को मिलेगा 15 लाख का मुआवजा

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड हाईकोर्ट ने एसिड अटैक के एक पुरुष पीड़ित राहुल कुमार को बड़ी राहत देते हुए राज्य सरकार को 15 लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि एसिड अटैक से होने वाली पीड़ा और जीवनभर का मानसिक आघात केवल तीन लाख रुपये से नहीं आंका जा सकता। रांची निवासी राहुल कुमार की ओर से दायर लेटर्स पेटेंट अपील में 1374 दिनों की देरी हुई थी। हालांकि अदालत ने माना कि एसिड अटैक पीड़ित के लिए इलाज और जीवन की चुनौतियां मुकदमेबाजी से अधिक महत्वपूर्ण थीं। इसलिए देरी को पर्याप्त कारण मानते हुए माफ कर दिया गया। मामला वर्ष 2012 का है। राहुल कुमार अपने घर में पढ़ाई कर रहे थे तभी उनके 10 वर्षीय चचेरे भाई और पड़ोस के एक बच्चे के बीच विवाद हो गया। इसी क्रम में एक महिला घर से तेजाब लेकर आई और राहुल के चेहरे पर फेंक दिया। इस हमले में राहुल का चेहरा बुरी तरह झुलस गया। उनकी पलकों का हिस्सा नष्ट हो गया, दोनों कानों को गंभीर नुकसान पहुंचा और गर्दन, सीने तथा बाएं हाथ पर भी गहरे घाव हो गए। राहुल कुमार अब तक 14 प्लास्टिक सर्जरी करा चुके हैं। उनकी आंखों की रोशनी का एक बड़ा हिस्सा प्रभावित हो चुका है और उन्हें 45 प्रतिशत दिव्यांगता का सामना करना पड़ रहा है।

## गलत तरीके से संचालित अल्ट्रासोनोग्राफी संचालकों पर होगी सख्त कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जामताड़ा।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी एक्शन मोड में हैं। राज्य में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम और अल्ट्रासोनोग्राफी सेंटर्स को लेकर कड़ा रूख अपनाते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मंत्री इरफान अंसारी ने कहा है कि झारखंड के सभी जिलों में विशेष अभियान चलाकर गलत तरीके से चल रहे नर्सिंग होम और अल्ट्रासोनोग्राफी सेंटर्स के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। साथ ही संचालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि बेटी लक्ष्मी होती है और गलत तरीके से अल्ट्रासोनोग्राफी कर आज बेटी को जन्म लेने से पहले मारने का काम किया जा रहा है। इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार मां, बहन और बेटी की सुरक्षा के लिए काम कर रही है। मंईयां सम्मान योजना देकर यहां की माताओं-बहनों को सम्मान देने का काम सरकार कर रही है लेकिन ऐसी शिकायत मिल रही है कि गलत तरीके से नर्सिंग होम चलाया जा रहा है। अल्ट्रासोनोग्राफी से बेटी को जन्म से पहले ही मारने का काम किया जा रहा है, जो की कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान से अलंकृत किए जाने पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने इसे झारखंडवासियों के लिए गौरव बताया। उन्होंने कहा कि गुरुजी के आंदोलन, त्याग और तपस्या का प्रतिफल है कि उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि गुरुजी की बदौलत ही झारखंड राज्य बना। आज अलग राज्य नहीं बनता तो आज वे विधायक और मंत्री नहीं बनते।

## चलती कार में लगी भीषण आग, बाल-बाल बचे दंपति एवं उनके बच्चे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़।** रांची-रामगढ़ मुख्य मार्ग एनएच-33 स्थित ओरमांझी टोल प्लाजा के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब हजारीबाग से रांची की ओर जा रही एक कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि कार में सवार पति-पत्नी और उनके दो बच्चे समय रहते वाहन से बाहर निकल गए जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार से अचानक धुआं निकलने लगा। चालक को स्थिति का आभास होते ही उसने वाहन सड़क किनारे रोक दिया। इसके बाद परिवार के सभी सदस्य तुरंत कार से बाहर निकल गए और कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी कार धू-धू कर जलने लगी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास मौजूद लोगों में भी दहशत का माहौल बन गया। घटना की वजह से एनएच-33 रांची-पटना मुख्य मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और जाम जैसी स्थिति बन गई। सूचना मिलने के बाद ओरमांझी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई। ओरमांझी थाना प्रभारी मनोज कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हजारीबाग से रांची जा रही एक कार में अचानक आग लग गई थी। वाहन में सवार पति-पत्नी और दो बच्चे सुरक्षित बाहर निकल गए जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

## चोरी के सवा करोड़ के गारमेंट्स बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** जिले के पाथरोल थाना क्षेत्र में पुलिस ने अंतरराज्यीय ट्रांसपोर्ट चोरी गिरोह का पर्दाफाश किया है। पाथरोल और पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर थाना की संयुक्त पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए करीब सवा करोड़ रुपये मूल्य के गारमेंट्स और अन्य सामान बरामद किए हैं। हालांकि इस मामले में शामिल ट्रक चालक और अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। यह मामला लगभग 20 दिन पहले का है जब गुरुग्राम स्थित बराल लॉजिस्टिक से पश्चिम बंगाल के लिए गारमेंट्स और अन्य सामग्री से भरा एक ट्रक रवाना हुआ था। रास्ते में ही पूरा माल गायब हो गया था जिसके बाद पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर मंगलवार को पाथरोल थाना क्षेत्र के कोल्होड़ गांव स्थित हमीद अंसारी के मकान में संयुक्त छापेमारी की गई। इस छापेमारी में पुलिस ने चोरी की पूरी खेप बरामद कर ली। बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब सवा करोड़ रुपये बताई जा रही है। बराल लॉजिस्टिक के संचालक खिमराज बराल ने बताया कि 30 मई को झारखंड के बरही निवासी चालक पवन यादव ट्रक लेकर गुरुग्राम से निकला था। आरोप है कि उसने बरकट्ठा निवासी जावेद अंसारी के साथ मिलकर रास्ते में माल को दूसरे ट्रक में स्थानांतरित कर दिया और फरार हो गया। जावेद अंसारी ने चोरी का सामान पाथरोल के कोल्होड़ गांव स्थित एक मकान में उतारा और खाली ट्रक को दुर्गापुर में सड़क किनारे छोड़कर भाग गया। पुलिस ने चोरी की पूरी खेप बरामद कर ली है। फिलहाल दोनों फरार चालकों और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है। पुलिस को आशंका है कि यह गिरोह मालवाहक ट्रकों से सामान की हेराफ़ेरी करने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्क का हिस्सा हो सकता है। मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की संभावना है।


## फर्नीचर शोरूम में आग लगने से 20 लाख की संपत्ति जलकर राख

**लोहरदगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कुडू थाना क्षेत्र के कुंदो मोड़ स्थित एक फर्नीचर शोरूम में मंगलवार देर रात अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से शोरूम में रखा सोफा सेट, पलंग, कुर्सी और अन्य फर्नीचर की सामान जलकर राख हो गई। शोरूम मालिक द्वारा घटना में 10 से 15 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते आग ने पूरे शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची लपटों को देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलने पर लोहरदगा अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि लोहरदगा से कुडू पहुंचने में दूरी के कारण अग्निशमन विभाग की टीम देर से पहुंची। शोरूम संचालक ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई है। वहीं सूचना मिलते ही कुडू थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

## डीएसपीएमयू का निर्णय : छात्रों के लिए उपलब्ध होंगी टॉपर्स की उत्तरपुस्तिकाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) की एकेडमिक काउंसिल की बैठक में विद्यार्थियों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कुलपति प्रो. (डॉ.) राजीव मनोहर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह मंजूरी दी गई कि विश्वविद्यालय के यूजी और पीजी टॉपर्स की उत्तरपुस्तिकाओं को छात्रों के अध्ययन के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इस निर्णय के साथ डीएसपीएमयू झारखंड का पहला विश्वविद्यालय बन गया है जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिकाएं अन्य छात्रों के लिए मॉडल के रूप में प्रदर्शित की जाएंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस पहल से छात्रों को उत्तर लेखन की बेहतर तकनीक समझने का अवसर मिलेगा। अक्सर विद्यार्थी विषय का ज्ञान



होने के बावजूद उत्तरों की प्रस्तुति, संरचना और विश्लेषणात्मक लेखन में पीछे रह जाते हैं। टॉपर्स की उत्तरपुस्तिकाएं देखकर वे यह जान सकेंगे कि बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए किस प्रकार उत्तर लिखे जाते हैं, विषयवस्तु को कैसे व्यवस्थित किया जाता है और परीक्षा में प्रभावी प्रस्तुति का क्या महत्व होता है। कुलपति प्रो. राजीव मनोहर ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय छात्रों को प्रेरित करने के साथ-साथ परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी और शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होगी और वे अपनी कमियों को पहचानकर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। बैठक में परीक्षा सुधार और शैक्षणिक गुणवत्ता को लेकर कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। विश्वविद्यालय की मूल्यांकन प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने, शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप शैक्षणिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने पर भी सहमति बनी। इसके अलावा विद्यार्थियों के ओवरऑल डेवलपमेंट, पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता और अकादमिक गतिविधियों को मजबूत करने से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर भी चर्चा कर उन्हें मंजूरी दी गई। शिक्षाविदों का मानना है कि टॉपर्स की उत्तरपुस्तिकाओं को अध्ययन सामग्री के रूप में उपलब्ध कराने से विद्यार्थियों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। वे केवल पाठ्यपुस्तकों पर निर्भर नहीं रहेंगे बल्कि यह भी समझ पाएंगे कि परीक्षक किस प्रकार के उत्तरों को बेहतर अंक देते हैं। इससे परीक्षा परिणामों की गुणवत्ता में भी सुधार आने की संभावना है। विश्वविद्यालय के इस फैसले को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नवाचार के रूप में देखा जा रहा है। डीएसपीएमयू का यह कदम राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए भी एक मॉडल साबित हो सकता है। कुलपति का मानना है कि इससे विद्यार्थियों में सीखने की नई संस्कृति विकसित होगी और वे उत्कृष्ट प्रदर्शन की दिशा में अधिक प्रभावी ढंग से तैयारी कर सकेंगे।



# स्वनिधि महोत्सव में 50 लाभुकों को मिला दस लाख का ऋण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को नगर निगम सभागार में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेयर अरविंद राणा, नगर उप आयुक्त ज्योति कुमार सिंह, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, नगर निगम के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में फुटपाथ विक्रेता शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर लाभुकों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से जुड़ने, समय पर ऋण चुकाने तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि एक जून 2020 को शुरू हुई इस महत्वाकांक्षी योजना के छह वर्ष पूरे होने के अवसर पर पूरे जून माह को स्वनिधि महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। महोत्सव के




दौरान जिले के विभिन्न बैंकों की ओर से 50 से अधिक फुटपाथ विक्रेताओं को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। वहीं छोटे दुकानदारों एवं सिलाई-कढ़ाई कार्य से जुड़ी महिलाओं के बीच करीब 10 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले लाभुकों को सम्मानित करते हुए उनके उत्साहवर्धन के लिए उपहार भी प्रदान किए गए। योजना के सफल क्रियान्वयन एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र तथा पंजाब नेशनल बैंक की शाखाओं को नगर निगम की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि बैंकों के सहयोग से अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक योजना का लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर लोक कल्याण मेले का भी आयोजन किया गया। मेले के माध्यम से विभिन्न वार्डों एवं बैंक शाखाओं में विशेष शिविर लगाकर लोगों को पीएम स्वनिधि योजना की जानकारी दी गई तथा नए लाभुकों को योजना से जोड़ने का प्रयास किया गया। मेयर अरविंद राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना रेहड़ी-पटरी और फुटपाथ विक्रेताओं के लिए वरदान साबित हुई है। इससे हजारों छोटे कारोबारियों को आर्थिक संबल मिला है और वे आत्मनिर्भर बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम भविष्य में भी पात्र लाभुकों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए अभियान चलाता रहेगा। कार्यक्रम में नगर मिशन प्रबंधक, सामुदायिक संगठनकर्ता (सीओ), सीआरपी, बैंक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में फुटपाथ विक्रेता उपस्थित थे।

# मुहर्रम को लेकर उपायुक्त एवं एसपी ने किया जुलूस मार्ग का निरीक्षण

## ट्रैफिक रूट प्लान की ली जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर उपायुक्त हेमन्त सती एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के संयुक्त नेतृत्व में बुधवार को मुहर्रम जुलूस मार्ग, कर्बला स्थल एवं मेला स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने झंडा चौक, खिरगांव चौक, लोहसिंघना, मंडई कर्बला, पेलावल सहित छड़वा डैम स्थित मेला स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने संपूर्ण जुलूस मार्ग का भौतिक सत्यापन करते हुए सुरक्षा, यातायात एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि मुहर्रम के दौरान आमजनों की सुविधा के लिए आयोजन स्थल पर मेडिकल कैंप, अस्थायी शौचालय तथा पेयजल आपूर्ति हेतु टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही सभी संबंधित विभागों को निर्धारित ट्रैफिक रूट प्लान के अनुसार यातायात संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने आम नागरिकों से आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मुहर्रम पर्व मनाने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। साथ ही जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। आदित्य पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी सदर अमित कुमार अपर पुलिस अधीक्षक अभियान हजारीबाग रुपेश कुमार सिंह अनुमंडल प्लीज पदाधिकारी सदर, मो0 अरमानउल हक, पुलिस उपाधीक्षक, सीसीआर, एवं शहर के अन्य थाना प्रभारी मौजूद थे।

## एक नजर

### बरहमोरिया गांव में उत्पाद विभाग और पुलिस की संयुक्त छापेमारी, नौ हजार किलो जावा महुआ नष्ट

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उत्पाद विभाग एवं जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने बरहमोरिया गांव में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री बरामद कर नष्ट की गई छापेमारी का नेतृत्व उत्पाद विभाग और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम ने किया। अभियान में लगभग तीन दर्जन जिला पुलिस बल, उत्पाद विभाग के जवान, महिला पुलिसकर्मी, चौकीदार एवं दिगवार शामिल थे। कार्रवाई के दौरान करीब 9,000 किलोग्राम जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। साथ ही लगभग 350 लीटर जावा महुआ शराब जब्त की गई। अधिकारियों ने बताया कि बरामद सामग्री का उपयोग अवैध शराब निर्माण में किया जा रहा था अभियान में निरीक्षक श्याम कुमार महतो, अवर निरीक्षक प्रिनन, महेंद्र देवगम (उत्पाद विभाग), सहायक अवर निरीक्षक राहुल रंजन सिंह, मृत्युंजय कुमार सिंह, सुंदर लाल मंडल तथा शिव शंकर पासवान सहित अन्य अधिकारी एवं जवान शामिल थे अधिकारियों ने बताया कि मामले में उत्पाद विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। अवैध शराब कारोबार में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के खिलाफ आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा।

### भाकपा (माले) के पूर्व राज्य सचिव को दी गई श्रद्धांजलि

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा (माले) के पूर्व राज्य सचिव और लंबे समय तक पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य रहे नंदकिशोर प्रसाद उर्फ जमुना जी के श्राद्धकर्म के मौके पर मंगलवार को शहर के बंधन टोला में श्रद्वांजंलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में आरा सांसद, विधायक, पूर्व विधायक,पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओं ने उनके तैल चित्र पर पुष्प चढ़ाएं कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बिहार में पार्टी निर्माण और विस्तार के प्रमुख स्तंभों में से एक रहे। अपनी सादगी,वैचारिक प्रतिबद्धता, संगठन क्षमता और जनपक्षधरता के कारण वे पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच अत्यंत सम्मानित थे। श्रद्धाजंलि अर्पित करने वाले में भाकपा (माले) के राज्य सचिव कुणाल, पोलित ब्यूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य, पोलित ब्यूरो सदस्य अमर जी,एमएलसी शशि यादव,आरा सांसद सुदामा प्रसाद, काराकाट विधायक अरुण सिंह, डुमरांव के पूर्व विधायक डॉ.अजीत कुशवाहा, अगिआंव के पूर्व विधायक शिव प्रकाश रंजन, केन्द्रीय कमेटी सदस्य सह भोजपुर जिला सचिव अभ्युदय, पोलित ब्यूरो सदस्य मीना तिवारी, केन्द्रीय कमेटी सदस्य सह रोहतास सचिव जवाहर लाल सिंह, राज्य कमिटी सदस्य मनोहर, केन्द्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव, राज्य कमेटी सदस्य मनोहर सिंह, किसान नेता,उमेश सिंह, जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम,राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी, नगर सचिव सुधीर सिंह,जिला कमेटी सदस्य दीना जी, ऐपवा नेत्री शोभा मंडल, इंदू सिंह, कलावती देवी, वरिष्ठ माले नेत्री नीरा जी,आइसा नेता शब्बीर कुमार डॉ. बी.के.प्रसाद, डॉ. बी.के.शुक्ला, डॉ.कन्हैया सिंह, डॉ. जीवेश कुमार, डॉ.नवीन सिंह, डॉ.राजीव, रजनीश कुमार, कृष्ण कुमार (पत्रकार), राजेश्वर लाल, अमन कुमार, सर्वेश कुमार, सौरभ कुमार, नीतीन समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### नगर निगम की जागरूकता रैली में गूंजा नशामुक्ति का संदेश

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थ विरोधी जन जागरूकता अभियान के तहत नगर निगम गिरिडीह द्वारा बुधवार को भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में महापौर प्रमिला मेहरा, नगर आयुक्त विजय सिंह बीरूआ सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। महापौर प्रमिला मेहरा ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इस अभियान से जुड़ना होगा। उन्होंने महिलाओं, युवाओं और सामाजिक संगठनों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।नगर आयुक्त विजय सिंह बीरूआ ने कहा कि नशा समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। इससे आर्थिक, सामाजिक और मानसिक समस्याएं जन्म लेती हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम लगातार जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों तक यह संदेश पहुंचाने का प्रयास कर रहा है कि नशे से दूरी ही स्वस्थ और समृद्ध जीवन की कुंजी है रैली के माध्यम से नागरिकों को यह संदेश दिया गया कि सामूहिक प्रयास, जनभागीदारी और जागरूकता के बल पर ही नशामुक्त, स्वस्थ एवं विकसित समाज का निर्माण संभव है।

### मधुबन में होने वाले जिला सम्मेलन की तैयारी तेज

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले के आगामी जिला सम्मेलन की तैयारियां जिलेभर में तेज कर दी गई हैं। शहर के साथ-साथ मुफ्फसिल और पीरटांड़ क्षेत्रों में भी सम्मेलन को सफल बनाने के लिए संगठनात्मक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में मुफ्फसिल क्षेत्र के महुवाटांड़ में सम्मेलन पूर्व बैठक आयोजित कर प्रतिनिधियों का चयन किया गया बैठक में मुख्य रूप से भाकपा माले के वरिष्ठ नेता पूरन महतो, माले नेता राजेश सिन्हा तथा माले नेता एवं असंगठित मजदूर मोर्चा के कन्हाई पांडेय उपस्थित थे इस अवसर पर पूरन महतो ने कहा कि 28-29 जून को मधुबन में होने वाला जिला सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। सम्मेलन को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिनिधियों का चुनाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फासीवादी ताकतों के खिलाफ संघर्ष को और तेज किया जाएगा तथा 28 जून को आयोजित खुले सत्र में समर्थकों, शुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं और क्रांतिकारी विचारधारा से जुड़े लोगों की व्यापक भागीदारी होगी।

# नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को दिलाई गई पद एवं गोपनीयता की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग, हजारीबाग में नवनिर्वाचित छात्र संसद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, भारत माता पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हजारीबाग विभाग के विभाग प्रचारक अशुतोष कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता तथा विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार पाठक ने नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह को संबोधित करते हुए अशुतोष कुमार ने कहा कि छात्र संसद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व




और लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास का सशक्त मंच है। उन्होंने पदाधिकारियों से निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता ने कहा कि नेतृत्व का वास्तविक अर्थ सेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा में निहित है। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार पाठक ने कहा कि छात्र संसद विद्यालय के संचालन में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करती है तथा उनमें आत्मविश्वास और संगठनात्मक क्षमता का विकास करती है। कार्यक्रम के अंत में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विद्यालय, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वरिष्ठ शिक्षक मनोज कुमार पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। शांति मंत्र के पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# एचबीसीएच एंड आरसी मुजफ्फरपुर ने कैंसर मरीजों के परिजनों की मदद के लिए शुरू की नई पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** भारत सरकार के परमाणु ऊर्ज़ा विभाग से आर्थिक सहायता प्राप्त टाटा मेमोरियल सेंटर की इकाई होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र मुजफ्फरपुर के डॉक्टरों और शोधकर्ताओं की टीम ने कैंसर मरीजों की सर्जरी के बाद घर पर देखभाल करने वाले परिजनों की मदद के लिए एक नई पहल 'कैंसर केयरगिवर सपोर्ट सिस्टम विकसित की है। इस शोध के परिणाम इस महीने प्रतिष्ठित 'इंडियन जर्नल ऑफ कैंसर' में प्रकाशित हुए हैं। इस अध्ययन में यह देखा गया कि मरीजों की सर्जरी के बाद परिवार के सदस्यों को सही जानकारी और सहायता उपलब्ध कराने से मरीजों की देखभाल बेहतर हो सकती है।

इस पहल के तहत देखभाल करने वाले परिजनों को मोबाइल के माध्यम से हिंदी भाषा में जरूरी जानकारी, मरीज की देखभाल से जुड़ी पुस्तिका और व्हाट्सएप सपोर्ट ग्रुप की सुविधा दी गई। इस अध्ययन में एचबीसीएच एंड आरसी मुजफ्फरपुर में इलाज करा रहे मुंह के कैंसर (ओरल कैंसर) के 75 मरीजों और उनके परिजनों को शामिल किया गया। अध्ययन में पाया गया कि इस सहायता प्रणाली से जुड़े परिजनों में तनाव और जिम्मेदारी का बोझ कम हुआ। एचबीसीएच एंड आरसी मुजफ्फरपुर के हेड एंड नेक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग की डॉ. मेघना कुमार ने बताया, ''कैंसर की सर्जरी के बाद मरीज की रिकवरी सिर्फ अस्पताल तक सीमित नहीं रहती, बल्कि घर पर परिवार की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। रिसर्च टीम के सदस्य एसोशिएट प्रोफ़ेसर और सर्जन डॉ. बुरहानुद्दीन क़यूमी ने कहा, ''देखभाल करने वालों को घर पर उपचार की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए सशक्त बनाना बहुत ज़रूरी बात है। इस शोध टीम में टाटा मेमोरियल सेंटर के विभिन्न विभागों और संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल रहे। टीम में डॉ. मेघना कुमार, सुश्री प्रिया कुमारी, डॉ. श्रींजीता गर्ग, डॉ. सौम्या के. रॉय, डॉ. स्वाति श्रीवास्तव, डॉ. सृष्टि सालुंके, डॉ. निरंजन अज्ञात, डॉ. रतन कृष्ण, डॉ. बुरहानुद्दीन कय्यूमी, डॉ. रविकांत सिंह, डॉ. सत्यजीत प्रधान, डॉ. पंकज चतुर्वेदी और डॉ. कुमार प्रभाष शामिल रहे। शोध टीम का मानना है कि इस तरह की डिजिटल सहायता प्रणाली आने वाले समय में कैंसर मरीजों की देखभाल को और बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# हॉकी गिरिडीह संघ का गठन, खिलाड़ियों को मिलेगा नया मंच

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में हॉकी खेल को बढ़ावा देने तथा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को वार्ड संख्या-24 कोलडीहा स्थित वार्ड पार्षद कार्यालय में हॉकी गिरिडीह संघ का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हॉकी गिरिडीह के पूर्व सदस्य युगल किशोर महतो एवं वार्ड पार्षद नूरुल होदा ने संयुक्त रूप से की। बैठक में जिले के खेल प्रेमियों, खिलाड़ियों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया बैठक में सर्वसम्मति से संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित समिति में सुमित कुमार को अध्यक्ष, वीणा बर्णवाल, अजीत कुमार एवं रमेश कुमार महतो को उपाध्यक्ष, शबाना परवीन को महासचिव, मो. सहदेव, ईशा शर्मा एवं प्रीति कुमारी को संयुक्त सचिव तथा नरेश कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं खुशी सिंह, पार्थ सारथी, अली रजा एवं रणजीत यादव को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गिरिडीह में हॉकी की समृद्ध परंपरा रही है, लेकिन खिलाड़ियों को पर्याप्त संसाधन एवं अवसर नहीं मिल पाते हैं। नवगठित संघ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में हॉकी के प्रचार-प्रसार, प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान तथा उन्हें प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं में भागीदारी का अवसर उपलब्ध कराने के लिए कार्य करेगा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि संघ का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना, स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देना तथा गिरिडीह के खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संघ की नियमित बैठक प्रत्येक माह आयोजित की जाएगी। साथ ही निकट भविष्य में जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की योजना पर भी कार्य किया जाएगा अंत में सभी सदस्यों ने हॉकी गिरिडीह संघ के सफल संचालन तथा जिले में हॉकी खेल के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, गुणवत्ता और समयबद्धता करें सुनिश्चित : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में संचालित विकास योजनाओं को गति देने तथा उनके गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में तकनीकी पदाधिकारियों एवं विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में आधारभूत संरचना एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्ध निष्पादन की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा कार्यों में आ रही बाधाओं और उनके समाधान पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विकास योजनाएं केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि आम जनता की अपेक्षाओं और




सरकार की प्राथमिकताओं से जुड़ी होती हैं। इसलिए इनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने सड़क, भवन, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई एवं अन्य आधारभूत संरचना से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप कराए जाएं। उन्होंने तकनीकी पदाधिकारियों को नियमित रूप से कार्यस्थलों का निरीक्षण करने तथा गुणवत्ता पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया। बैठक में लंबित एवं धीमी गति से संचालित योजनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने संबंधित एजेंसियों को कार्य में तेजी लाने और अधूरी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि आम लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने विभागीय अधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि योजनाओं के निष्पादन में आने वाली समस्याओं की जानकारी समय पर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनका त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने नियमित फील्ड विजिट, सतत मॉनिटरिंग तथा समय-समय पर प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया उप विकास आयुक्त ने चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में अनावश्यक विलंब, लापरवाही अथवा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी एवं जिम्मेदार पदाधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में आईएएस प्रशिक्षु, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, भवन एवं विद्युत प्रमंडल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम ने योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** जिला पदाधिकारी विनोद दूहन द्वारा नरपतगंज प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, मनरेगा कार्यालय तथा सीडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों के कार्यों, उपलब्धियों एवं संचालित योजनाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में उपलब्ध अभिलेखों, लंबित मामलों, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति तथा आम लोगों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से विभागवार कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही आम जनता से जुड़े मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। साथ ही



जिलाधिकारी ने सभी संबंधितों को रोकड़ पंजी सहित अन्य पंजीयो को सही तरीके से संधारण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में संचालित योजनाओं, श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने की स्थिति एवं भुगतान संबंधी मामलों की समीक्षा की गई। वहीं अंचल कार्यालय में राजस्व वसूली, भूमि संबंधी मामलों तथा विभिन्न प्रमाण-पत्रों के निष्पादन की स्थिति का आकलन किया गया। सीडीपीओ कार्यालय में महिला एवं बाल विकास से संबंधित योजनाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन तथा पोषण कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों की कार्य उपलब्धियों एवं क्रियान्वित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के लिए नियमित मॉनिटरिंग और जवाबदेही आवश्यक है।

# संभावित बाढ़ को लेकर डीएम ने किया संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला पदाधिकारी अररिया श्री विनोद दूहन द्वारा जिले के विभिन्न संवेदनशील एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फारबिसगंज-रानीगंज सड़क मार्ग स्थित कजराधार एवं दुलारदेई नदी के स्केप क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने बाढ़ प्रमंडल, अररिया के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि संभावित बाढ़ से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने नदी तटों, कटाव प्रभावित क्षेत्रों तथा जल निकासी व्यवस्था की सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता भी बनाए रखने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी जोगबनी क्षेत्र भी पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व में बाढ़ से प्रभावित रहे चैंगाबाड़ी धार एवं टिकुलिया बस्ती का स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का आकलन किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी बातचीत कर पूर्व में आई बाढ़ के दौरान हुई समस्याओं की जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को आवश्यक सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सजग एवं तैयार है। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, संवेदनशील क्षेत्रों की नियमित निगरानी करने तथा संभावित जोखिम वाले स्थानों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा मुहर्रम

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्धजनों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अररिया जितेन्द्र कुमार भी उपस्थित थे। बैठक में मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले ताजिया जुलूसों, अखाड़ों तथा अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के शांतिपूर्ण संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित लोगों से जिलाधिकारी द्वारा सुझाव भी प्राप्त किए गए तथा सभी से आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं सौहार्द बनाए रखने में सक्रिय सहयोग की अपील की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जुलूस मार्गों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा गया कि किसी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना अथवा असामाजिक गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी तथा विधि-व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी सामाजिक एवं प्रबुद्ध जनों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति एवं सद्भाव का वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा सूचना की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी समुदायों के सहयोग से मोहर्रम पर्व आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न होगा।

# मंगरोडीह पंचायत भवन में नशा मुक्ति जागरूकता सेमिनार, महिलाओं ने लिया नशामुक्त गांव का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** राज्य सरकार द्वारा निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे राज्यव्यापी जन जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को गिरिडीह प्रखंड के मंगरोडीह पंचायत भवन में नशा मुक्ति जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय, विशेषकर महिलाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त गांव और नशामुक्त समाज के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था कार्यक्रम की शुरुआत स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं द्वारा अतिथियों के पारंपरिक स्वागत के साथ हुई। सेमिनार को संबोधित करते हुए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती ने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार और समाज दोनों की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाती हैं। यदि महिलाएं नशे के खिलाफ जागरूक होकर मजबूती से खड़ी हों, तो परिवार, गांव और समाज को नशे की बुराइयों से मुक्त किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति की आर्थिक स्थिति को कमजोर करता है, सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाता है और स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालता है। इसलिए सभी लोगों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनानी चाहिए। उन्होंने नशे के विरुद्ध सामूहिक जनभागीदारी और निरंतर जागरूकता को समय की आवश्यकता बताया कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के प्रबंधक जेवियर एक्का ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से गांव-गांव में जागरूकता फैलाने तथा नशामुक्त गांव के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की सेमिनार के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं ने नशे के कारण परिवारों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव, घरेलू कलह, आर्थिक नुकसान और सामाजिक समस्याओं पर चिंता व्यक्त की। महिलाओं ने अपने गांवों को नशामुक्त बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प भी लिया कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नशे के दुष्परिणामों पर आधारित नुक्कड़ नाटक रहा। नाटक के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का प्रभावशाली संदेश दिया गया। इसके अलावा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के एलईडी प्रचार वाहन के माध्यम से नशा मुक्ति संबंधी लघु फिल्में और जागरूकता संदेशों का प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने नशामुक्त गांव और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

# कबीर ज्ञान महायज्ञ का भव्य आयोजन 28 एवं 29 जून को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** श्री कबीर ज्ञान मंदिर में सदगुरु कबीर साहब की 628वीं जयंती के अवसर पर 28 एवं 29 जून को आयोजित होने वाले दो दिवसीय "कबीर ज्ञान महायज्ञ" की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस आध्यात्मिक महोत्सव का उद्देश्य सदगुरु कबीर साहब के दुर्लभ आध्यात्मिक ज्ञान, मानव कल्याण और समरस समाज के निर्माण के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना है। आयोजन में झारखंड के विभिन्न जिलों सहित देश के कई राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं भक्तों के शामिल होने की संभावना है आयोजन के प्रथम दिवस 28 जून को प्रातः 7 बजे भव्य धर्म जागरण शोभायात्रा निकाली जाएगी। आकर्षक झांकियों, प्रेरक नारों और कबीर साहब के जयघोष के साथ यह यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी। इसके बाद दिनभर कबीर भजनों की अमृत वर्षा तथा संत-महात्माओं के प्रवचन होंगे। संध्या सत्र में परम वंदनीय सदगुरु माँ का दिव्य उपदेश तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत "मन से संघर्ष" नाटक का मंचन किया जाएगा।दूसरे दिन 29 जून को सुबह 8 बजे से कबीर साहब की मूल वाणी 'बीजक' का सामूहिक पाठ एवं विश्व शांति महाहवन आयोजित होगा। इसके बाद सदगुरु माँ का दिव्य उद्बोधन, लोक प्राकट्य महोत्सव, दीक्षा एवं मुंडन संस्कार जैसे मांगलिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। शाम के सत्र में संतों एवं भक्तों के उद्गार, भजन-कीर्तन तथा बाल कलाकारों द्वारा भाव-नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।

## एक नजर

### पीजी एवं वोकेशनल कोर्स बंद करने के निर्णय का एबीवीपी ने किया विरोध

**गिरिडीह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के प्रदेश सह मंत्री मंटू मुर्मू ने झारखंड के महाविद्यालयों में पीजी की पढ़ाई बंद करने, सीटों में कटौती करने तथा वोकेशनल कोर्सों को बंद किए जाने संबंधी सरकारी निर्णय पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि यह फैसला राज्य के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और इससे उच्च शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा मंटू मुर्मू ने कहा कि झारखंड जैसे विकासशील राज्य में शिक्षा के अवसरों को बढ़ाने की आवश्यकता है, जबकि सरकार इसके विपरीत कदम उठा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीजी एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को बंद करने से विशेष रूप से ग्रामीण, आदिवासी एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को नुकसान होगा उन्होंने कहा कि वोकेशनल कोर्स युवाओं को कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करते हैं, जिससे उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिलते हैं। ऐसे पाठ्यक्रमों को बंद करना युवाओं के हितों के विरुद्ध है एबीवीपी नेता ने राज्य सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने और इसे अविलंब वापस लेने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने विद्यार्थियों के हित में निर्णय नहीं लिया तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूरे राज्य में चरणबद्ध आंदोलन चलाने को बाध्य होगी।

### चंदा वसूली के विवाद में युवक की मौत

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के अस्थावां थाना क्षेत्र के कोनन गांव के पास चंदा वसूली को लेकर हुए विवाद में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि कुछ युवकों ने चंदे की रकम को लेकर विवाद के बाद लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे युवक की मौत हो गई।मृतक की पहचान जहांगीरपुर निवासी चिंटू यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार चिंटू यादव अपने साथी सचिन कुमार के साथ फल लाने के लिए जहांगीरपुर से मसिदपुर जा रहा था। इसी दौरान कोनन गांव के पास कुछ युवक बाबा चैहरमल मेला के आयोजन के लिए चंदा वसूल रहे थे।आरोप है कि युवकों ने चिंटू से एक हजार रुपये चंदा मांगा। चिंटू द्वारा सहयोग राशि के रूप में 100 रुपये दिए जाने पर विवाद शुरू हो गया। परिजनों का दावा है कि इसके बाद आरोपितों ने पहले उनकी जाति पूछी और फिर लाठी-डंडे तथा लोहे की रॉड से दोनों युवकों पर हमला कर दिया।हमले में चिंटू यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं उसका साथी सचिन कुमार गंभीर रूप से घायल है और उसका इलाज चल रहा है। मृतक के शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान मिले हैं, जिन्हें परिजन बेरहमी से की गई पिटाई का प्रमाण बता रहे हैं।घटना को लेकर परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि पुलिस मामले को सड़क दुर्घटना बताकर लीपापोती करने की कोशिश कर रही है, जबकि यह स्पष्ट रूप से मारपीट और हत्या का मामला है।हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जाएगी। घटना की सच्चाई सामने आने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई तय की जाएगी।इस घटना के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश है तथा दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की जा रही है।

### सोगरा प्लस टू हाई स्कूल में एड हॉक कमिटी गठन व जांच के आदेश

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी नालंदा ने सोगरा प्लस टू हाई स्कूल के प्रबंधन एवं विद्यालय के क्रियाकलापों की जांच को लेकर सख्त कदम उठाया है। जिलाधिकारी ने पत्र संख्या 5471 के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालय की प्रबंध समिति की अवधि समाप्त होने के बाद एड हॉक कमिटी के गठन तथा विभिन्न गतिविधियों की जांच करने का निर्देश दिया है।जानकारी के अनुसार विद्यालय की प्रबंध समिति का कार्यकाल 19 अगस्त 2025 को समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद समिति के बाद संचालित कार्यों को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। विद्यालय में कथित अनियमितताओं की शिकायतें मिलने के बाद जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है।सूत्रों के अनुसार इससे पूर्व भी समिति की अवधि समाप्त होने के बाद किए जा रहे कार्यों पर आपत्ति दर्ज कराई गई थी, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण मामला लंबित रहा। अब जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए जांच प्रक्रिया तेज करने को कहा है।बताया जाता है कि विद्यालय में एड हॉक कमिटी गठन और अनियमितताओं की जांच की मांग कई सामाजिक एवं राजनीतिक नेताओं द्वारा भी पूर्व में उठाई जा चुकी है। प्रशासनिक स्तर पर जारी इस आदेश के बाद विद्यालय प्रबंधन से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच और आवश्यक कार्रवाई की उम्मीद बढ़ गई है।

### प्रत्येक सनातनी के घर में रामचरितमानस और रामायण अवश्य रहना चाहिए : आचार्य श्याम दास जी महाराज

**कौआकोल।** प्रखंड के सोखोदेवरा गांव स्थित सूर्य मंदिर परिसर में आयोजित श्री श्री 108 श्री सूर्य नारायण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के चौथे दिन श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए, वहीं शाम के समय आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रवचन के दौरान आचार्य श्याम दास जी महाराज ने कहा कि प्रत्येक सनातनी परिवार के घर में दो महान ग्रंथ रामचरितमानस और रामायण अवश्य रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि ये ग्रंथ केवल धार्मिक पुस्तकें नहीं,बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाले आदर्श ग्रंथ हैं। इनके अध्ययन से व्यक्ति के भीतर संस्कार, मर्यादा,सत्य और धर्म के प्रति आस्था मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को सनातन संस्कृति से जोड़ने के लिए घर-घर में धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन जरूरी है। भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर ही समाज में प्रेम,भाईचारा और नैतिकता कायम रह सकती है।प्रवचन के दौरान श्रद्धालु भक्तिभाव में डूबे नजर आए और पूरा यज्ञ स्थल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

# अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर खेल प्रतिभाओं ने दिखाया दम, फुटबॉल और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस 2026 के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, गिरिडीह द्वारा गिरिडीह स्टेडियम में अंडर-17 फुटबॉल प्रतियोगिता तथा इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला खेल पदाधिकारी ने गुब्बारे उड़ाकर किया तथा खिलाड़ियों को ओलंपिक मूल्यों, खेल भावना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले की आठ टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला बेंगाबाद टीम और आवासीय बालक फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र, गिरिडीह के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच निर्धारित समय तक रोमांचक और कांटे की टक्कर देखने को मिली। इसके बाद विजेता



का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें बेंगाबाद टीम ने 1-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया वहीं बैडमिंटन प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालिका अंडर-11 वर्ग में ट्विंकल कुमारी विजेता एवं स्नेहा प्रिया उपविजेता रहीं। अंडर-13 वर्ग में काश्वी कृष्णा ने प्रथम तथा श्रेया कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-15 वर्ग में काश्वी कृष्णा विजेता और राशि कुमारी उपविजेता रहीं बालक वर्ग के अंडर-11 में जिष्णु शयन विजेता एवं ध्रुव वर्मा उपविजेता रहे। अंडर-13 वर्ग में लकी केसरी ने पहला तथा सक्षम लेहरी ने दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर-15 वर्ग में रियार्थ गुप्ता विजेता और शिवम विनायक उपविजेता रहे कार्यक्रम के समापन पर सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। आयोजन की सफलता में खेल प्रशिक्षकों, खेलकर्मियों एवं जिला खेल कार्यालय के कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर आयोजित इस प्रतियोगिता ने खिलाड़ियों में खेल भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ावा देने

# विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर 28 जून को, विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम देगी सेवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** शहर के बस स्टैंड रोड स्थित मर्सी हॉस्पिटल, गिरिडीह द्वारा 28 जून 2026 (रविवार) को एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच एवं परामर्श देंगे। साथ ही शुगर एवं ब्लड प्रेशर (बी.पी.) की निःशुल्क जांच भी की जाएगी।अस्पताल प्रबंधन के अनुसार शिविर का आयोजन सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक मर्सी हॉस्पिटल परिसर में होगा। इस अवसर पर मरीजों के लिए 2डी इको एवं पीएफटी जैसी आधुनिक जांच सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। शिविर में हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, मेडिसिन, बाल रोग, दंत रोग, कान-नाक-गला, किडनी रोग, न्यूरो सर्जरी, जनरल सर्जरी, लैप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जरी सहित कई विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे शिविर में डॉ. अनुज अग्रवाल, डॉ. रोइशउद्धिन डॉ. शैलेन्द्र पांडेय, डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. विशाल शाहबादी, डॉ. विवेक डोकानिया, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. ओम केशव सिंह तथा डॉ. फाल्गुनी आचार्य समेत कई विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श करेंगे अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि शिविर के दौरान जांच एवं उपचार पर 20 प्रतिशत विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी। वहीं अस्पताल में 24×7 आईसीयू, फार्मेसी, सीटी स्कैन, पैथोलॉजी, ईसीजी, डायलिसिस, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, टीएमटी और एम्बुलेंस जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।मर्सी हॉस्पिटल प्रबंधन ने गिरिडीह एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों से इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। निःशुल्क परामर्श के लिए पंजीकरण हेतु अस्पताल के हेल्पलाइन नंबर 06532-351518 एवं 9204669284 पर संपर्क किया जा सकता है।

# स्कूल स्टेप डिलीवरी, मध्याह्न भोजन और नामांकन में अनियमितता की जांच की मांग : इरफ़ान आलम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिलाध्यक्ष इरफान आलम ने उपायुक्त गिरिडीह को आवेदन सौंपकर जिले के विद्यालयों में विभिन्न योजनाओं और प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की है उपायुक्त को दिए गए आवेदन में इरफान आलम ने आरोप लगाया है कि जिले के विद्यालयों में स्कूल स्टेप डिलीवरी का टेंडर पिछले तीन वर्षों से नहीं निकाला गया है। उन्होंने सवाल उठाया है कि विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के लिए सामग्री की आपूर्ति किसके द्वारा की जा रही है तथा टेंडर प्रक्रिया क्यों नहीं कि जा रही है। वजह क्या है उन्होंने यह भी कहा है कि मध्याह्न भोजन योजना के तहत विद्यालयों में नियुक्त एमडीएम कंप्यूटर ऑपरेटरों का वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थापन बना हुआ है। उनके अनुसार कई ऑपरेटर 10 वर्षों से अधिक समय से एक ही प्रखंड अथवा पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनका स्थानांतरण नहीं किया गया है। इसकी भी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है राजद जिलाध्यक्ष ने अपने आवेदन में वर्ष 2009 के नियमों के तहत विद्यालयों में 25 प्रतिशत आरक्षण के अंतर्गत नामांकन प्रक्रिया में भी अनियमितता का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे बच्चों का नामांकन किया गया जो आरक्षण के पात्र नहीं थे, जबकि पात्र बच्चों को लाभ से वंचित रखा गया। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है इरफान आलम ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन को मामले का संज्ञान लेकर उच्चस्तरीय जांच करानी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस विषय को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई करेगा।

# मां मंगला स्थान मंदिर के भव्य पुनर्निर्माण का शिलान्यास



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** शहर के रामचंद्रपुर स्थित प्रसिद्ध मां मंगला स्थान मंदिर के पुनर्निर्माण हेतु सनातन धर्म विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में शिलान्यास एवं भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. सुनील कुमार ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भव्य बहुमंजिला मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी।इस अवसर पर विधायक ने मां मंगला स्थान में पूजा कर मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं श्रद्धालु शामिल हुए। सनातन धर्म विकास ट्रस्ट ने मंदिर निर्माण के लिए जनसहयोग का आह्वान करते हुए चंदा प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी रखने की बात कही। इसके लिए क्यूआर कोड एवं बैंक चेक के माध्यम से सहयोग राशि जमा करने की व्यवस्था की गई है।सभा को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि उनका परिवार वर्षों से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहा है और वे भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सनातन धर्म की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। विधायक ने बताया कि शीघ्र ही इस पावन स्थल पर एक भव्य मंदिर का निर्माण होगा, जिसमें विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में आवश्यक व्यवस्थाएं भी विकसित की जाएंगी। उन्होंने भरोसा जताया कि जनता के सहयोग से भविष्य में जिले के अन्य जर्जर मंदिरों का भी पुनर्निर्माण कराया जाएगा।इस अवसर पर समाजसेवी रजनीश कुमार, अरविन्द जी,सुनील साव, राजकिशोर प्रसाद, अरूण देव साव, डा श्याम बिहारी, डा आलोक कुमार, डा चन्देश्वर प्रसाद, डा दीनानाथ वर्मा, डा बालमुकुंद, डा पवन भारती डा संध्या सिंन्हा, अधिवक्ता दिनेश प्रसाद, प्रो अमन कुमार, अध्यक्ष मंगला स्थान मंदिर प्रदुम्न साव, पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# 01 जुलाई से प्रस्तावित राजकीय डिग्री कॉलेजों के संचालन की तैयारियों का जिला पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में 01 जुलाई 2026 से प्रस्तावित राजकीय डिग्री कॉलेजों के संचालन की तैयारियों का स्थल निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने अकबरपुर प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैजुना, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कुहिला तथा गोविंदपुर प्रखंड स्थित सर्वोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुघड़ी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवनों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं, शैक्षणिक संसाधनों तथान चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने विद्यालय भवनों की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर हर हाल में 01 जुलाई 2026 से नियमित पठन-पाठन प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने



कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए महाविद्यालयों में सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान भवनों के प्लास्टर, फर्श, विद्युत वायरिंग, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पंखा, मोटर तथा अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं गुणवत्ता की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संपादित करने को कहा।उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि चयनित एजेंसी के माध्यम से हाउसकीपिंग व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए नियमित साफ-सफाई कराई जाए। निरीक्षण के क्रम में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। जिला पदाधिकारी ने कहा कि राजकीय डिग्री कॉलेजों के संचालन से जिले के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा प्राप्त करने का बेहतर अवसर उपलब्ध होगा तथा इससे शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। निरीक्षण के दौरान गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने लिया नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** राज्यव्यापी नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को गिरिडीह प्रखंड के बरमोरिया पंचायत सचिवालय में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार एवं उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों ने अतिथियों का पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार टोपी और माला पहनाकर स्वागत किया रात्रि चौपाल को संबोधित करते हुए उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। नशे की लत से पारिवारिक कलह, सामाजिक तनाव और अपराध जैसी समस्याएं बढ़ती हैं। उन्होंने लोगों से नशे से दूर



रहने तथा अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उपायुक्त ने पंचायत प्रतिनिधियों से गांव-गांव जाकर जनजागरूकता फैलाने और युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने की अपील की कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने स्थानीय भाषा में ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी। उनकी सहज और आत्मीय बातचीत से ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला और लोगों ने अभियान को सफल बनाने में सहयोग का भरोसा दिया पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती है और इसके विरुद्ध जनसहभागिता बेहद आवश्यक है। उन्होंने लोगों से नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार और सेवन की सूचना प्रशासन को देने की अपील की, ताकि इस सामाजिक बुराई पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने खोरठा भाषा में ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं से संवाद करते हुए नशा मुक्ति अभियान की आवश्यकता और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशे की लत आर्थिक, सामाजिक और मानसिक समस्याओं को जन्म देती है तथा परिवार की खुशहाली और सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करती है। उन्होंने युवाओं को शिक्षा, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया रात्रि चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, युवा और बच्चे शामिल हुए।

# पीट-पीटकर युवक की हत्या, शरीर पर मिले कई चोट के निशान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सोहसराय थाना क्षेत्र के 17 नंबर मसानी के पीछे बुधवार सुबह एक युवक का शव खेत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया ।मृतक की पहचान सलेमपुर बीच बाजार निवासी सुधीर साव के 30 वर्षीय पुत्र राजन कुमार के रूप में हुई है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार राजन मंगलवार की शाम घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार सुबह उसका शव खेत में पड़ा मिला।परिजनों ने बताया कि मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसकी बेरहमी से पिटाई की गई और बाद में हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया गया।मृतक के भाई साहिल कुमार ने आरोप लगाया कि जिस इलाके में शव मिला है, वहां आसपास शराब माफिया सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि शराब कारोबारी खेतों में शराब छिपाकर रखते हैं। आशंका है कि राजन ने उनकी गतिविधियों को देख लिया होगा, जिसके कारण उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।इधर घटना की सूचना मिलते ही सोहसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। सदर डीएसपी रामदुलार प्रसाद ने बताया कि युवक मंगलवार शाम घर से निकला था और बुधवार सुबह उसका शव बरामद किया गया। प्रथम दृष्टया मारपीट के कारण उसकी मौत होने की आशंका है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# जिले के रेलवे स्टेशन बदहाल, यात्रियों को नहीं मिल रहीं मूलभूत सुविधाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के प्रमुख रेलवे स्टेशनों बिहारशरीफ, राजगीर, इस्लामपुर और हिलसा में यात्री सुविधाओं की भारी कमी सामने आ रही है। भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को ठंडे पेयजल की सुविधा नहीं मिल रही है, जबकि कई स्थानों पर शौचालय बंद रहने से विशेषकर महिलाओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है।बिहारशरीफ जंक्शन पर प्लेटफार्मों का विस्तार तो हुआ है, लेकिन सुविधाएं अब भी पुरानी स्थिति में हैं। अधिकांश प्लेटफार्मों पर शेड और शौचालय का अभाव है। ठंडे पानी की मशीन लंबे समय से खराब पड़ी है, जबकि पानी की टंकी जर्जर होने के कारण हटा दी गई है। बिजली कटते ही पानी की आपूर्ति भी बाधित हो जाती है।राजगीर स्टेशन पर तीनों प्लेटफार्मों पर पेयजल की व्यवस्था होने के बावजूद ठंडे पानी की मशीन अक्सर खराब रहती है। यात्रियों का आरोप है कि मोटर संचालन में लापरवाही के कारण कई बार पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। वहीं, प्लेटफार्म संख्या एक पर बने अधिकांश शौचालयों में ताला लगा रहता है।इस्लामपुर स्टेशन पर प्रतिदिन हजारों यात्रियों की आवाजाही होती है, लेकिन हैंडपंप खराब पड़ा है और शौचालय भी अक्सर बंद रहता है। यात्रियों का कहना है कि इससे महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी होती है।हिलसा स्टेशन की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। टंकी के पानी की गुणवत्ता को लेकर यात्री संदेह जताते हैं। प्लेटफार्म संख्या एक के दोनों चापाकल बंद हैं और यात्रियों को दूसरे प्लेटफार्म के एकमात्र चालू चापाकल पर निर्भर रहना पड़ता है। यहां बने शौचालय भी अधिकांश समय बंद रहते हैं।यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से पेयजल, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं को शीघ्र दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

# डीईओ ऑफिस नवादा में प्रधान लिपिक रहे संजीत कुमार को मिली कार्यालय अधीक्षक में पदोन्नति

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, नवादा में प्रधान लिपिक के रूप में अपनी कार्यकुशलता और शिक्षकों के हित में त्वरित कार्यों के लिए पहचान बनाने वाले संजीत कुमार को कार्यालय अधीक्षक के पद पर पदोन्नति मिली है। वर्तमान में वे जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, गयाजी में पदस्थापित हैं और पदोन्नति के बाद वहीं कार्यालय अधीक्षक के पद पर योगदान भी कर चुके हैं। क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, मगध प्रमंडल द्वारा जारी आदेश के अनुसार उन्हें पदोन्नति के आधार पर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले वे प्रधान लिपिक के रूप में अपनी दक्षता और सरल कार्यशैली के कारण शिक्षकों एवं कर्मियों के बीच काफी लोकप्रिय रहे हैं। संजीत कुमार मूल रूप से नवादा जिले के नरहट प्रखंड अंतर्गत भीमविगहा गांव के निवासी हैं। सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहने के साथ-साथ उन्होंने शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और कार्यालयी कार्यों के शीघ्र निष्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यही कारण है कि उनकी पदोन्नति की खबर से गयाजी के शिक्षकों के साथ-साथ नवादा जिले के शिक्षक समुदाय और उनके शुभचिंतकों में भी खुशी का माहौल है।

# डीजे जब्त करने पहुंची पुलिस पर हमला

## थानाध्यक्ष सहित चार पुलिसकर्मी जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के महनार थाना क्षेत्र में मंगलवार को कानून-व्यवस्था बनाए रखने गई पुलिस टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। डीजे जब्त करने पहुंची पुलिस पर हुई इस हिंसक घटना में थानाध्यक्ष वेदानंद, सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार पांडेय समेत चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है, जबकि पुलिस हमलावरों की पहचान कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार, मोहर्रम पर्व को देखते हुए प्रशासन ने डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि महनार बाजार स्थित मिडिल स्कूल के पास डीजे लाया जा रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष वेदानंद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई करते हुए डीजे को जब्त कर लिया।

पुलिस की इस कार्रवाई के बाद वहां मौजूद लोगों की भीड़ अचानक उग्र हो गई। आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने पुलिस टीम को घेर लिया और उन पर हमला बोल दिया। हमले में थानाध्यक्ष वेदानंद, सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार पांडेय तथा दो अन्य जवान घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ ने पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। सबसे अधिक चोट सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार पांडेय को लगी, जिन्हें जमीन पर गिराकर पीटा गया। घटना के दौरान अफरा-तफरी मच गई और हमलावरों ने पुलिस की हिरासत से जब्त किए गए दोनों डीजे भी छुड़ा लिए।

घायल पुलिसकर्मियों को स्थानीय लोगों और अन्य जवानों की मदद से तत्काल महनार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

# एनकाउंटर को ले 36 बिरादरियों की बैठी महापंचायत

## मामला भरत तिवारी एनकाउंटर का




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** पुलिस के एनकाउंटर में मारे गए बिलौटी गांव निवासी भरत तिवारी को न्याय दिलाने के लिए आयोजित 36 बिरादरियों की महापंचायत में लोगों ने उनके संघर्ष और जनहित के कार्यों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि भरत तिवारी ने जवइनिया गांव के कटाव पीड़ित परिवारों की समस्याओं और उनके पुनर्वास स्थल पर बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर लगातार आवाज उठाई थी। वे विस्थापित परिवारों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे थे।

महापंचायत में शामिल लोगों ने मांग की कि जिस स्थान पर जवइनिया गांव के कटाव पीड़ितों का पुनर्वास किया जा रहा है, उस मोहल्ले का नाम भरत तिवारी के नाम पर रखा जाए। वक्ताओं ने कहा कि इससे उनके सामाजिक संघर्ष और जनसेवा की भावना को स्थायी पहचान मिलेगी।

लोगों का कहना था कि कटाव पीड़ितों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाले भरत तिवारी के सम्मान में यह सबसे बड़ी और सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

महापंचायत में उपस्थित लोगों ने सरकार और प्रशासन से इस मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए पुनर्वास कॉलोनी का नाम 'भरत तिवारी नगर' रखने की पहल करने की अपील की। इससे आने वाली पीढ़ियां भी उनके संघर्ष और समाज के प्रति समर्पण को याद रख सकेंगी।

भरत तिवारी एनकाउंटर को लेकर बिलौटी गांव में आयोजित महापंचायत में उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैद नजर आया। महापंचायत में हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था।

सुरक्षा व्यवस्था के तहत आधा दर्जन से अधिक एसडीपीओ रैंक के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। वहीं 300 से अधिक महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।

इसके अलावा कारनामेपुर, बहोरनपुर, जगदीशपुर, बिहिया, चांदी तथा धोबहां थानों की पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था में लगी रही। साथ ही सादे कपड़ों में भी पुलिस तैनात रही।

महापंचायत को लेकर मंगलवार की देर रात से ही पुलिस द्वारा कार्यक्रम स्थल और उसके आसपास के क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जा रही थी। बुधवार सुबह होते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर मोर्चा संभाल लिया और पूरे क्षेत्र की गतिविधियों पर नजर रखी। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की गाड़ियां भी गश्ती दल के साथ लगातार क्षेत्र का भ्रमण करती रहीं।

प्रशासन का उद्देश्य महापंचायत को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक नहीं होने देना था। अधिकारियों द्वारा पूरे कार्यक्रम के दौरान पल-पल की जानकारी लेकर स्थिति पर नजर रखी जाती रही।

# पांच बच्चियां डूबीं

## एक की लाश बरामद, अन्य की तलाश जारी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंगेर।** जिले के श्यामपुर गंगा घाट पर बुधवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। गंगा स्नान के दौरान पांच बच्चियां अचानक गहरे पानी और तेज बहाव की चपेट में आ गईं। हादसे के बाद घाट पर अफरातफरी मच गई और परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई। देर शाम तक एक बच्ची का शव बरामद कर लिया गया, जबकि अन्य लापता बच्चियों की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार, वासुदेवपुर थाना क्षेत्र निवासी क्रांति पासवान की चार पुत्रियां- संगीता कुमारी, विनीता कुमारी, संध्या कुमारी और सोनाली कुमारी तथा चानो पासवान की पुत्री हीना कुमारी श्यामपुर गंगा घाट पर स्नान करने गई थीं। स्नान के दौरान सभी बच्चियां अचानक गहरे पानी में चली गईं और तेज धारा में बहने लगीं। घाट पर मौजूद लोगों ने बच्चियों को बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज बहाव के कारण उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस और प्रशासन को जानकारी दी।

सूचना मिलने पर वासुदेवपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। जिलाधिकारी के निर्देश पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा जिला गोताखोरों की टीमों को तत्काल घटनास्थल पर भेजा गया। गंगा नदी में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। प्रशासन ने देर शाम एक बच्ची का शव बरामद होने की पुष्टि की है। वहीं अन्य लापता बच्चियों की तलाश युद्धस्तर पर जारी है। बचाव दल नदी के विभिन्न हिस्सों में खोजबीन कर रहे हैं।

हादसे के बाद श्यामपुर और आसपास के गांवों में मातम का माहौल है। परिजन गंगा घाट पर डटे हुए हैं और अपनी बच्चियों के सुरक्षित मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और राहत-बचाव अभियान को और तेज कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि जब तक सभी बच्चियों का पता नहीं चल जाता, तब तक सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा।

# पीट-पीटकर मछुआरे की हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खगड़िया।** जिले से कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कोठिया मधुआ घाट पर बदमाशों ने कथित रूप से रंगदारी में मुफ्त मछली नहीं मिलने से नाराज होकर एक मछुआरे की पीट-पीटकर हत्या कर दी। हमले में उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

मृतक की पहचान 40 वर्षीय रामबालक सहनी के रूप में हुई है, जबकि घायल मछुआरे का नाम दामोदर सहनी बताया गया है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

परिजनों के अनुसार, रामबालक सहनी और दामोदर सहनी मंगलवार को नाव से बूढ़ी गंडक नदी में मछली पकड़ने गए थे। इसी दौरान कुछ युवक वहां पहुंचे और रंगदारी के तौर पर मुफ्त मछली की मांग करने लगे। उस समय दोनों मछुआरों के पास मछली नहीं थी, जिसके बाद आरोपी वहां से चले गए।

घायल दामोदर सहनी ने बताया कि कुछ देर बाद तीन बदमाश दोबारा हथियारों के साथ लौटे। उन्होंने नाव को जबरन किनारे लगवाया और फिर नाव की पतवार तथा बांस के बल्लों से दोनों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में रामबालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दामोदर भी बुरी तरह जख्मी हो गया। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान नदी किनारे झाड़ियों में रामबालक सहनी का शव मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में मातम छा गया। मृतक की पत्नी जयवंती देवी और बेटी प्रीति कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने आरोप लगाया कि नदी क्षेत्र में सक्रिय कुछ असामाजिक तत्व अक्सर मछुआरों को डरा-धमकाकर मुफ्त में मछली ले जाते हैं। इस बार विरोध करने की कीमत रामबालक को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी।

घटना की सूचना पर सदर एसडीपीओ-1 मुकुल कुमार रंजन अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

# हादसे में चार की गयी जानें

**मोतिहारी।** सुगौली थाना क्षेत्र के छपवा-बेतिया मुख्य मार्ग पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी और चीख-पुकार का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की तत्परता और पुलिस के सहयोग से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कई की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छपवा की ओर से यात्रियों को लेकर जा रहा एक टेंपू जब नयका टोला के समीप पहुंचा, तभी बेतिया की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक पिकअप वाहन से उसकी आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपू पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद टेंपू में सवार कई लोग वाहन के अंदर फंस गए थे। स्थानीय ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला और तत्काल पुलिस तथा एंबुलेंस को सूचना दी।

# पुलिस टीम पर हमले की प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मधुबनी।** नगर थाना क्षेत्र के पुरानी बस स्टैंड मोहल्ले में देर रात छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर हमला करने और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में नगर थाना के थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर मनोज कुमार के लिखित बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पुरानी बस स्टैंड निवासी अर्जुन मंडल अपने कुछ सहयोगियों के साथ आगामी मुहर्रम के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने की योजना बना रहा है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस टीम रात करीब 11 बजे अर्जुन मंडल के घर पहुंची।

पुलिस के अनुसार, दरवाजा खुलवाने के बाद अर्जुन मंडल और उसके परिजनों ने छापेमारी का विरोध करते हुए पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान घर में मौजूद अन्य लोग भी पुलिस कार्रवाई का विरोध करने लगे। पुलिस ने बताया कि अर्जुन मंडल के मुंह से शराब की गंध आ रही थी। जब उसे शराब जांच के लिए थाना चलने को कहा गया तो उसने अपने भाई, पत्नी और अन्य परिजनों के साथ मिलकर विरोध शुरू कर दिया।

## आग से अफरातफरी

**पूर्णिया।** सिपाही भर्ती परीक्षा शुरू होने से ठीक पहले पूर्णिया जिले के जिला स्कूल स्थित परीक्षा केंद्र से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। परीक्षा शुरू होने के कुछ ही समय पूर्व शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। इस घटना के बाद परीक्षा केंद्र परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी और हड़कंप का माहौल बन गया। हालांकि, केंद्र पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मियों की सूझबूझ व तत्परता से समय रहते आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया, जिससे एक बहुत बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार, जिला स्कूल के प्रांगण हॉल में सिपाही भर्ती परीक्षा के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई थीं।

# घाटों पर उमड़े श्रद्धालु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** प्रसिद्ध रामरेखा घाट पर बुधवार तड़के से ही आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। घाट के पुजारियों के अनुसार, आद्रा नक्षत्र के अवसर पर 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में स्नान किया। बड़ी संख्या में लोग मुंडन संस्कार कराने के लिए भी घाट पहुंचे।

पंडित धनजी तिवारी ने कहा कि गुरुवार को पड़ने वाली भीमसेनी निर्जला एकादशी के कारण गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना है।ज्योतिषाचार्य नरोत्तम द्विवेदी ने बताया कि ग्रहों के राजा सूर्य 22 जून की रात 8:27 बजे मृगशिरा नक्षत्र से निकलकर राहु के स्वामित्व वाले आद्रा नक्षत्र में प्रवेश कर चुके हैं। सूर्य का यह गोचर छह जुलाई तक रहेगा। ज्योतिष एवं कृषि की दृष्टि से आद्रा नक्षत्र को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसे मानसून के आगमन का संकेतक माना जाता है।

उन्होंने बताया कि पंचांग के अनुसार जून के अंतिम दिनों तथा जुलाई के प्रथम सप्ताह में वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है। परंपरागत मान्यताओं के अनुसार, आद्रा नक्षत्र के प्रारंभिक तीन-चार दिनों तक धरती को 'रजस्वला' अवस्था में माना जाता है, इसलिए किसान इस अवधि के बाद ही खेतों की जुताई शुरू करते हैं।

कोच-बकसड़ा गांव के किसान बांके बिहारी मिश्र ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी इस परंपरा का पालन किया जाता है। वहीं, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. देवकरण ने बताया कि जिले में 26 और 27 जून को क्रमशः आठ और छह मिलीमीटर वर्षा होने की संभावना है। हालांकि इस दौरान तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बने रहने का अनुमान है।

भीमसेनी निर्जला एकादशी व्रत गुरुवार को रखा जाएगा। आचार्यों के अनुसार, इस व्रत का फल वर्ष भर की सभी 24 एकादशियों के व्रत के बराबर माना गया है। एकादशी तिथि बुधवार रात्रि से प्रारंभ होकर गुरुवार रात 9:14 बजे तक रहेगी। श्रद्धालु गुरुवार को व्रत रखकर शुक्रवार को सूर्योदय के बाद सुविधानुसार पारण कर सकते हैं।

## खेत से शव बरामद

**बिहारशरीफ।** सोहसराय थाना क्षेत्र के 17 नंबर मसानी के पीछे बुधवार सुबह एक युवक का शव खेत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान सलेमपुर बीच बाजार निवासी सुधीर साव के 30 वर्षीय पुत्र राजन कुमार के रूप में हुई है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार राजन मंगलवार की शाम घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार सुबह उसका शव खेत में पड़ा मिला। परिजनों ने बताया कि मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसकी बेरहमी से पिटाई की गई और बाद में हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया गया।

मृतक के भाई साहिल कुमार ने आरोप लगाया कि जिस इलाके में शव मिला है, वहां आसपास शराब माफिया सक्रिय हैं।

# मां तारा जागरण महोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## महाप्रसाद वितरण के एक वर्ष पूर्ण होने पर भव्य आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** प्रखंड अंतर्गत केसपा ग्राम स्थित माँ तारा देवी मंदिर प्रांगण में माँ तारा सामाजिक उत्थान समिति के तत्वावधान में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भव्य माँ तारा जागरण महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ तारा देवी की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

महोत्सव का उद्घाटन पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार, अतरी विधायक रोमित कुमार, पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, डॉ. मृत्युंजय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अमिताभ कुमार, राधेश्याम सिंह, आर्चाय सुकेश शर्मा एवं अशोक शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया। आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं माँ तारा देवी का तैलीय चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा ने कहा कि मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन महाप्रसाद की व्यवस्था की जानी चाहिए।

सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कहा कि विगत वर्ष चैत्र नवरात्र के दौरान माँ तारा देवी महोत्सव का आयोजन हुआ था, जबकि इस वर्ष विभाग द्वारा शारदीय नवरात्र में आयोजन का निर्णय लिया गया है। उन्होंने दोनों नवरात्रों के दौरान महोत्सव आयोजित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि वसंतीय नवरात्र के समय फसल कट जाने के कारण आयोजन हेतु पर्याप्त भूमि उपलब्ध रहती है।

अतरी विधायक रोमित कुमार ने कहा कि भारतीय धर्म और परंपराओं का प्रचार धार्मिक एवं वैज्ञानिक दोनों दृष्टिकोणों से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी अधिकांश परंपराएं वैज्ञानिक आधार पर निर्मित हैं।

वहीं पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि उन्होंने स्वयं वसंतीय नवरात्र के स्थान पर शारदीय नवरात्र में महोत्सव आयोजित करने के लिए पत्र लिखा था। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सोलहदाम तटबंध की मरम्मत का कार्य इसी वर्ष प्रारंभ किया जाएगा।

राजनीतिक मंच का संचालन शिक्षक रिंटू कुमार ने किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत गायक मनीष कुमार की प्रस्तुति से हुई। कलाकार अभिषेक कुमार ने अपनी भक्तिमय गायकी से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं स्थानीय कलाकार किशोरी राधा रमण ,राज रतन एवं जागृति मिश्रा की ने भी शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी।

आयोजन समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी कुंदन प्रवीण, लोजपा नेता कमलेश शर्मा, भाजपा नेता मुकेश शर्मा, पूर्व प्रमुख राकेश शर्मा, मिथलेश सिंह, प्रमोद कुमार , पैक्स अध्यक्ष सुबोध शर्मा, देवेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में उपस्थित लोगों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजक श्याम कृष्णा उर्फ रिंटू, धीरज शर्मा एवं अशोक शर्मा को साधुवाद दिया।

# वेतन की मांग को ले फ्लिपकार्ट के कर्मियों ने किया प्रदर्शन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच 22, काजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत धोवघटी स्थित फ्लिपकार्ट कंपनी के कर्मियों ने बुधवार को वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर कंपनी गेट के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कर्मियों का कहना है कि वे पिछले कई सालों से कंपनी में काम कर रहे हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं की जा रही है। महंगाई काफी बढ़ चुकी है, लेकिन उसके हिसाब से वेतन नहीं मिल रहा है। उन्होंने सरकार द्वारा कामगारों के लिए की गई घोषणाओं के अनुसार वेतन देने की मांग की। कर्मियों ने बताया कि महंगाई इतनी बढ़ गई है कि कम वेतन में परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने वेतन 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये करने की मांग की।

कर्मियों का कहना है कि कंपनी में सभी का वेतन अलग-अलग है, जिसे तत्काल बढ़ाया जाए ताकि वे अपने बच्चों का भरण-पोषण आसानी से कर सकें।

कंपनी के कर्मियों ने बताया कि अंदर कंपनी के द्वारा दी जाने वाली खाद्य सामग्री में धांधली की जाती है,प्रदर्शन की सूचना पर कंपनी अधिकारी और काजीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने कर्मियों से बातचीत की।

## मानसून की बेरूखी से किसान चिंतित

**मुजफ्फरपुर।** उत्तर बिहार में मानसून सक्रिय नहीं हो पा रहा है। आने वाले तीन से चार दिनों में भी मौसम में अधिक बदलाव की उम्मीद नहीं है। अगले कुछ दिनों में उत्तर बिहार के अधिकांश स्थानों में आमतौर पर मौसम शुष्क रहने की संभावना है। जिले में मानसून की अच्छी बारिश का इंतजार बढ़ जाएगा। कई जिलों में छिट - पुट वर्षा हो सकती है। 28 और 29 जून को बेगूसराय, समस्तीपुर, मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी एवं पश्चिमी चम्पारण जिलों में मेघगर्जन एवं वज्रपात के साथ अनेक स्थानों पर अच्छी वर्षा होने का अनुमान है।

# सगे भाइयों पर दबंगों ने किया तलवार से हमला

## मोटरसाइकिल और सोने की चेन छीना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** झाझा थाना क्षेत्र के खैरन गांव में बुधवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। अपनी बहन के घर पूजा देखने और प्रसाद खाने पहुंचे दो सगे भाइयों पर गांव के ही आधा दर्जन दबंगों ने तलवार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

इस जानलेवा हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हमलावर इतने पर ही नहीं रुके, उन्होंने पीड़ितों की मोटरसाइकिल और गले से सोने की चेन भी छीन ली। दोनों भाई किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागे, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

घायलों की पहचान सबेजोर गांव निवासी छटंकी यादव और जोगियाटीलहा गांव निवासी सदानंद यादव के रूप में हुई है। पीड़ितों ने बताया कि खैरन गांव में उनकी बहन मंजू देवी की शादी डोमन यादव से हुई है। बहन ने घर पर विशेष पूजा का आयोजन किया था और प्रसाद खाने के लिए भाइयों को बुलाया था।

बुधवार की सुबह जब दोनों भाई अपने दो सहयोगियों के साथ बैठकर नाश्ता कर रहे थे, तभी गांव के ही बहादुर यादव, उनके बेटों और अन्य सहयोगियों ने पीछे से तलवार लेकर हमला बोल दिया।

पीड़ितों के अनुसार, हमलावरों का उनकी बहन के ससुराल वालों के साथ पुराना विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के तहत इस खूनी वारदात को अंजाम दिया गया। तलवारबाजी करने के बाद आरोपियों ने बहन मंजू देवी के घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की और घर का सामान तहस-नहस कर दिया। इससे पहले मंगलवार की शाम को भी आरोपियों ने पीड़ितों के भांजे के साथ मारपीट की थी। हालांकि, ग्रामीणों के अनुसार घटना के दौरान पीड़ित पक्ष की ओर से भी आरोपियों के साथ हाथापाई की बात सामने आई है।

## गिरफ्त से दो फरार

**मुंगेर।** अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार दो तस्कर बुधवार को कोर्ट ले जाने के दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। हालांकि, एक आरोपित को पुलिसकर्मियों ने खदेड़कर दबोच लिया। वहीं दूसरा भाग निकला।

इस घटना से हड़कंप मच गया है। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। मुफस्सिल थाने की पुलिस ने मंगलवार की सुबह एक ट्रक से 800 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की थी। इस मामले में दो तस्करों मु. सोनू और मु. मज्जम को गिरफ्तार किया गया था। दोनों पूर्णिया जिले के कस्बा थाना क्षेत्र के वालसर गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। गिरफ्तारी के बाद बुधवार को दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में कोर्ट ले जाया जा रहा था। दो चौकीदारों की निगरानी में दोनों को पहले एसपी कार्यालय स्थित नाफिस शाखा में फोटो खिंचवाने के लिए लाया गया। फोटो खिंचवाने के बाद जब दोनों को कोर्ट ले जाया जा रहा था, तभी दोनों ने हथकड़ी से हाथ निकाल लिया और अलग-अलग दिशा में भागने लगे। दोनों चौकीदारों के साथ एसपी कार्यालय और कोर्ट परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्काल दोनों का पीछा किया।

# बेहोश मिला ट्रेन यात्री, पहुंचाया गया सीएचसी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के छपरा-सिवान रेलखंड स्थित एकमा रेलवे स्टेशन पर सोमवार की शाम छपरा से मऊ जा रही पैसेंजर ट्रेन में एक अज्ञात युवक बेहोशी की हालत में मिला। रेलवे कंट्रोल से एकमा स्टेशन मास्टर द्वारा सूचना मिलने के बाद एकमा स्टेशन पर तैनात आरपीएफ एवं जीआरपी ने तत्परता दिखाते हुए युवक को ट्रेन से उतारकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा पहुंचाया।

उपचार के दौरान सीएचसी में रेलवे पुलिस बल द्वारा बताया गया कि ट्रेन संख्या 55101 छपरा कचहरी-मऊ पैसेंजर से शाम करीब 5:13 बजे लगभग 20 वर्षीय अज्ञात युवक को एकमा स्टेशन पर उतारा गया। युवक बेहोशी की अवस्था में था और उसकी हालत चिंताजनक प्रतीत हो रही थी। सूचना मिलते ही आरपीएफ कांस्टेबल वृजेश कुमार यादव, वकील प्रसाद तथा जीआरपी कांस्टेबल ललन कुमार ने संयुक्त रूप से युवक को सुरक्षित ट्रेन से उतारकर तत्काल एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

जहां डॉ. आयुष्मान कुमार ने युवक का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सक के अनुसार युवक तेज बुखार और अचेतावस्था से पीड़ित था। लगभग दो घंटे तक चले उपचार और निगरानी के बाद उसका बुखार कम हुआ तथा उसे होश आ गया। हालांकि होश में आने के बावजूद युवक अपनी पहचान, घर-परिवार या अन्य कोई जानकारी स्पष्ट रूप से कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं था। पुलिस द्वारा युवक की तलाशी ली गई, लेकिन उसके पास से कोई मोबाइल फोन, पहचान पत्र, आधार कार्ड अथवा अन्य दस्तावेज बरामद नहीं हुआ, जिससे उसकी पहचान स्थापित की जा सके। इस कारण उसके परिजनों तक सूचना पहुंचाने में पुलिस को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि युवक किसी नशीले पदार्थ के प्रभाव में हो सकता है।

# राजद-लोजपा पारस गुट में बड़ी सेंध, सैकड़ों नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

## बिहार की जनता अब विकास, स्थिरता और मजबूत नेतृत्व के साथ खड़ी है : डॉ. दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित भव्य मिलन समारोह में सारण और सिवान की राजनीति से जुड़े कई प्रभावशाली चेहरों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष व राजद नेत्री लीलावती गिरी, लोजपा (पारस) गुट के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल, छात्र लोजपा (पारस) गुट के राहुल यादव सहित सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामकर पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपनी आस्था व्यक्त की। समारोह में बिहार सरकार के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मंगल पांडेय ने सभी नवागंतुकों को पार्टी की सदस्यता दिलाई और उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह मंत्री दिलीप जायसवाल और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मंगल पांडेय ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा आज देश की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक शक्ति बनकर उभरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्रीय गौरव के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। यही कारण है कि समाज के हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर राजनीतिक पृष्ठभूमि से लोग भाजपा की नीतियों पर भरोसा जता रहे हैं। मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि सिवान और सारण की धरती ऐतिहासिक, वैचारिक और राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण रही है। यह जननायक डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसी महान विभूतियों की कर्मभूमि रही है। ऐसे क्षेत्र से बड़ी संख्या में नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं का भाजपा से जुड़ना इस बात का संकेत है कि जनता अब विकास, स्थिरता और मजबूत नेतृत्व के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्ग के लिए जो काम किए हैं, उसी पर विश्वास जताते हुए लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। पूर्व मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि सारण और सिवान में भाजपा का यह विस्तार केवल संगठनात्मक मजबूती नहीं, बल्कि जनता के बदलते विश्वास का भी प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इन क्षेत्रों में भाजपा और अधिक मजबूती से उभरेगी तथा विपक्ष के पास जनता के बीच कहने-सुनने के लिए बहुत कम बचेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले सभी साथियों का सम्मान और योगदान संगठन में पूरी गंभीरता से सुनिश्चित किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल ने किया। समारोह में दरौंदा विधायक कर्णजीत सिंह व्यास, सिवान जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी प्रभात मालाकार, कार्यालय मंत्री विनय केसरी सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष लीलावती गिरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल, छात्र नेता राहुल यादव, पूर्व प्रमुख कृष्णा पांडेय (सिवान सदर), पूर्व प्रमुख बिनोद सिंह (रघुनाथपुर), चिकित्सक डॉ. धीरन कुमार, चिकित्सक डॉ. अनिता, मुखिया मिंटू तिवारी (पपऊर, पचरुखी), मुखिया संतोष यादव (बरहन गोपाल, सिवान सदर), मुखिया उपेंद्र यादव (बाघड़ा, सिवान सदर), राजद वरिष्ठ नेता रंजीत यादव, पूर्व मुखिया मुन्नापाल (पकड़ी पंचायत, बड़हरिया), इंद्रपाल मेहता (बिंदुसार), राजद नेता बलिस्टर कुशवाहा (गुठनी), युवा राजद नेता मूर्ति पासवान (महादेवा), समाजसेवी रश्मि कुमारी तथा समाजसेवी रोमी कुमारी समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न दलों के नेता शामिल हैं। भाजपा नेताओं ने विश्वास जताया कि इन सभी साथियों के पार्टी में आने से सारण और सिवान में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और आगामी राजनीतिक लड़ाई में भाजपा और अधिक मजबूती के साथ जनता के बीच जाएगी।

# समस्तीपुर के '24 अवतार धाम में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सह विष्णु महायज्ञ में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज समस्तीपुर जिले के खानपुर प्रखंड स्थित चकोटी मठ के प्रसिद्ध '24 अवतार धाम पहुंचे जहां उन्होंने भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव-सह-विष्णु महायज्ञ एवं संत महाकुंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री महाविष्णु के 24 अवतारों तथा अन्य विग्रहों की विधिवत पूजा-अर्चना की और राज्य की सुख-शांति, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने चकोटी मठ परिसर में स्थापित श्री महाविष्णु जी के '24 अवतार धाम का शिलापट्ट अनावरण कर उसका लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित संत-महात्माओं, धार्मिक गुरुओं एवं श्रद्धालुओं का अभिवादन करते हुए कहा कि चकोटी मठ का यह '24 अवतार धाम आनेवाले समय में देशभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था और आयात्मिक चेतना का प्रमुख केंद्र बनेगा। धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्द्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा सामाजिक समरसता, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण को मजबूत बनाते हैं। चकोटी मठ पहुंचने पर मुख्यमंत्री का श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर राम सेवक दास शास्त्री जी महाराज ने फूलों की विशाल माला एवं पाग पहनाकर अभिनंदन किया। वहीं समस्तीपुर की सांसद शांभवी चौधरी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मठ के सेवादारों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने मखाना माला, अंगवस्त्र एवं पुष्प-गुच्छ भेंटकर पारंपरिक तरीके से उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत, परिवहन मंत्री दामोदर रावत, सांसद शांभवी चौधरी, पूर्व मंत्री सह विधायक महेश्वर हजारी, विधायक राजेश कुमार सिंह, विधायक अश्वमेघ देवी, अन्य जनप्रतिनिधिगण, दरभंगा प्रमण्डल के आयुक्त हिमांशु कुमार राय, दरभंगा प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज तिवारी, समस्तीपुर के जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा सहित अन्य अधिकारीगण, संत-महात्मा, श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# बी. डी. कॉलेज अनुशासन, गुणवत्ता के पथ पर अग्रसर : प्राचार्य प्रो. डा. दिवाकर प्रसाद

## आगामी परीक्षाएं पूर्ण अनुशासन और कदाचार मुक्त संपन्न होगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद की अध्यक्षता में शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया। प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि आगामी परीक्षाएं पूर्ण अनुशासन और कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न होगी और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया।

अपने वक्तव्य में उन्होंने रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय के प्राचार्य रहते हुए प्राप्त उपलब्धियों और वहां अपनाई गई रणनीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वही अनुभव बी. डी. कॉलेज की प्रगति में सहायक होगा। उन्होंने यह भी कहा कि एनएएसी मान्यता उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए समय पर कक्षाएं संचालित होंगी तथा शिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों ने अपना परिचय दिया और अपनी समस्याओं से प्राचार्य को अवगत कराया। प्राचार्य ने विश्वास जताया कि शिक्षक और प्रशासन के सामूहिक प्रयासों से महाविद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा छात्र हित और शिक्षक हित दोनों की रक्षा होगी। इस बैठक ने महाविद्यालय के लिए एक नई दिशा का संकेत दिया है जिसमें अनुशासन, गुणवत्ता और उत्कृष्टता को केंद्र में रखकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया है।

# राज्यपाल ने किया प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत फूड बास्केट का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने 51 टीबी रोगियों को बिहार लोक भवन में फूड बास्केट का वितरण किया। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नि-क्षय मित्र के रुप में इन मरीजों को गोद लिया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने टीबी के मरीजों को नियमित रूप से दवा और पोषक आहार लेने को कहा। उन्होंने कहा कि दवा के लगातार सेवन तथा अपनी संकल्प शक्ति से वे टीबी से मुक्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि वे इलाज के दौरान अथवा चिकित्सक के सलाह के बिना दवा लेना बंद नहीं करें। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण, फूड बास्केट प्राप्त करनेवाले टीबी के मरीज तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

# महाप्रबंधक ने किया पटना-बख्तियारपुर-तिलैया-कोडरमा रेलखंड का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा पटना-बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया-बंधुआ-कोडरमा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओएचई प्रणाली, पथ-रचना तथा ट्रैक की संरक्षा एवं मजबूती का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोडरमा स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन नए स्टेशन भवन एवं विकसित की जा रही यात्री सुविधाओं का जायजा लिया तथा कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इसके उपरांत गझंडी-गुरपा रेलखंड के मध्य स्थित तीनों सुरंगों (टनलों) से कोयला से लदे बीओबीआरएन रेक का सफलतापूर्वक परिचालन कराया गया। इस महत्वपूर्ण परिचालन के दौरान महाप्रबंधक स्वयं इंजन में उपस्थित रहे तथा संपूर्ण प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस फूट प्लेट निरीक्षण के दौरान प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक इंदु रानी दुबे एवं धनबाद के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र सहित अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। इस घाट सेक्शन में बीओबीआर रेक के परिचालन प्रारंभ करने के उद्देश्य से इस टनल का रीडिजाइन और डाइमेंशन बढ़ाने का चुनौतीपूर्ण कार्य किया जा रहा है। पिछले महीने ही महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन में डाउन लाइन में खाली बीओबीआर रेक के परिचालन के ट्रायल का निरीक्षण किया गया था। चुनौतीपूर्ण गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन में बीओबीआर रेक से परिचालन प्रारंभ हो जाने से बाढ़ एवं बरौनी एन.टी.पी.सी प्लांट्स के लिए वैगन टर्नराउंड में सुधार होगा तथा रेक की उपलब्धता बढ़ जाने से ज्यादा लोडिंग संभव हो पाएगा। निरीक्षण के अंत में महाप्रबंधक गया जं. पहुंचे जहां उन्होंने गया जं. पर चल रहे स्टेशन पुनर्विकास से संबंधित कार्यों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुनर्विकसित स्टेशन भवन आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत एवं आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा। गया जं. के निरीक्षण के दौरान पं.दीन दयाल उपाध्याय जं. के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# खाद्यान्न वितरण में लापरवाही एवं अनियमितता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी : सचिव दीपक आनंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव दीपक आनंद की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जिलों के जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पणन पदाधिकारी एवं आपूर्ति निरीक्षक शामिल हुए। बैठक में खाद्यान्न वितरण, राशन कार्ड निर्माण के लंबित आवेदनों, संदिग्ध राशन कार्डों की जांच, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों की रिक्तियों तथा अन्य विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। सचिव ने सभी जिलों को स्पष्ट निर्देश दिया कि खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की देरी, लापरवाही अथवा अनियमितता की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। सभी पात्र लाभुकों को समय पर, निर्धारित मात्रा में एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की पारदर्शिता एवं जवाबदेही से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सभी जिलों में विशेष अभियान चलाकर जन वितरण प्रणाली दुकानों का सघन निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी स्तर पर कालाबाजारी, कम तौल, अनियमित वितरण, अथवा अन्य किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता के विरुद्ध तत्काल नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। राशन कार्ड निर्माण से संबंधित लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया वहीं संदिग्ध राशन कार्डों की जांच में तेजी लाकर अपात्र लाभुकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया। जन वितरण प्रणाली दुकानों की रिक्तियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर भरने एवं जन शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# बिहार के सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में बीटेक प्रवेश के लिए अंडर ग्रेजुएट इंजीनियरिंग एडमिशन काउंसलिंग (यूजीईएसी)-2026 के तहत ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया 23 जून 2026 से शुरू हो गई है। बीटेक में प्रवेश लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए सूचना जारी की है। पर्षद के अनुसार, जेईई (मेन)-2026 के ऑल इंडिया रैंक के आधार पर तैयार की गई यूजीईएसी-2026 मेरिट लिस्ट के अनुसार पात्र अभ्यर्थियों का रैंक कार्ड पर्षद की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। अभ्यर्थी अपना यूजीईएसी आईडी और जन्म तिथि दर्ज करके रैंक कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। ऑनलाइन चॉइस फिलिंग 26 जून से शुरू हो रही है, चॉइस फिलिंग एवं लॉकिंग की अंतिम तिथि 1 जुलाई निर्धारित है।

# भाजपा क्रीड़ा ने राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी और बिहार के पूर्व कप्तान दीपक कुमार सिन्हा को दिया सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी दीपक कुमार सिन्हा के निवास स्थान नसरीगंज, मिथिला कॉलोनी जाकर उन्हें अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। दीपक कुमार सिन्हा खेल जगत की एक जानी-मानी शख्सियत हैं जिन्होंने फुटबॉल के मैदान पर बिहार और देश का नाम रोशन किया है। वे दो बार बिहार फुटबॉल टीम के कप्तान रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने सात बार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बिहार का प्रतिनिधित्व किया है। दीपक कुमार सिन्हा देश के प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लब 'मोहन बागान' (कोलकाता) की तरफ से भी खेल चुके हैं। इस अवसर पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ संयोजक सतीश कुमार 'राजू' ने कहा कि दीपक कुमार सिन्हा जैसे खिलाड़ी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके अनुभव और खेल के प्रति समर्पण का लाभ राज्य के उभरते हुए खिलाड़ियों को मिलना चाहिए। सरकार और पार्टी हमेशा खेल और खिलाड़ियों के सम्मान के लिए तत्पर है। उक्त सम्मान समारोह के दौरान भाजपा क्रीड़ा के सह-संयोजक राजेश कुमार यादव, विकाश कुमार गोल्डी, विकास सिंह, मोहित कुमार श्रीवास्तव एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। खिलाड़ी का सम्मान कार्यक्रम के समापन के अवसर पर कल अपराहन 04 बजे राजीव नगर में बिहार के वरीय क्रिकेट खिलाड़ी एवं कोच देवकीनंदन दास को सम्मानित किया जायेगा ।

# बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के नए कार्यालय भवन का उद्घाटन, शिक्षा मंत्री ने दिया पूर्ण सहयोग का आश्वासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के नए कार्यालय भवन के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी समस्याओं को मैं अपनी समस्या समझकर उनके समाधान का पूरा प्रयास करूंगा। बिहार में संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और विकास के लिए राज्य सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा द्वारा एक वर्ष के दौरान किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अल्प समय में बोर्ड ने कई ऐतिहासिक एवं रिकॉर्ड उपलब्धियां हासिल की हैं। एक सकारात्मक वातावरण संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति के प्रति बना है जिसे और अधिक गति देने के लिए शिक्षा विभाग हर संभव सहयोग करेगा। उन्होंने बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड परिवार को नए कार्यालय भवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों को शुभकामना व्यक्त किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विधान परिषद सदस्य निवेदिता सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड राज्य की प्राचीन ज्ञान परंपरा को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में विधायक एवं बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के सदस्य विनय चौधरी तथा सदस्य अरुण झा ने भी बोर्ड से संबंधित विभिन्न विषयों की ओर शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित कराया तथा बोर्ड के समग्र विकास हेतु आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति लक्ष्मी निवास पांडे ने संस्कृत के नए आयाम सहित विश्वविद्यालय और बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के बीच समन्वय व साझा कार्यक्रम की योजना रचना पर जोड़ दिया! कार्यक्रम का सफल संचालन चंद्रकिशोर कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन धनेश्वर कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में संस्कृत विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षा-प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी की गरिमामयी उपस्थिति में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के नए कार्यालय भवन का विधिवत उद्घाटन संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि एक वर्ष के कार्यकाल में बोर्ड ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां अर्जित की हैं। इनमें बोर्ड की वेबसाइट का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, समयबद्ध परीक्षा परिणाम प्रकाशन, विद्यार्थियों की संख्या में दोगुनी वृद्धि तथा आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अनेक नए मानक स्थापित करना प्रमुख है। उन्होंने कहा कि नए कार्यालय भवन की उपलब्धता से बोर्ड के कार्यों को नई गति मिलेगी और आने वाले वर्षों में बिहार के संस्कृत विद्यालयों को सशक्त एवं आधुनिक बनाने, मॉडल संस्कृत विद्यालय विकसित करने, पाठ्यक्रम को अधिक व्यवस्थित एवं समसामयिक बनाने तथा भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित नई एवं गुणवत्तापूर्ण पाठ्यपुस्तकों के निर्माण की दिशा में व्यापक पहल की जाएगी। श्री झा ने कहा कि इन सभी महत्वपूर्ण विषयों को लेकर वे शीघ्र ही शिक्षा मंत्री से विस्तृत चर्चा करेंगे और बिहार में संस्कृत शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# हिमालया बेबीकेयर ने 50 हजार नर्सों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** भारत के प्रमुख बेबी केयर ब्रांडों में से एक हिमालया बेबीकेयर ने ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2026 समारोह में भाग लिया। यह पुरस्कार भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रपति भवन में प्रदान किए गए। हिमालया बेबीकेयर ने उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में उनके योगदान के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्राप्त करने वाली 15 नर्सों को सम्मानित किया। इसके साथ ही कंपनी ने देशव्यापी पहल के तहत भारत भर की लगभग 50,000 नर्सों का भी अभिनंदन किया। इस पहल का उद्देश्य मातृ, नवजात और सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली नर्सों की करुणा, समर्पण और सेवा भावना को सम्मान देना है। देश के विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में 10 से 25 वर्षों तक सेवा देने वाली नर्सों को प्रमाण पत्र और विशेष उपहार पैकों के माध्यम से सम्मानित किया गया। हिमालया वेलनेस कंपनी के बेबीकेयर निदेशक चक्रवर्ती एनवी ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है और माताओं व नवजात शिशुओं की देखभाल में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पहल नर्सिंग समुदाय के प्रति कंपनी की कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है। हिमालया बेबीकेयर ने कहा कि वह भविष्य में भी नर्सों को सम्मानित करने और सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देने वाली पहलों का समर्थन करता रहेगा।

# पेपर लीक के खिलाफ बिहार में कांग्रेस करेगी बड़ा छात्र आंदोलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** देश में लगातार हो रहे पेपर लीक और बार-बार परीक्षाएं रद्द होने से छात्रों को हो रही परेशानी के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी बिहार में बड़े छात्र आंदोलन की तैयारी में जुट गई है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में विभिन्न विभागों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्षों तथा कनेक्ट सेंटर के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम तथा एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार शामिल हुए। बैठक की शुरुआत नीट पेपर लीक प्रकरण के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद छात्रों को न्याय दिलाने और शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्था के खिलाफ व्यापक संघर्ष खड़ा करने का संकल्प लिया गया। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि देश में लगातार हो रहे पेपर लीक और परीक्षाओं के रद्द होने से लाखों छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। मेहनत और प्रतिभा के बल पर आगे बढ़ने का सपना देखने वाले युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ गंभीर खिलवाड़ है। कांग्रेस पार्टी छात्रों की इस पीड़ा और संघर्ष में उनके साथ खड़ी है। हम राज्यभर में छात्रों की आवाज़ को बुलंद करेंगे और उन्हें न्याय दिलाने के लिए व्यापक आंदोलन चलाएंगे।

# भरत भूषण एनकाउंटर को लेकर ग्रामीणों में फुटा आक्रोश, निकला कैंडल मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** भरत भूषण तिवारी की एनकाउंटर को निर्मम हत्या मानते हुए इसके विरोध में बिक्रमगंज तेंदुनी चौक, काराकाट प्रखंड के मंगरा एवं थुमियां तथा नासरीगंज प्रखंड के शंकरपुर गांव में मानवता सेवा संघ के बैनर तले सैकड़ों ग्रामीणों ने न्याय की मांग को लेकर विशाल कैंडल मार्च निकाला। हाथों में मोमबत्तियां और आंखों में न्याय की उम्मीद लिए ग्रामीणों ने गांव की सड़कों पर मार्च कर स्वर्गीय भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने दी श्रद्धांजलि

## देश की एकता और अखंडता के लिए डॉ. मुखर्जी ने प्राणों का बलिदान दिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) पर बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल समेत पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के मंत्री डॉ. जायसवाल ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों, जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए उनके बलिदान और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वैचारिक नींव को मजबूत करने में उनके योगदान को याद किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बिहार के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया, आज हम उनके कृतित्व को याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। मां भारती की अखंडता, कश्मीर के पूर्ण विलीनीकरण और देश की संप्रभुता के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान हर देशवासी को सदैव राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। मंत्री जायसवाल ने कहा कि आज हम महान राष्ट्रवादी चिंतक, प्रखर शिक्षाविद् और जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धापूर्वक स्मरण करने के लिए एकत्रित हुए हैं। डॉ. मुखर्जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि वे केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी विचारक और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्व थे। बहुत कम उम्र में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बनकर उन्होंने अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया।

# संपादकीय

## सार्वजनिक जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उठ रहे गंभीर सवाल

सवाल यह है कि शाहदरा स्टेशन पर हत्या की वारदात के दौरान अगर वहां कोई सुरक्षा कर्मी मौजूद नहीं था, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? अगर सुरक्षा प्रबंधों में ही लापरवाही बरती जाएगी, तो अपराध पर अंकुश कैसे लग पाएगा।देश में मामूली कहासुनी और छोटी-छोटी बातों पर हिंसा की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। कई बार विवाद इतना बढ़ जाता है कि हत्या की वारदात को अंजाम देने से भी गुरेज नहीं किया जाता। हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन पर एक यात्री की ट्रेन में चढ़ने के दौरान हुए विवाद में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। हैरत इस बात की है कि वहां मौजूद अन्य लोग बीच-बचाव करने के बजाय मूक दर्शक बने रहे। न केवल लोगों में पनप रही आपराधिक मानसिकता, बल्कि समाज में मौन रहकर अपराध को होते हुए देखने की बढ़ती प्रवृत्ति भी गंभीर चिंता का विषय है। इस घटना से सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। अगर रेलवे स्टेशन पर ही सरेआम किसी की हत्या कर दी जाती है, तो सड़कों पर सुरक्षा की स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। सरकार और रेलवे प्रशासन को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। गौरतलब है कि शाहदरा रेलवे स्टेशन पर बीते शनिवार को एक यात्री का कुछ लोगों से उस वक्त विवाद हो गया, जब वह ट्रेन में चढ़ रहा था। कहा-सुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने उस व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसे संवेदनहीनता की पराकाष्ठा ही कहा जाएगा कि रेलवे स्टेशन पर लोगों की भीड़ होने के बावजूद कोई भी उस व्यक्ति की मदद के लिए आगे नहीं आया और आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद आसानी से फरार हो गए। इस घटना के बाद रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। इस वारदात के दौरान स्टेशन पर क्या कोई सुरक्षाकर्मी तैनात नहीं था, यह भी जांच का विषय है। इसमें दोराय नहीं कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की खासी भीड़ होती है और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए वहां सुरक्षाकर्मी तैनात होते हैं। मगर सवाल यह है कि शाहदरा स्टेशन पर हत्या की वारदात के दौरान अगर वहां कोई सुरक्षा कर्मी मौजूद नहीं था, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? अगर सुरक्षा प्रबंधों में ही लापरवाही बरती जाएगी, तो अपराध पर अंकुश कैसे लग पाएगा।

**भारतीय मौसम विभाग भी मानता है कि अल-नीनो का सीधा असर मानसून में होने वाली बारिश पर पड़ेगा यानी बारिश कम होगी। जाहिर है कि देश में सूखे की संभावना बढ़ेगी। सामान्य हालात में प्रशांत महासागर क्षेत्र में चलने वाली तेज हवाएं गर्म पानी को एशिया और आस्ट्रेलिया की तरफ धकेलती हैं, जिससे भारत में अच्छी वर्षा होती है। मगर जब अल-नीनो का प्रभाव रहता है, तो ये हवाएं कमजोर हो जाती हैं, जिससे मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर में पेरू के तट के पास का पानी असामान्य रूप से गर्म हो जाता है। इससे वैश्विक बारिश चक्र में भारी उथल-पुथल होती है।**

## अल-नीनो से उभरी चुनौतियों को समझना जरूरी है

**(ऋतुपर्ण दवे)**

अल-नीनो एक प्राकृतिक और मौसमी जलवायु चक्र है। इससे मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से काफी अधिक हो जाता है।

पश्चिम एशिया में संघर्ष खत्म होने पर अभी अनिश्चितता के बादल छाए हुए हैं। इससे कई देशों की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है। पूरी दुनिया में ऊर्जा संकट गहराने लगा है। भारत में भी इसका असर साफ दिख रहा है। तेल की बढ़ती कीमतों ने जहां पहले ही चिंता बढ़ा रखी है, वहीं अब एक नई प्राकृतिक आपदा मुंह बाए खड़ी है।

यह है अल-नीनो, जिसने प्रशांत महासागर में दस्तक दे दी है। इसका असर देश भर में मानसून पर पड़ना तय माना जा रहा है। इतना ही नहीं अल-नीनो का प्रभाव मानसून के बाद भी जारी रहने की आशंका ने चिंता बढ़ा दी है। इसके सितंबर तक बने रहने की स्थिति ने कृषि क्षेत्र और पेयजल की उपलब्धता पर गंभीर संकट के संकेत दे दिए हैं। अमेरिकी मौसम एजंसी 'नेशनल ओशेनिक एंड एटमास्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन' के अनुसार, यह जून से जुलाई के दौरान दस्तक देने वाला है। इस बार प्रशांत महासागर का तापमान मई में ही सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा हो गया। भू-मध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से 0.7 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज होना बताता है कि आगे यह स्थिति और बिगड़ सकती है।

भारतीय मौसम विभाग भी मानता है कि अल-नीनो का सीधा असर मानसून में होने वाली बारिश पर पड़ेगा यानी बारिश कम होगी। जाहिर है कि देश में सूखे की संभावना बढ़ेगी। सामान्य हालात में प्रशांत महासागर क्षेत्र में चलने वाली तेज हवाएं गर्म पानी को एशिया और आस्ट्रेलिया की तरफ धकेलती हैं, जिससे भारत में अच्छी वर्षा होती है। मगर जब अल-नीनो का प्रभाव रहता है, तो ये हवाएं कमजोर हो जाती हैं, जिससे मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर में पेरू के तट के पास का पानी असामान्य रूप से गर्म हो जाता है। इससे वैश्विक बारिश चक्र में भारी उथल-पुथल होती है। समुद्र की इस गर्मी को वायुमंडल में फैलने में थोड़ा समय लगता है जिसका प्रभाव दूसरे वर्ष के तापमान में वृद्धि के रूप में सामने आता है।

अल-नीनो एक प्राकृतिक और मौसमी जलवायु चक्र है। इससे मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से काफी अधिक हो जाता है। अमूमन यह घटना हर दो साल में घटित होती है और इसका असर दुनिया भर के मौसम, तापमान और बारिश पर पड़ता है। भारत में कम वर्षा होने से सूखे जैसे हालात फिर बन सकते हैं। इस बार इसे सुपर अल-नीनो कहा जा रहा है। इसका असर इस साल के आखिर तक रहेगा।

मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि जुलाई, अगस्त और सितंबर के प्रारंभ में भले ही इसका प्रभाव कम दिखे, लेकिन सितंबर जाते-जाते इसके ज्यादा शक्तिशाली होने की संभावना है। अल-नीनो शब्द स्पेनी भाषा का है। दक्षिण अमेरिकी मछुआरों का ध्यान सबसे पहले 1600 के दशक में, पेरू में उस घटना पर गया, जिसमें उन्होंने पाया कि प्रशांत महासागर में जल का तापमान आम तौर पर दिसंबर के आसपास कई बार बढ़ जाता है, जो कि क्रिसमस का समय होता है। इसी कारण इसे 'अल नीनो डी नविदाद' नाम दिया गया। इसे बाद में 'अल-नीनो' कहा जाने लगा। इसी तरह एक घटना ला-नीनो भी होती है, जो इसके उलट होती है। ये अल-नीनो चक्र की विपरीत अवस्था होती हैं। ला-नीनो की शीत अवस्था होती है, यह पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागरीय क्षेत्र के असामान्य शीतलन को दर्शाता है। फिलहाल भारत में अल-नीनो को लेकर चिंता बढ़ रही है। इसने पूरे यूरोप को बुरी तरह से प्रभावित किया और अब भारत पर इसका व्यापक असर पड़ने की संभावना है।

इससे पैदा होने वाली खतरनाक स्थिति से इनकार नहीं किया जा सकता। इससे निपटने के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है। भारतीय उपमहाद्वीप में ज्यादातर आबादी अब भी खेती-किसानी पर निर्भर है, जो मानसून के लिए टकटकी लगाए रहती है। भले ही सिंचाई के कितने साधन हो गए हों, लेकिन वर्षा जल और मानसून का अपना महत्त्व है। भारतीय मौसम विभाग वर्ष 2026 में अल-नीनो की वजह से मानसून के कमजोर रहने की आशंका पहले ही जता चुका है। आर्थिक जगत में भी विशेषज्ञ यह मानते हैं कि इससे ग्रामीण अंचलों में सूखे जैसी स्थिति बन सकती है। यदि इस बार भी ऐसा हुआ, तो यह भारतीय अर्थव्यवस्था को तो प्रभावित करेगा ही, साथ ही किसानों के लिए भी मुश्किलें बढ़ जाएंगी।

निश्चित रूप से वर्षा कम होने से धान, दाल, मक्का और मूंगफली जैसी खरीफ फसलों की जहां बुआई प्रभावित होगी, वहीं उपज पर भी असर पड़ेगा। हाल में आई मौसम संबंधी रपट ने चिंता और बढ़ा दी है, क्योंकि जून से अगस्त के बीच अल-नीनो की घटना अस्सी फीसद होने की संभावना है। जबकि कम से कम नवंबर तक इसके बने रहने की संभावना नब्बे फीसद से भी ज्यादा है। थोड़ी राहत की बात यह है कि भारत में जलाशयों का जलस्तर सामान्य भंडारण के आसपास है और देश भर में सब्जियों की आवक के आंकड़े भी संतोषजनक हैं। मगर यह मौजूदा स्थिति है, भविष्य में ऐसी स्थिति बनी रहगी या नहीं, इस बारे में अभी से कुछ कह पाना मुश्किल है। निश्चित रूप से खाने-पीने की चीजों और ईंधन की कीमतों में अचानक और बार-बार बदलावों से महंगाई बढ़ेगी और इसका असर आम आदमी पर ही पड़ेगा।

सरकार को अल-नीनो जैसी प्राकृतिक घटनाओं से निपटने के लिए व्यापक एवं स्थायी रणनीति बननी चाहिए। इसके लिए वर्षा जल संग्रह को न केवल प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए, बल्कि इसे अनिवार्य भी किया जाना चाहिए। यदि घर-घर वर्षा जल संचय यानी बारिश के पानी को बर्बाद होने से बचाने और उसे भविष्य के उपयोग के लिए जमा किया जाने लगे, तो काफी हद तक पानी की समस्या से निपटा जा सकता है। जब हमारे अपने कुएं, तालाब, पोखर और ट्यूबवेल भरे होंगे, तो कुछ वर्षों के अंतर से आने वाले अल-नीनो के असर से आसानी से निपटा जा सकता है। केवल सरकार पर निर्भर रहने से कुछ ज्यादा हासिल होने वाला नहीं, समाज को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।



देश में गर्मी के दस्तक देते ही विभिन्न राज्यों में पानी की किल्लत की तस्वीरें सामने आने लगती है। हर साल तो अल-नीनो आता नहीं, लेकिन भूजल संकट जरूर रहता है। ऐसे में सरकार को इस बाबत कानून बना कर घर-घर वर्षा जल संचय को अनिवार्य किए जाने जैसे कदम उठाने होंगे। बारिश कम होने से फसलों की बुआई और पैदावार पर सीधा असर पड़ता है।

इससे धान, दाल, सोयाबीन, कपास और अन्य खरीफ की फसलें सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकती हैं। वैसे भी बारिश की कमी से खेतों में नमी कम हो जाती है और इससे फसलें सही तरीके से विकसित नहीं हो पाती हैं। यह किसानों पर भी भारी पड़ता है, उन्हें सूखे के जोखिम के बावजूद सिंचाई के लिए ज्यादा खर्च करना पड़ता है, जो उनकी आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त भार डालता है।

## उत्पीड़न की कहानी जो चुपचाप जिंदगी बदल देती है, ऑफिस का तनाव घर तक

**(रामानुज पाठक )**

मानव सभ्यता ने विज्ञान, तकनीक और भौतिक प्रगति के क्षेत्र में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन मानवीय संबंधों की आंतरिक संरचना आज भी संवेदनात्मक असंतुलन और मानसिक तनाव से जूझ रही है। आधुनिक समाज का एक अत्यंत गंभीर, मगर प्रायः अनदेखा पक्ष यह है कि उत्पीड़न समाप्त नहीं होता, बल्कि वह निरंतर अपना स्वरूप और लक्ष्य बदलता रहता है।

वह सदैव ऊपर से नीचे की ओर प्रवाहित होता है - अधिक शक्तिशाली से कम शक्तिशाली की ओर। यही कारण है कि किसी संस्थान में उत्पन्न कठोरता परिवार तक पहुंचती है, परिवार का तनाव बच्चों तक और अंततः बच्चों की कुंठा किसी निर्जीव वस्तु, पशु या स्वयं उनके अंतर्मन पर उतर आती है। यह केवल सामाजिक व्यवहार नहीं, बल्कि मानव मन की गहरी मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है।

वर्तमान समय का मनुष्य भयावह दबावों के बीच जी रहा है। प्रतिस्पर्धा, असुरक्षा, आर्थिक चिंता, सामाजिक अपेक्षाएं और निरंतर प्रदर्शन की संस्कृति ने मनुष्य के भीतर स्थायी तनाव की स्थिति पैदा कर दी है। कार्यस्थलों पर पदानुक्रम की कठोर संरचना कई बार संवाद की मानवीय गरिमा को समाप्त कर देती है। अधिकार-संपन्न व्यक्ति अपने अधीनस्थों पर मानसिक दबाव डालता है और अधीनस्थ प्रतिरोध करने में असमर्थ रहता है। ऐसे में वह भीतर ही भीतर अपमान, क्रोध और असहायता का बोझ संचित करता रहता है। यही संचित तनाव बाद में किसी ऐसे व्यक्ति पर उतरता है, जो प्रतिकार करने की स्थिति में नहीं होता।

मानिसक तनाव और अवसाद से महिलाओं का जीवन बुरी तरह प्रभावित, कई बार आत्महत्या के रूप में सामने आ रहा परिणाम।मनोविज्ञान इस प्रक्रिया को 'विस्थापित आक्रोश' की संज्ञा देता है। जब व्यक्ति वास्तविक कारण के विरुद्ध प्रतिक्रिया देने में स्वयं को असमर्थ पाता है, तब उसका दमन किया गया क्रोध किसी सुरक्षित लक्ष्य की ओर मुड़ जाता है। कार्यालय में अपमानित कर्मचारी अपने अधिकारी के विरुद्ध बोलने का साहस नहीं जुटा पाता, क्योंकि उसके सामने आजीविका और अस्तित्व का संकट होता है। घर लौटने पर वही व्यक्ति अपने परिवार के बीच स्वयं को अपेक्षाकृत शक्तिशाली अनुभव करता है और अनजाने में अपनी कुंठा उन्हीं लोगों पर उतार देता है, जिनसे उसे सबसे अधिक स्नेह और सहारा मिलना चाहिए।

यह समस्या केवल व्यक्तिगत व्यवहार तक सीमित नहीं है। इसकी जड़ें सामाजिक संरचना में भी गहराई तक फैली हुई हैं। इतिहास साक्षी है कि जहां भी शक्ति का असंतुलन बढ़ा, वहां उत्पीड़न की प्रवृत्ति अधिक तीव्र हुई। आधुनिक औद्योगिक और कॉरपोरेट संरचनाओं में भी लक्ष्य, उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा के दबाव ने संबंधों को यांत्रिक बना दिया है।

उत्पीड़न की सबसे गंभीर मार बच्चों पर पड़ती है। बालमन अत्यंत संवेदनशील होता है। वह वातावरण की कठोरता को शब्दों से नहीं, भावनात्मक कंपन से ग्रहण करता है। घर का तनाव, माता-पिता की कटुता, ऊंची आवाजें और अपमानजनक व्यवहार उसके मानसिक विकास पर गहरा प्रभाव डालते हैं। आधुनिक तंत्रिका विज्ञान यह प्रमाणित कर चुका है कि निरंतर भय और तनाव की स्थिति में रहने वाले बच्चों के मस्तिष्क की संरचना और भावनात्मक प्रतिक्रिया प्रणाली प्रभावित हो सकती है। ऐसे बच्चे या तो अत्यधिक भयभीत और आत्मसंकोची हो जाते हैं या फिर आगे चलकर स्वयं आक्रामक व्यवहार अपनाने लगते हैं।

यह समझना भी आवश्यक है कि उत्पीड़न केवल शारीरिक नहीं होता। कठोर शब्द, निरंतर तिरस्कार, उपेक्षा, व्यंग्य और भावनात्मक असंवेदनशीलता भी उतनी ही घातक होती है। वाणी का आघात कई बार शरीर के घावों से अधिक गहरा होता है। यही कारण है कि अपमान का प्रभाव लंबे समय तक मनुष्य के आत्मविश्वास और आत्मसम्मान को प्रभावित करता रहता है।

भारतीय ज्ञान परंपरा ने बहुत पहले इस संकट को समझ लिया था। गौतम बुद्ध ने क्रोध को आत्मविनाश का कारण माना। महावीर ने अहिंसा को केवल शारीरिक हिंसा से नहीं, बल्कि विचार और वाणी की कोमलता से भी जोड़ा। भगवद्गीता में क्रोध को विवेक के नाश का कारण बताया गया है। इन शिक्षाओं का अर्थ केवल आध्यात्मिक साधना नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन भी है। भारतीय चिंतन बार-बार यह स्मरण कराता है कि मनुष्य की वास्तविक शक्ति दूसरों को पराजित करने में नहीं, बल्कि स्वयं पर नियंत्रण रखने में है।

हमारी शिक्षा प्रणाली बौद्धिक विकास पर तो बल देती है, मगर भावनात्मक संतुलन, संवाद-कौशल और संवेदनात्मक परिपक्वता पर अपेक्षित ध्यान नहीं देती।

## अपना बोया ही काट रही ममता बनर्जी

**पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में सत्तासीन तृणमूल कांग्रेस को मिली ऐतिहासिक पराजय के बाद, जिस तरह पार्टी के विधायक और सांसद ममता बनर्जी से नाता तोड़ रहे हैं, उसने कई लोगों को हैरान किया है। लेकिन ममता बनर्जी पिछले 28-29 सालों से जिस तरह की सिद्धान्तहीन राजनीति करती रही हैं, उसे देखते हुए इन जन-प्रतिनिधियों के कारनामे कुछ भी असामान्य नहीं लगते। वे बस वही कर रहे हैं जो ममता दीदी ने उन्हें सिखाया है। असल में, अच्छा शिष्य वही है जो अपने गुरु के दिखाए रास्ते पर चले। ये सांसद और विधायक भी वही कर रहे हैं जो ममता बनर्जी करती रही हैं, यानी बिना किसी सिद्धांत या आदर्शवादी राजनीति। किसी को सीढ़ी की तरह इस्तेमाल करना और काम निकल जाने पर उसे छोड़ देना, बार-बार उससे मुंह मोड़ लेना और विपक्षी पार्टियों के विधायकों पर हमला करना।**

**(डॉ. आशीष वशिष्ठ)**

संयुक्त मोर्चा सरकार को बाहर से समर्थन दे रही कांग्रेस ने अपना समर्थन वापस ले लिया, नतीजतन नवंबर 1997 में सरकार गिर गई और 1998 में नए सिरे से लोकसभा चुनाव हुए। तब तक ममता कांग्रेस छोड़कर एक नई पार्टी बना चुकी थीं। चुनावों में ममता की तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा के साथ सीट का समझौता किया और सात सीटें जीतीं।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में सत्तासीन तृणमूल कांग्रेस को मिली ऐतिहासिक पराजय के बाद, जिस तरह पार्टी के विधायक और सांसद ममता बनर्जी से नाता तोड़ रहे हैं, उसने कई लोगों को हैरान किया है। लेकिन ममता बनर्जी पिछले 28-29 सालों से जिस तरह की सिद्धान्तहीन राजनीति करती रही हैं, उसे देखते हुए इन जन-प्रतिनिधियों के कारनामे कुछ भी असामान्य नहीं लगते। वे बस वही कर रहे हैं जो ममता दीदी ने उन्हें सिखाया है। असल में, अच्छा शिष्य वही है जो अपने गुरु के दिखाए रास्ते पर चले। ये सांसद और विधायक भी वही कर रहे हैं जो ममता बनर्जी करती रही हैं, यानी बिना किसी सिद्धांत या आदर्शवादी राजनीति। किसी को सीढ़ी की तरह इस्तेमाल करना और काम निकल जाने पर उसे छोड़ देना, बार-बार उससे मुंह मोड़ लेना और विपक्षी पार्टियों के विधायकों पर हमला करना।

तृणमूल कांग्रेस के बागी विधायकों और सांसदों पर मुख्य आरोप यह है कि तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतने के बाद, वे अब विपक्षी भाजपा के साथ मिल रहे हैं, वही भाजपा, जिसे उन्होंने चुनाव के दौरान सांप्रदायिक पार्टी बताकर हराया था। लेकिन ममता बनर्जी ने भी 1998 में ऐसा ही किया था, जब उन्होंने 1 जनवरी 1998 को कांग्रेस से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस का गठन किया था। उस समय ममता बनर्जी को कांग्रेस से यह शिकायत थी कि राज्य में लेफ्ट फ्रंट को हराने के लिए कांग्रेस भाजपा के साथ हाथ क्यों नहीं मिला रही है? उस समय ममता भाजपा को सांप्रदायिक नहीं मानती थीं। उन्होंने यह भी कहा था कि भाजपा कोई सांप्रदायिक पार्टी नहीं है। तो, अगर अब तृणमूल कांग्रेस के सांसद और विधायक कह रहे हैं कि भाजपा सांप्रदायिक पार्टी नहीं है, तो इसमें क्या गलत है? वे बस अपनी प्रिय नेता के पदचिन्हों पर चल रहे हैं।

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चार बार (2013, 2017, 2022 और 2024 में) अपना पक्ष बदला, लेकिन ममता बनर्जी अब तक पांच बार अपना पक्ष बदल चुकी हैं। इतिहास के पन्ने पलटे तो, बात 1997 की है, केंद्र में संयुक्त मोर्चा की सरकार थी। संयुक्त मोर्चा सरकार को बाहर से समर्थन दे रही कांग्रेस ने अपना समर्थन वापस ले लिया, नतीजतन नवंबर 1997 में



सरकार गिर गई और 1998 में नए सिरे से लोकसभा चुनाव हुए। तब तक ममता कांग्रेस छोड़कर एक नई पार्टी बना चुकी थीं। चुनावों में ममता की तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा के साथ सीट का समझौता किया और सात सीटें जीतीं। हालांकि, वह सरकार में शामिल नहीं हुई क्योंकि उन्होंने राज्य में अपनी नई बनी पार्टी को मजबूत करने पर ध्यान दिया। 13 महीने बाद केंद्र सरकार गिर गई।

1999 के चुनावों के बाद एक नई सरकार बनी, जिसमें ममता बनर्जी रेल मंत्री बनीं। 2001 में, जब बंगाल विधानसभा चुनाव नजदीक थे, तो ममता को लगा कि कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन करना फायदेमंद रहेगा। इसलिए, मार्च 2001 में उन्होंने रक्षा क्षेत्र में भ्रष्टाचार के मामले (तहलका स्टिंग ऑपरेशन) का हवाला देते हुए केंद्र सरकार से इस्तीफा दे दिया और कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया। हालांकि, इससे भी बंगाल में लेफ्ट फ्रंट को हराया नहीं जा सका। लेफ्ट फ्रंट ने 199 सीटें जीतीं, जबकि तृणमूल कांग्रेस को 31 प्रतिशत वोट के साथ सिर्फ़ 60 सीटें मिलीं।

अगले विधानसभा चुनाव में अभी पांच साल बाकी थे और केंद्र में भाजपा की सरकार थी। इसलिए, 2003 में ममता बनर्जी फिर से वाजपेयी सरकार में शामिल हो गईं। वह सितंबर 2003 में वाजपेयी सरकार में मंत्री बनीं, जबकि गुजरात दंगे डेढ़ साल पहले, यानी फरवरी 2002 में हो चुके थे। उन्होंने दंगों के लिए गुजरात में मोदी सरकार के इस्तीफे की मांग की थी, लेकिन जब अप्रैल 2002 में लोकसभा में वाजपेयी सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया गया, तो ममता की पार्टी ने वाजपेयी का समर्थन किया। इस समर्थन के बदले, कुछ महीनों बाद उन्हें फिर से मंत्री बनाया गया।

ममता बनर्जी ने 2004 के लोकसभा और 2006 के विधानसभा चुनाव बीजेपी के साथ गठबंधन करके लड़े। हालांकि, जब उनकी पार्टी को दोनों चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा। 2004 के लोकसभा चुनावों में तृणमूल को सिर्फ एक सीट मिली और 2006 के विधानसभा चुनावों में न सिर्फ पार्टी का वोट शेयर घटा (26 प्रतिशत हो गया) बल्कि उसकी सीटें भी आधी रह गईं, तो ममता को लगा कि भाजपा के साथ गठबंधन करने का कोई फायदा नहीं है। केंद्र में भाजपा के सत्ता से बाहर होने के बाद, ममता बनर्जी ने फिर से कांग्रेस पार्टी का रुख किया। उन्होंने 2009 के लोकसभा चुनाव मिलकर लड़े। तृणमूल कांग्रेस ने 19 सीटें जीतीं। इस जीत से उत्साहित होकर, उन्होंने कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर 2011 का विधानसभा चुनाव लड़ा और सरकार बनाई।

सरकार बनाने के ठीक एक साल बाद, ममता ने कांग्रेस से गठबंधन तोड़ दिया, क्योंकि उन्हें अब कांग्रेस की सीढ़ी की जरूरत नहीं थी, लेकिन वह यहीं नहीं रुकीं। वह उस सीढ़ी को ही आग लगाने पर आमादा थीं। इसलिए उन्होंने विपक्षी विधायकों को एक-एक करके तोड़ना शुरू किया और अगले पांच सालों में कांग्रेस पार्टी के 42 विधायकों को अपनी तरफ कर लिया। कांग्रेस ही पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस बन चुकी थी। उन्होंने लेफ्ट फ्रंट के चार विधायकों को भी पार्टी में शामिल किया, जबकि उन्हें उनकी जरूरत नहीं थी। इन विधायकों के बिना भी, पार्टी के पास 184 विधायकों का मजबूत बहुमत था।

# फायर सेफ्टी मानकों की अनदेखी पर जिला प्रशासन सख्त

## कोचिंग संस्थानों का प्रशासन ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** छात्रों की सुरक्षा से खिलवाड़ और अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले कोचिंग संस्थानों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर आज एसडीएम लोकेश बारंगे के नेतृत्व में जिला प्रशासन की विशेष टीमों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित कोचिंग संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने सिटी सेंटर तथा सरायढेला के विभिन्न कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई नामी और छोटे कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा नियमों की गंभीर कमियां पाई गईं। इसके बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कई संस्थानों को सभी जरूरी सुरक्षा मानक पूरे होने तक तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश जारी किए हैं। जिसकी लिखित हस्ताक्षर किए हुए दस्तावेज संबंधित कोचिंग संचालकों से प्राप्त की गई। सुरक्षा मानकों का उल्लंघन जांच के दौरान पाया गया कि कई संस्थानों में न तो आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम थे और न ही आपातकालीन निकास की व्यवस्था थी।

क्षमता से अधिक छात्र कई कोचिंग सेंटरों में वेंटिलेशन की भारी कमी थी और क्षमता से दोगुना बच्चों को एक साथ बिठाया जा रहा था, जो किसी भी आपात स्थिति में बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। एसडीएम ने तत्काल सभी बच्चों को कोचिंग



संस्थानों से बाहर अल्टीमेटम और बंदी के निर्देश जिन संस्थानों में कमियां पाई गईं, उन्हें सभी मानक पूरा करने तक संस्थान बंद करने का निर्देश दिया गया है।

जब तक वे जिला अग्निशमन विभाग से 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' और सभी मानक पूरे नहीं कर लेते, तब तक वहां कक्षाओं के संचालन पर पूरी तरह रोक रहेगी। अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंगे ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। व्यावसायिक लाभ के लिए बच्चों की जान को जोखिम में डालने की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। सभी कोचिंग संचालक जल्द से जल्द सरकारी गाइडलाइंस के तहत अपनी सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कर लें, अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसडीएम लोकेश बारंगे, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय झा, अंचल अधिकारी राम प्रवेश कुमार, जिला अग्निशमन पदाधिकारी लक्षण प्रसाद, नगर निगम के पदाधिकारी, जिला सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा समेत थाना प्रभारी, विद्युत विभाग के भी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जंगली हाथी ने कुचलकर ली एक व्यक्ति की जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनोहरपुर।** झारखंड में मनोहरपुर थाना क्षेत्र के पात्थरबासा गांव (कोकलोटाला) में मंगलवार देर रात रात एक जंगली हाथी के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

घटना उस समय हुई जब मृतक दिलेश्वर जातराम रात को घर से बाहर शौच के लिए निकले थे। तभी घर के बाहर पहले से घात लगाए मौजूद जंगली हाथी ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाथी दिलेश्वर को अपनी सूंड़ में लपेटकर करीबन 50 मीटर दूर घसीटते हुए ले गया। इसके बाद उसने दिलेश्वर को पैर से कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के वक्त दिलेश्वर ने जान बचाने के लिए शोर भी मचाया, लेकिन रात के सन्नाटे में किसी को



उनकी आवाज तुरंत समझ नहीं आई।

पति की आवाज सुनकर जब दिलेश्वर की पत्नी बाली जातराम घर से बाहर निकलीं, तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत शोर मचाना शुरू किया।

महिला के चिल्लाने और ग्रामीणों के जुटने पर हाथी अंततः जंगल की ओर भाग गया। रात करीब 3 बजे जब पत्नी और अन्य ग्रामीण दिलेश्वर के पास पहुंचे, तो उन्हें मृत पाया।

ग्रामीणों ने सुबह में वन विभाग को घटना की जानकारी दी। इसके बाद वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया।

वन क्षेत्र पदाधिकारी रामनंदन राम ने नंदपुर पंचायत की मुखिया सुशीला सवैया की मौजूदगी में सीएचसी में ही मृतक के परिजनों को तत्काल राहत के रूप में 20 हजार रुपये नकद दिए।

वन विभाग ने आश्वस्त किया है कि कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सरकारी प्रावधान के अनुसार शेष मुआवजा राशि भी जल्द ही आश्रितों को दे दी जाएगी। इसके बाद विभाग द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल चक्रधरपुर भिजवा दिया गया है। इस घटना के बाद से पात्थरबासा और आसपास के सीमावर्ती गांवों में दहशत का माहौल है।

# तोपचांची में नवस्थापित डायलिसिस केंद्र का विधायक ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** तोपचाँची में नवस्थापित डायलिसिस केंद्र का आज विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, उपायुक्त आदित्य रंजन तथा उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह केंद्र क्षेत्र के मरीजों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिए राज्य सरकार ऐसी जनहितकारी पहलें निरंतर जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। तोपचाँची में इस डायलिसिस केंद्र के खुलने से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम होगा और समय पर इलाज मिलने से कई जानें बचाई जा सकेंगी। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि इस केंद्र के शुरू होने से अब स्थानीय मरीजों को डायलिसिस के लिए धनबाद या अन्य शहरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस केंद्र में सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं (जैसे आयुष्मान भारत) के तहत पात्र मरीजों को निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा मिलेगी।

केंद्र में अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें और जीवन रक्षक उपकरण लगाए गए हैं, ताकि मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा मिल सके। मरीजों की देखभाल के लिए प्रशिक्षित तकनीशियन और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम तैनात की गई है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी, कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन के इस कदम की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर बताया है।

## चलाया गया वाहन जांच अभियान

**बोकारो।** बुधवार को एसडीओ चास प्रांजल ढांडा के निर्देश पर आईटीआई मोड़ के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ओवरलोडिंग, वैध परिवहन दस्तावेजों एवं अन्य मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित प्रावधानों की गहन जांच की गई।

जांच के क्रम में कार्यपालक दंडाधिकारी एवं मोटर वाहन निरीक्षक के द्वारा कुल 25 ओवरलोड वाहनों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लगभग 2.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा राजस्व क्षति को रोकने के उद्देश्य से ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। वाहन मालिकों एवं चालकों से निर्धारित मानकों के अनुरूप ही माल परिवहन करने तथा सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की गई है।

# नौकरी से बेघर हुई महिलाएं उतरीं सड़क पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बोधगया थाना क्षेत्र के टीकुना मुख्य मार्ग पर बुधवार को रोजगार से हटाए जाने के विरोध में करीब दो दर्जन महिलाओं ने सड़क जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं के प्रदर्शन के कारण लगभग एक घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

प्रदर्शन कर रही महिलाओं में चंपा कुमारी, कांति कुमारी सहित दर्जनों महिलाओं ने बताया कि बोधगया स्थित बुद्धा हॉस्पिटल में साफ-सफाई के कार्य के लिए हमलोगों को रखा गया था, लेकिन मात्र चार दिन काम कराने के बाद उन्हें हटा दिया गया। महिलाओं ने बताया कि नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे एक-एक हजार रुपये लिए गए थे, बावजूद इसके उन्हें स्थायी रोजगार नहीं दिया गया।

महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान उनके शरीर से रक्त के नमूने लिए गए, लेकिन बाद में बिना किसी स्पष्ट कारण के उन्हें काम से बाहर कर दिया गया। इससे नाराज महिलाओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया और पुनः काम पर बहाल करने की मांग की।

जानकारी के अनुसार महिलाओं की नियुक्ति सीधे बुद्धा हॉस्पिटल द्वारा नहीं, बल्कि बीएआरसी



सिक्यूरिटी सोल्यूशन नामक निजी एजेंसी के माध्यम से की गई थी। काम से हटाए जाने के बाद आक्रोशित महिलाओं ने मुख्य मार्ग को जाम कर प्रशासन और एजेंसी के खिलाफ नारेबाजी की।

वहीं, बीएआरसी सिक्यूरिटी सोल्यूशन के इंचार्ज अमरजीत कुमार ने महिलाओं के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि अधिकांश महिलाओं ने दो-तीन दिन कार्य करने के बाद स्वयं काम छोड़ दिया था। उन्होंने बताया कि एक हजार रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में लिए गए थे, जो सभी अभ्यर्थियों पर समान रूप से लागू है।

अमरजीत कुमार ने कहा कि कुछ महिलाओं को ट्रायल आधार पर रखा गया था और उनकी कार्यक्षमता एवं फिटनेस की जांच की जा रही थी। मेडिकल फिटनेस टेस्ट के तहत रक्त के नमूने लिए गए थे। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद योग्य अभ्यर्थियों को स्थायी रूप से नियुक्त किया जाना था। उन्होंने कहा कि फिर भी कुछ समय बाद मैं सभी महिलाएं को अलग अलग स्थानों पर शिफ्ट कराने की कोशिश करूंगा। सड़क जाम की सूचना मिलने पर डायल 113 की पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। इसके बाद यातायात व्यवस्था सामान्य हो सकी।

# कार्यक्रम में अव्यवस्था देख भड़के विधायक प्रतिनिधि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारसोई /कटिहार।** बारसोई स्थित बुनियाद केंद्र में मंगलवार को दिव्यांगजनों के बीच इलेक्ट्रॉनिक ट्राइसाइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुल 18 लाभुकों को ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई जानी है, जिसमें प्रथम चरण में 10 दिव्यांगजनों के बीच ट्राइसाइकिल का वितरण विधायक प्रतिनिधि सागर साह, विधायक के निज सहायक रोहन महतो तथा अब्दुल वदूद ने किया। कार्यक्रम के दौरान बुनियाद केंद्र की बदहाल व्यवस्था को देखकर विधायक प्रतिनिधि सागर साह नाराज हो गए। नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि भीषण गर्मी और कड़ी धूप के बावजूद दिव्यांगजनों के बैठने के लिए न तो शेड की व्यवस्था थी और न ही पेयजल की समुचित सुविधा उपलब्ध थी।

दूर-दराज से पहुंचे कई दिव्यांगजन खुले आसमान के नीचे धूप में बैठकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे।

मौके पर उपस्थित लोगों ने शिकायत करते हुए बताया कि बुनियाद केंद्र में चिकित्सक नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहते हैं। लोगों का आरोप था कि दो स्थानों पर ड्यूटी होने का हवाला देकर चिकित्सक अक्सर केंद्र से अनुपस्थित रहते हैं, जिससे दिव्यांगजनों को आवश्यक चिकित्सा एवं परामर्श सेवाओं का लाभ नहीं मिल पाता।

विधायक प्रतिनिधि सागर साह ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए संचालित केंद्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से तत्काल व्यवस्था में सुधार करने तथा लाभुकों को सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की। इस संबंध में बुनियाद केंद्र के चिकित्सक डॉ. देवराज इंद्र ने बताया कि केंद्र में मौजूद कमियों को दूर करने की दिशा में पहल की जा रही है।

## विधायक की तबियत खराब, भर्ती

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी की भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू को अचानक तबीयत खराब होने के बाद टाटा मेन हास्पिटल (टीएमएच) में भर्ती कराया गया है। 104 डिग्री के तेज बुखार और लो ब्लड प्रेशर की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल के क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में रखा गया है। फिलहाल डाक्टरों की एक विशेष टीम उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है और उनकी स्थिति स्थिर व खतरे से बाहर बताई जा रही है।

सोमवार देर रात पूर्णिमा साहू का ब्लड प्रेशर अचानक काफी नीचे चला गया था। आनन-फानन में परिजन उन्हें टीएमएच लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक जांच के बाद डाक्टरों ने बेहतर निगरानी के लिए उन्हें सीसीयू में शिफ्ट कर दिया। विधायक के बीमार होने की खबर फैलते ही शहरवासियों और भाजपा कार्यकताओं में चिंता दौड़ गई। सूचना मिलते ही पूर्णिमा साहू के ससुर और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास फौरन अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों से मिलकर इलाज की विस्तृत जानकारी ली।

# आपस में भिड़े दो गुट, पुलिस ने चटकायी लाठियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अलकडीहा।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के पहला नंबर बस्ती में सोमवार की देर शाम कीचड़ के छींटे को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते दो दबंग गुटों के बीच खूनी संघर्ष में बदल गया।

वर्षों पुरानी रंजिश को लेकर बेलाल खान और लड्डन खान समर्थक आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे, लोहे की रॉड और धारदार हथियार चलने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। जबकि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग तक करना पड़ा।

लोगों ने बताया कि बारिश के बाद बेलाल खान के रिश्तेदार सलमान खान के घर से उसका मित्र हरप्रीत सिंह बाइक से लौट रहा था। इसी दौरान कीचड़ युक्त रास्ते से गुजरने के क्रम में उसकी बाइक लड्डन समर्थक जुबैर अंसारी के करीब से निकली। इसे लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर सलमान खान और उसके चाचा पप्पू खान मौके पर पहुंच गए। जुबैर अंसारी के समर्थन में लड्डन खान, फिरोज अंसारी सहित अन्य लोग भी जुट गए। देखते ही देखते दूसरे पक्ष के बेलाल खान के आधा दर्जन स्वजन भी घटना स्थल पहुंच गए। पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। जिससे क्षेत्र में तनाव और भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई।

## शांति समिति की बैठक

**कटिहार।** जिले में मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्वक तथा भाइचारे के साथ मनाने को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी तथा आरक्षी अधीक्षक परिचय कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जिला एवं प्रखंडस्तरीय जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं मोहर्रम कमिटि के सदस्यों के साथ शांति समिति के अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

# लेबर कोड के विरोध में इंटक का प्रदर्शन एक को

**धनबाद।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) ने 4 लेबर कोड को कोयला मजदूरों के लिए 'विष के प्याले के समान' बताया है। यूनियन ने 1 जुलाई को संपूर्ण कोयला उद्योग में इसके विरोध में प्रदर्शन, नारेबाजी और जुलूस निकालने का ऐलान किया है।

महामंत्री ए.के. झा, कार्यकारी अध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि भाजपा सरकार ने कोविड-19 के दौरान बिना बहस के इस अमानवीय कानून को संसद से पास कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि कानून लाने से पहले न तो विपक्षी दलों से बात की गई और न ही मजदूर संगठनों से राय ली गई।

वक्तव्य में कहा गया कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान वर्ल्ड बैंक से लोन लेकर महिला मतदाताओं के खाते में 10-10 हजार रुपए डाले गए, जो आचार संहिता का उल्लंघन है।

यूनियन ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार मजदूरों के लोकतांत्रिक अधिकारों की कटौती 'साइलेंट किलर' लेबर कोड से की गई।


**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र 1**

**ई-निविदा सूचना सं. एसजी. निविदा/डीवाईसीपीएम/एस एंड टी/एएसएन/01 दिनांक 17.06.2026**

ई-निविदा संख्या डीसीपीएम-जीएस-एसएनटी-एएसएन-01-26-27 दिनांक 17.06.2026 के प्रकाशन के लिए शुद्धिपत्र संख्या 1 जो कि उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट/एस एंड टी, सियालदह द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए पूर्व में प्रकाशित की गई थी- न्यू मदनपुर, छोटाअमबोना, तापसी और सोनाचारा स्टेशनों पर अनुमोदित एसआईपी के अनुसार यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के सिलसिले में दुमका-बासुकीनाथ और दुमका-बारापलासी खंडों में न्यू मदनपुर (एमपीयूआर) स्टेशन पर, अंडाल जंक्शन (यूडीएल)-सीतारामपुर (एसटीएन) खंड में तापसी (टीओपी) स्टेशन पर और सीतारामपुर (एसटीएन)-प्रधानखांटा (पीकेए) खंड में छोटाअमबोना (सीएएम) स्टेशन पर नवीनतम संशोधनों के साथ आरडीएसओ ईआई विनिर्देश आरडीएसओ/एसपीएन/192/2019 के अनुरूप नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) सिस्टम के प्रावधान के संबंध में एस एंड टी कार्य; अंडाल जंक्शन (यूडीएल)-सीतारामपुर (एसटीएन) खंड में सोनाचारा (एसएससीआर) स्टेशन पर मौजूदा अलसांडो (हिताची) प्रस्तुतकारक माइक्रोलोक-II ईआई सिस्टम में बदलाव/परिवर्तन और आसनसोल मंडल, पूर्व रेलवे के मार्शलिंग यार्ड में अंडाल नये आरओएच शेड में साइट की ज़रूरतों के अनुसार विभिन्न एस एंड टी आइटमों के संबंधित एस एंड टी कार्य। उपर्युक्त प्रकाशित ई-निविदा संख्या डीसीपीएम-जीएस-एसएनटी-एएसएन-01-26-27 दिनांक 17.06.2026 में निम्नलिखित शुद्धिपत्र प्रकाशित किए गए हैं:- 1.निविदाकागजात4ईआई (फाइल का नाम- ASNtenderdocument 22.06.26final11.pdf) जोड़ा गया है। 2. अनुसूची 1- आइटम नं. 273 में शामिल है-आइटम का विवरण सोनाचारा (एसएससीआर) ईआई परिवर्तन कार्य:- नवीनतम आरडीएसओ दिशानिर्देशों /टीएएन के अनुसार हिताची (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग) के मौजूदा वितरित (सेंट्रल +2 ईआई हट) ईआई माइक्रोलोक-II प्रस्तुतकारक में संशोधन/परिवर्तन। इसमें शामिल हैं: मौजूदा इंटरफेस और इंटरलॉकिंग सर्किट एवं ईआई सिस्टम के लॉजिक में डिजाइन और संशोधन जिसमें शामिल है वीडीयू (वीडियो डिस्प्ले यूनिट)/एलसीपी (लोकल कंट्रोल पैनल)/सीसीआईपी (कंट्रोल कम इंडिकेशन पैनल), मेंटेनेंस टर्मिनल (एमपीसी), डेटा लॉगर, रिले रैक वायरिंग में संशोधन। संपूर्ण कार्य नवीनतम आरडीएसओ विनिर्देशों और दिशानिर्देशों एवं अनुमोदित एसआईपी और सर्किट आरेखों के अनुसार पालन करना चाहिए। सभी ईआई सामग्री (इंटरफ़ेस कार्ड / वायरिंग सामग्री / कनेक्टर / फ्यूज / संचार उपकरण आदि) ठेकेदार द्वारा प्रदान किए जाएंगे। इस कार्य में संशोधित चयन तालिका की आपूर्ति भी शामिल है यदि आवश्यकता हो तो , इंटरफेस सर्किट, वीडीयू / एलसीपी / सीसीआईपी आरेख और सभी आवश्यक ईआई हार्डवेयर कार्ड, कनेक्टर और वायरिंग सामग्री, फ्यूज आदि जो संशोधित अनुमोदित एसआईपी के अनुरूप हैं। इसमें रेलवे के साथ संयुक्त रूप से एफएटी, एसएटी (जैसा लागू हो) और संतोषजनक कमीशनिंग भी शामिल है। सभी योजनाएं/ड्राइंग/सर्किट आदि ऑटोकैड पर तैयार किए जाने चाहिए, पेन ड्राइव पर सॉफ्टकॉपी की आपूर्ति की जानी चाहिए और हार्ड कॉपी के 06 सेट भी आपूर्ति की जानी चाहिए। संबंधित एप्लिकेशन लॉजिक और इंटरफेस सर्किट के साथ ईआई सिस्टम का पुनः डिजाइन। फैक्ट्री एक्सेप्टेंस टेस्ट (एफएटी) - टेस्टिंग और कमीशनिंग सपोर्ट। प्रस्तावित प्रोग्राम की स्थापना। (iv)एनडीकेआर1/आरडीकेआर1 का कार्यान्वयन। दस्तावेज़ की आपूर्ति (इंटरफ़ेस सर्किट और एप्लिकेशन लॉजिक सर्किट) (यह सीडी / पेन ड्राइव और हार्ड कॉपी में 6 सेट में आपूर्ति की जाएगी)। रिले की आपूर्ति रेलवे द्वारा की जाएगी। ईआई सामग्री का निरीक्षण आरडीएसओ किया जाएगा और वायरिंग सामग्री जैसी अन्य सामग्री का निरीक्षण कंसाइनी अधिकारियों द्वारा किया जाएगा, को जोड़ा जाता है। 3. निविदा कागजात (फाइल का नाम-ASNtenderdocument 17.06.26final1.pdf) हटा दिया गया है। 4. अनुसूची 1- आइटम नं. 4 में शामिल है-आइटम का विवरण:- नवीनतम आरडीएसओ दिशानिर्देशों / टीएएन के अनुसार हिताची (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग) के मौजूदा वितरित (सेंट्रल +2 ईआई हट) ईआई माइक्रोलोक-II प्रस्तुतकारक में संशोधन/परिवर्तन। इसमें शामिल हैं: मौजूदा इंटरफेस और इंटरलॉकिंग सर्किट एवं ईआई सिस्टम के लॉजिक में डिजाइन और संशोधन जिसमें शामिल है वीडीयू (वीडियो डिस्प्ले यूनिट)/एलसीपी (लोकल कंट्रोल पैनल)/सीसीआईपी (कंट्रोल कम इंडिकेशन पैनल), मेंटेनेंस टर्मिनल (एमपीसी), डेटा लॉगर, रिले रैक वायरिंग में संशोधन। संपूर्ण कार्य नवीनतम आरडीएसओ विनिर्देशों और दिशानिर्देशों और अनुमोदित एसआईपी एवं सर्किट आरेखों के अनुसार पालन करना चाहिए। सभी ईआई सामग्री (इंटरफ़ेस कार्ड / वायरिंग सामग्री / कनेक्टर / फ्यूज / संचार उपकरण आदि) ठेकेदार द्वारा प्रदान किए जाएंगे। इस कार्य में संशोधित चयन तालिका की आपूर्ति भी शामिल है यदि आवश्यकता हो तो , इंटरफेस सर्किट, वीडीयू / एलसीपी / सीसीआईपी आरेख और सभी आवश्यक ईआई हार्डवेयर कार्ड, कनेक्टर और वायरिंग सामग्री, फ्यूज आदि जो संशोधित अनुमोदित एसआईपी के अनुरूप हैं। इसमें रेलवे के साथ संयुक्त रूप से एफएटी, एसएटी (जैसा लागू हो) और संतोषजनक कमीशनिंग भी शामिल है। सभी योजनाएं/ड्राइंग/सर्किट आदि ऑटोकैड पर तैयार किए जाने चाहिए, पेन ड्राइव पर सॉफ्टकॉपी की आपूर्ति की जानी चाहिए और हार्ड कॉपी के 06 सेट भी आपूर्ति की जानी चाहिए। संबंधित एप्लिकेशन लॉजिक और इंटरफेस सर्किट के साथ ईआई सिस्टम का पुनः डिजाइन। फैक्ट्री एक्सेप्टेंस टेस्ट (एफएटी) - टेस्टिंग और कमीशनिंग सपोर्ट। प्रस्तावित प्रोग्राम की स्थापना। (iv)एनडीकेआर1/आरडीकेआर1 का कार्यान्वयन। दस्तावेज़ की आपूर्ति (इंटरफ़ेस सर्किट और एप्लिकेशन लॉजिक सर्किट) (यह सीडी / पेन ड्राइव और हार्ड कॉपी में 6 सेट में आपूर्ति की जाएगी)। रिले की आपूर्ति रेलवे द्वारा की जाएगी। ईआई सामग्री का निरीक्षण आरडीएसओ किया जाएगा और वायरिंग सामग्री जैसी अन्य सामग्री का निरीक्षण कंसाइनी अधिकारियों द्वारा किया जाएगा, को हटाया जाता है।

SDAH-97/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# पतरातू की दूसरी इकाई से उत्पादन शुरू

**नवबिहार टाइम्ससंवाददाता**

**रांची।** झारखंड के बिजली उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) ने पतरातू सुपर थर्मल पावर परियोजना की दूसरी यूनिट (800 मेगावाट) के वाणिज्यिक संचालन (कमर्शियल आपरेशन) की आधिकारिक घोषणा कर दी है।



कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार सहगल ने जेबीवीएनएल और छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को पत्र भेजकर सूचित किया है कि यूनिट-2 का वाणिज्यिक संचालन 25 जून की मध्यरात्रि से प्रभावी होगा। इससे बुधवार रात 12 बजे से यहां से बिजली आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

इससे झारखंड को 680 मेगावाट अतिरिक्त बिजली मिल सकेगी। राज्य सरकार और जेबीवीएनएल लंबे समय से इस यूनिट से बिजली आपूर्ति शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। हाल ही में ऊर्जा सचिव के. श्रीनिवासन के निर्देश पर जेबीवीएनएल ने पीवीयूएनएल को पत्र लिखकर बढ़ती मांग को देखते हुए जल्द बिजली उपलब्ध कराने का आग्रह भी किया था।

बताते चलें कि पतरातू परियोजना की पहली यूनिट से राज्य को पहले से 680 मेगावाट बिजली मिल रही है। अब दूसरी यूनिट के शुरू होने से राज्य के हिस्से में कुल 1,360 मेगावाट बिजली उपलब्ध होगी। इससे बिजली संकट से जूझ रहे उपभोक्तओं को बड़ी राहत मिलेगी।

खासकर दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) कमांड एरिया में इस अतिरिक्त बिजली का लाभ मिलेगा। धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा, रामगढ़ और चतरा जिलों में हाल के दिनों में बढ़ी बिजली मांग के कारण लोड शेडिंग और कटौती की समस्या सामने आ रही थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी हाल ही में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर को पत्र लिखकर डीवीसी क्षेत्र में अतिरिक्त 200 मेगावाट बिजली उपलब्ध कराने की मांग की थी।

ऊर्जा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मौसम और तापमान के उतार-चढ़ाव के कारण राज्य में बिजली की मांग दो हजार से तीन हजार मेगावाट के बीच पहुंच रही है। ऐसे में पतरातू परियोजना की नई यूनिट का संचालन बिजली व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। डीवीसी कमांड एरिया में बिजली वितरण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए डीवीसी और जेबीवीएनएल के संयुक्त उपक्रम (ज्वाइंट वेंचर) का गठन होगा। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री की अध्यक्षता में पिछले दिनों रांची में हुई समीक्षा बैठक में इस पर सहमति बनी है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/26/20 दिनांक : 23.06.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल, पूर्व रेलवे के तहत तारकेश्वर स्टेशन, बर्द्धमान स्टेशन और हावड़ा स्टेशन के पास गुलमोहर कॉलनी, डॉबसन रोड में **मल्टी-शॉपिंग आर्केड** की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव हेतु अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **कैटलॉग सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-26-20, नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 08.07.2026 को 14.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं.** और **विवरण** निम्नानुसार हैं: **एए/1,** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-टीएके-एसटीजीईएन-79-26-2 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), पांच (05) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत तारकेश्वर रेलवे स्टेशन पर मल्टी-शॉपिंग आर्केड की स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एए/2,** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-एसटीजीईएन-80-26-2 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), पांच (05) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत बर्द्धमान रेलवे स्टेशन पर मल्टी-शॉपिंग आर्केड की स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एए/3,** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-एसटीजीईएन-83-26-2 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), पांच (05) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास गुलमोहर कॉलोनी, डॉबसन रोड में मल्टी-शॉपिंग आर्केड की स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **प्रत्याशित बोलीदाताओं को विस्तृत विवरण के लिए ई-ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in देखने का अनुरोध किया जाता है।**


HWH-171/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

नवबिहार टाइम्स
बोकारो,गुरुवार 25 जून 2026

# दलहन और तिलहन का एक-एक दाना खरीदें', किसानों को मिलेगा पूरा दाम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता लाने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एक बड़ा निर्देश जारी किया है। उन्होंने देश की प्रमुख सहकारी संस्थाओं नाफेड और एनसीसीएफ को आदेश दिया है कि वे बिचौलियों के पूरे नेटवर्क को खत्म कर सीधे किसानों से दलहन (दालों) और तिलहन के एक-एक दाने की खरीद करें। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि फसल खरीद के 48 घंटे के भीतर किसानों का पैसा सीधे उनके बैंक खातों में पहुंच जाना चाहिए। अमित शाह ने नई दिल्ली में नाफेड की चार बड़ी डिजिटल और कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत करते हुए यह बातें कहीं।

## दो साल की समय-सीमा तय

सहकारिता मंत्री ने दो साल की समय-सीमा तय की है। इसके तहत अगले दो वर्षों में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि देश का हर किसान सीधे इन दोनों संगठनों को अपनी दालें बेच सके और बिना किसी तीसरे पक्ष के अपना भुगतान सीधे बैंक खाते में पा सके। अमित शाह ने कहा कि इस कदम से किसानों को उनकी फसल का सही और लाभकारी मूल्य (स्र्स्क्र) मिलेगा। जब किसानों को सही दाम का भरोसा होगा, तो देश में दलहन की खेती का रकबा खुद-ब-खुद बढ़ेगा और भारत दालों के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनेगा।

## नाफेड की 4 नई पहल

नाफेड को आर्थिक रूप से मजबूत और पारदर्शी बनाने के लिए अमित शाह ने चार महत्वपूर्ण पोर्टल्स और योजनाओं को लॉन्च किया। ये इस प्रकार हैं: पोर्टल नाफेड इन पोर्टल। यह एक नया डिजिटल ऑक्शन प्लेटफॉर्म है। इसके जरिए खरीदी गई दालों और तिलहन की नीलामी पूरी पारदर्शिता, दक्षता और आसानी से की जा सकेगी। यह डिजिटल इन्वेंट्री मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म है। इसके माध्यम से देश में दालों और तिलहन के स्टॉक (स्टोरेज और लोकेशन) की रियल-टाइम निगरानी की जा सकेगी। यह पोर्टल नाफेड के आंतरिक कामकाज और एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग को मजबूत करेगा, जिससे विभागों के बीच बेहतर तालमेल बनेगा। यह एक स्कॉलरशिप प्रोग्राम है। नाफेड अपने कुल शुद्ध मुनाफे का 1% हिस्सा किसान परिवारों के बच्चों की उच्च शिक्षा और करियर बनाने के लिए छात्रवृत्ति के रूप में देगा।

## नाफेड का शानदार कमबैक

साल 2014 में नाफेड बंद होने के कगार पर पहुंच गया था। लेकिन सरकार के प्रयासों से आज इसका सालाना टर्नओवर 30,000 करोड़ रुपये और नेट प्रॉफिट 405 करोड़ रुपये को पार कर चुका है, जिससे देश के 74 लाख से अधिक किसान जुड़े हुए हैं। अब नाफेड को 50,000 करोड़ रुपये के टर्नओवर का लक्ष्य दिया गया है।

# समझौते की आस में और सस्ता हुआ क्रूड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत की कुछ अच्छी बातें निकल कर सामने आई हैं। संकेत मिले हैं कि दोनों देश के वार्ताकार अगले 60 दिनों के अंदर एक कंप्रिहेंसिव पीस एग्रीमेंट पर पहुंच जाएंगे। इससे इंटरनेशनल क्रूड मार्केट में कुछ नरमी दिखी। आज सुबह स्टेंडर्ड माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड के दाम में कुछ गिरावट दिखी। हालांकि, भारत में पेट्रोल-डीजल बेचने वाली सरकारी तेल कंपनियों ने बुधवार, 24 जून 2026, को भी दाम में कोई बदलाव नहीं किया। अपने यहां बीते 25 मई के बाद दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव बीतने के बाद ही पेट्रोलियम कंपनियों ने बीते मई महीने में चार बार दाम बढ़ा चुकी है। ऐसा महज 11 दिनों में हुआ है। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने सबसे पहले 15 मई 2026 को पेट्रोल 3 रुपये




और डीजल 3.29 पैसे महंगा किया था। इसके बाद 19 मई को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे, 23 मई 2026 को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे और 25 मई 2026 को पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये महंगा किया था। उसके बाद दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अमेरिका और ईरान के वार्ताकार इस समय अच्छी प्रगति पर हैं। देश अगले 60 दिनों के अंदर एक कंप्रिहेंसिव पीस एग्रीमेंट पर पहुंच जाएंगे।

## 4 महानगरों में पेट्रोल का दाम

तेल कंपनियों की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में इसकी कीमत 113.51 रुपये, मुंबई में 111.21 रुपये और चेन्नई में 107.77 रुपये है। एक अनुमान के मुताबिक क्रूड ऑयल महंगा होने से सरकारी तेल कंपनियों को रोजाना पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और जेट फ्यूल पर करीब 750 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। बुधवार को दिल्ली में डीजल का प्रति लीटर दाम 95.20 रुपये है। कोलकाता में यह 99.02 रुपये, मुंबई में 97.83 रुपये और चेन्नई में 99.55 रुपये प्रति लीटर है। कच्चे तेल की कीमत में हाल में काफी बढ़ोतरी हुई है।

# जीपेय, फोनपे या पीटीएम... किसी भी एक ऐप पर दिखेंगे आपके सारे ऑटो-पे मैंडेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डिजिटल पेमेंट को और आसान बनाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम एक बड़े फीचर पर काम कर रहा है। इसके तहत अब सभी यूपीआई थर्ड-पार्टी ऐप्स पर ग्राहकों को उनके सभी इलेक्ट्रॉनिक मैंडेट एक ही जगह देखने की सुविधा मिलेगी। इस कदम का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों के लिए अपने पीरियोडिक पेमेंट्स (मंथली सब्सक्रिप्शन, बिल, श्वस्त्र आदि) को ट्रैक करना और उन्हें मैनेज करना बेहद आसान बनाना है। डिजिटल भुगतान कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक एक ऐसा एप्लिकेशन इंटरफेस तैयार कर रहा है जिसे सभी यूपीआई ऐप्स के लिए खोल दिया जाएगा। पेमेंट हिस्ट्री अब दिखेगी एक ही जगह, 10 स्टेप्स में सीखें पूरा तरीका एक जगह दिखेगी पूरी लिस्ट इस फीचर के लाइव होने के बाद आप चाहे जिस भी यूपीआई ऐप का इस्तेमाल करते हों, आपको अपने सभी एक्टिव ऑटो-पे और मैंडेट की लिस्ट एक ही जगह दिख जाएगी। हालांकि सुरक्षा और सिस्टम की बनावट को ध्यान में रखते हुए अगर आप किसी सब्सक्रिप्शन को कैंसिल करना चाहते हैं।

# उधर अमेरिका ने दी 60 दिन की छूट, इधर भारत के पास दौड़ा चला आया ईरान, सारे टैंकर करना चाहता है खाली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ईरान के पेट्रोलियम उत्पादों पर 60 दिन की छूट की घोषणा की है। इसके बाद खबर है कि




तेहरान भारत सहित एशिया के कुछ सबसे बड़े कच्चे तेल खरीदारों को तेल बेचने की जल्दी में है। सालों तक प्रतिबंधों के कारण ईरान को अपने ज्यादातर तेल निर्यात चीन को करने पड़े। प्रतिबंधों में अस्थायी ढील के साथ तेहरान अब अपने ग्राहकों का दायरा बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। साथ ही टैंकरों में जमा कच्चे तेल के लिए खरीदार खोजने में जुट गया है।

वोर्टेक्स के डेटा और ब्लूमबर्ग की गणनाओं से पता चलता है कि 22 जून तक समंदर में लगभग 6.8 करोड़ बैरल कच्चा तेल और कंडेनसेट तैर रहा था। इस मात्रा में से 80% से ज्यादा के लिए कोई पक्का डेस्टिनेशन नहीं दिखता है। इससे यह बिक्री के लिए उपलब्ध हो सकता है। रिफाइनर ईरान से खरीद करेंगे क्या चीन के बाहर के अन्य एशियाई आयातक बाजार में लौट सकते हैं क्या यूरोपीय या अमेरिकी रिफाइनरों की दिलचस्पी की कोई संभावना है

## ईरान जोर-शोर से करने में जुटा बिक्री

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान को उम्मीद है कि वह इस अस्थायी राहत का पूरा फायदा उठा पाएगा। इससे उसे एक्सपोर्ट फिर से शुरू करने और समुद्र में जमा हो रहे तेल कार्गो के भंडार को कम करने में मदद मिल सकती है। फिर भले ही व्यापक शांति वार्ता जारी रहे। रिपोर्ट में कहा गया है कि बातचीत से जुड़े ट्रेडर, बिचौलिये और नेशनल ईरानी ऑयल कंपनी से जुड़े अधिकारी छूट को औपचारिक रूप से मंजूरी मिलने से पहले ही भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों में रिफाइनरों से संपर्क करने लगे थे। बातचीत सिर्फ तत्काल कार्गो तक सीमित नहीं रही है। ट्रेडरों ने कहा कि ईरान लंबे समय के लिए सप्लाई की व्यवस्था करने की संभावना भी तलाश रहा है। कारण है कि वह उत्पादन बढ़ाना चाहता है। हालांकि, ट्रेडरों के अनुसार, संपर्क किए जाने के बावजूद पूरे एशिया में खरीदार ईरानी कच्चे तेल की ओर लौटने में कोई जल्दबाजी नहीं दिखा रहे हैं।

# फिर औंधे मुंह गिरे सोना-चांदी, 4000 से ज्यादा तक की गिरावट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी की कीमत में गिरावट रुकने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को भी दोनों धातुओं में गिरावट रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर बुधवार सुबह के शुरुआती एक घंटे में ही सोना करीब 2400 रुपये तक गिर गया था। वहीं चांदी में 4000 रुपये से ज्यादा तक की गिरावट आई। हालांकि बाद में कीमतों में कुछ सुधार दिखाई दिया। सोने और चांदी की कीमत में यह गिरावट खरीदारी करने वालों के लिए अच्छा मौका है। सोना और चांदी में आ गई मंदी, सिर्फ 19 दिनों में आसमान से जमीन पर आए दाम, जानें अभी खरीदें या बेच दें बुधवार सुबह 11 बजे अगस्त डिलीवरी वाला सोना प्रति 10 ग्राम 1600 रुपये से ज्यादा गिरकर 1,44,918 रुपये पर कारोबार कर रहा था। वहीं जुलाई डिलीवरी वाली चांदी प्रति किलो 1000 रुपये ज्यादा गिरकर 2,24,793 रुपये पर थी। इस हफ्ते के शुरुआती दो दिनों यानी सोमवार और मंगलवार को भी दोनों धातुओं में गिरावट रही। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी में कमजोरी देखी जा रही है।

# तमिलनाडु आ सकता है बजाज का नया ईवी प्लांट, पैदा होंगी बंपर नौकरियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार के साथ सब्सिडी और इंसेंटिव से जुड़े विवादों के चलते दिग्गज ऑटोमोबाइल कंपनी बजाज ऑटो अपने इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के अगले विस्तार को राज्य से बाहर ले जाने की तैयारी में है।




सीएनबीसी-टीवी18 के मुताबिक इस रेस में तमिलनाडु सबसे आगे चल रहा है। अगर यह कंपनी तमिलनाडु में आती है तो यह सी. जोसेफ विजय ( थलपति विजय ) सरकार के लिए बड़ा मौका होगा। इससे प्रदेश में कई नौकरियां पैदा होंगी। इससे पहले भी कई कंपनियों ने थलपति विजय सरकार के साथ प्रदेश में बड़े निवेश और रोजगार के लिए समझौते किए हैं। यह पूरा मामला महाराष्ट्र सरकार की ईवी पॉलिसी और पैकेज स्कीम ऑफ इंसेंटिव्स के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता (रिइंबर्समेंट) में हो रही देरी से जुड़ा है। महाराष्ट्र सरकार के सामने बार-बार अपनी बात रखने के बावजूद जब इस दिशा में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई, तो बजाज ऑटो ने अपने अगले फेज के ईवी कैपेसिटी एक्सपेंशन के लिए अन्य राज्यों का रुख करना शुरू कर दिया है। महाराष्ट्र ईवी पॉलिसी 2021 के नियमों के मुताबिक कंपनियों को गाड़ी की बिक्री के समय ही सरकारी सब्सिडी का फायदा सीधे ग्राहकों को देना था। बाद में सरकार से उसका रिइंबर्समेंट लेना था।

# सिर्फ 4 महीने में कमा डाले 2 करोड़, पति-पत्नी ने रील्स से चमका दिया बिजनेस, स्मृति ईरानी की भी पड़ी नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी जोधपुर के एक कपल की है। उन्होंने सही स्ट्रेटेजी के दम पर बहुत थोड़े समय में सफल स्टार्टअप खड़ा कर दिया है। श्रेया और वरुण की जोड़ी ने फर्नीचर मार्केट में एक बड़े गैप को पकड़कर ऐसा किया है। उनके स्टार्टअप का नाम 'बिरोह लिविंग' है। सोशल मीडिया पर अपनी मार्केटिंग के बूते इस स्टार्टअप ने स्मृति ईरानी जैसी मशहूर हस्तियों का भी ध्यान खींचा है। सिर्फ 4 महीनों में 2 करोड़ रुपये की बंपर सेल दर्ज कर फर्नीचर मार्केट में हलचल पैदा की है। आइए, यहां श्रेया और वरुण की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। मार्केट में एक गैप पर दिया ध्यान इस स्टार्टअप की कहानी पुणे की श्रेया और जोधपुर के वरुण की शादी के साथ शुरू होती है। श्रेया ने लग्जरी ब्रांड मैनेजमेंट में मास्टर्स किया है। उनके पास क्रिएटिव स्ट्रेटेजी और पीआर का बेहतरीन अनुभव था। वहीं, वरुण अपने फैमिली बिजनेस



'क्रिएटिव ग्लोबल' के जरिए एक दशक से विदेशों में हाई-क्वालिटी फर्नीचर एक्सपोर्ट कर रहे थे। वरुण के पास मैन्युफैक्चरिंग और मटीरियल की गहरी तकनीकी समझ थी। जब दोनों ने भारतीय घरेलू बाजार का अध्ययन किया तो एक चीज पाई। भारत में लोगों के पास या तो बेहद महंगे इंटरनेशनल ब्रांड्स का विकल्प है या फिर स्थानीय कारपेंटर का, जहां फिनिशिंग और मजबूती का भरोसा नहीं होता। इसी कमी को दूर करने के लिए दोनों ने साल 2025 में जोधपुर से अपने स्टार्टअप की शुरुआत की।

## सफर नहीं था आसान

इस सफर की राह आसान नहीं थी। साल 2024 में वरुण और श्रेया ने अपने एक्सपोर्ट बिजनेस की कमाई से इस वेंचर को शुरू किया। कुछ विज्ञापन भी चलाए। लेकिन, इसी बीच वरुण के पिता का निधन हो गया। इसने उन्हें भावनात्मक रूप से तोड़ दिया। कुछ महीनों के ब्रेक के बाद वरुण ने अपने पिता के सपने को पूरा करने के लिए नवंबर 2025 में नए सिरे से रीस्टार्ट किया। उन्होंने एक सोशल मीडिया एजेंसी को साथ लिया। सीधे अपने कारखाने से कारीगरों के काम करने के 'बिहाइंड द सीन्स' वीडियो शेयर करना शुरू किया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही उनके इनबॉक्स में ऑर्डर्स की बाढ़ आ गई। इस देसी और असली ब्रांड की दीवानगी आम लोगों से लेकर मशहूर हस्तियों तक पहुंच गई।

# अब सेलिब्रिटी कर सकेंगे म्यूचुअल फंड हाउस और स्टॉक ब्रोकर का प्रचार, लेकिन नहीं कर पाएंगे ये काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार नियामक सेबी ने मंगलवार को एक बड़ा प्रस्ताव रखा है। इसके तहत स्टॉक ब्रोकर, म्यूचुअल फंड हाउस, इन्वेस्टमेंट एडवाइजर और पोर्टफोलियो मैनेजर जैसी कंपनियां अब अपने ब्रांड या कंपनी के नाम को प्रमोट करने के लिए मशहूर हस्तियों की मदद ले सकेंगी। हालांकि, ये सेलिब्रिटी किसी खास स्कीम, प्रोडक्ट या सर्विस का प्रचार नहीं कर पाएंगे। यह प्रस्ताव कॉमन एडवरटाइजमेंट कोड का हिस्सा है। इसका मकसद विज्ञापन के नियमों को एक जैसा बनाना, कंपनियों के लिए कागजी कार्रवाई कम करना और निवेशकों के हितों की रक्षा करना है। नए नियमों के मुताबिक, सेलिब्रिटी केवल कंपनी के ब्रांड या कॉरपोरेट लेवल पर ही एंडोर्समेंट कर सकते हैं। इसके लिए कुछ शर्तें भी जरूरी होंगी। म्यूचुअल फंड या शेयर में पैसा लगाएं। फिलहाल, सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट की इजाजत सिर्फ म्यूचुअल फंड कंपनियों को इंडस्ट्री लेवल पर है, वह भी सेबी से पहले मंजूरी लेने के बाद। इसके अलावा स्टॉक ब्रोकर, ऑनलाइन बॉन्ड प्लेटफॉर्म, इन्वेस्टमेंट एडवाइजर और रिसर्च एनालिस्ट को विज्ञापन जारी करने से पहले मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी।

**एक्सपर्ट्स की रायः मौका भी, सावधानी भी**

# नवरत्न कंपनी में सरकार बेच रही हिस्सेदारी, शेयर 5% टूटा; निवेशकों के लिए मौका या रिस्क

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार की ओर से हिस्सेदारी बिक्री की घोषणा के बाद रेलवे सेक्टर की सरकारी कंपनी इंडियन रेलवे फाइनेंस कार्पोरेशन के शेयर बुधवार को दबाव में रहे। नवरत्न कंपनी द्बक्रस्नष्ट का शेयर 5% से ज्यादा टूटकर 93.59 रुपये तक पहुंच गया। मंगलवार को शेयर 98.67 रुपये पर बंद हुआ था, जबकि बुधवार को 94 रुपये पर खुला।

केंद्र सरकार के जरिए अपनी 1% हिस्सेदारी बेच रही है, जो करीब 13.06 करोड़ शेयरों के बराबर है। इसके अलावा सरकार ने 1% अतिरिक्त हिस्सेदारी बेचने का विकल्प (ग्रीनशू ऑप्शन) भी रखा है। यानी मांग अच्छी रहने पर कुल 2% हिस्सेदारी बाजार में आ सकती है। स्टॉक एक्सचेंज को बताया है कि फ्लोर प्राइस 91 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। यह शेयर के पिछले बंद भाव से करीब 7.5% कम है। नॉन-रिटेल निवेशकों के लिए बुधवार को खुला, जबकि रिटेल निवेशक गुरुवार को इसमें हिस्सा ले सकेंगे।

सरकार की हिस्सेदारी अभी 84.65%

मार्च 2026 तिमाही के अंत तक में सरकार की हिस्सेदारी 84.65% थी, जबकि रिटेल निवेशकों के पास 9.68% हिस्सेदारी थी। हिस्सेदारी बिक्री के बाद बाजार में शेयरों



की उपलब्धता (फ्री फ्लोट) बढ़ेगी, जिससे स्टॉक की लिक्विडिटी बेहतर हो सकती है।

बिजनेस हेड हर्षल दसानी के मुताबिक का केवल डिस्काउंट पर शेयर खरीदने का मामला नहीं है, बल्कि यह निवेशकों की रेलवे पीएसयू शेयरों में आगे की संभावनाओं पर राय का भी परीक्षण है। उनका कहना है कि रेलवे कैपेक्स फाइनेंसिंग के केंद्र में है और इसका बिजनेस मॉडल सरकारी समर्थन से जुड़ा हुआ है, जिससे बैलेंस शीट का जोखिम कम रहता है। हालांकि, रेलवे शेयरों में पिछले कुछ वर्षों में बड़ी तेजी आ चुकी है, इसलिए वैल्यूएशन अब पहले जितना आकर्षक नहीं माना जा सकता।

कांतिलाल छगनलाल सिक्योरिटीज के महेश ओझा का मानना है कि 91 रुपये का फ्लोर प्राइस मौजूदा बाजार कीमत के मुकाबले आकर्षक दिखता है, लेकिन रिटेल निवेशकों को ह्रस्नस् में भाग लेने से पहले यह देखना चाहिए कि संस्थागत निवेशकों की मांग कैसी रहती है और अंतिम कट-ऑफ प्राइस क्या निकलती है।

ओएफएस भारतीय रेलवे की प्रमुख फाइनेंसिंग कंपनी है और रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार का यह कदम उसके विनिवेश कार्यक्रम का हिस्सा है। इससे पहले इस साल कोल इंडिया, एनएचपीसी, एनएलसी इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और जीआईसी में भी ह्रस्नस् लाया जा चुका है।

# 8वें वेतन आयोग से पहले बड़ा फैसला! कर्मचारियों को मिलेगी पुरानी पेंशन, सरकार ने दी राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 8वें वेतन आयोग को लेकर देशभर के लाखों सरकारी कर्मचारी और पेंशनभोगी बड़ी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। खासकर पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग लगातार तेज होती जा रही है। इसी बीच केंद्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेकर कुछ कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। हालांकि, अभी सभी कर्मचारियों के लिए बहाल नहीं की गई है, लेकिन सरकार ने एक खास कैटेगिरी के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने का रास्ता साफ कर दिया है। आइए जरा विस्तार से इसकी डिटेल्स जानते हैं।

दरअसल, कार्मिक एवं पेंशन मंत्रालय के तहत आने वाले पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने 22 जून 2026 को एक आदेश जारी किया है। इस आदेश के अनुसार, ऐसे कर्मचारी जिन्हें अनुकंपा नियुक्ति मिली है और जिनका आवेदन 31 दिसंबर 2003 या उससे पहले जमा हो चुका था, उन्हें पुरानी पेंशन योजना के तहत शामिल किया जा सकता है, भले ही उनकी नियुक्ति 1 जनवरी 2004 के बाद हुई हो। गौरतलब है कि 1 जनवरी 2004 से केंद्र सरकार ने नई पेंशन प्रणाली लागू की थी। इसके बाद नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को का लाभ नहीं मिलता था। लेकिन कई मामलों में अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन



2003 से पहले जमा हुए थे, जबकि प्रशासनिक प्रक्रियाओं में देरी के कारण नियुक्तियां बाद में हुईं। ऐसे कर्मचारियों को लेकर लंबे समय से असमंजस बना हुआ था कि उन्हें लाभ मिलेगा या नहीं। सरकार के नए आदेश के मुताबिक अब नियुक्ति की तारीख के बजाय आवेदन की तारीख को आधार माना जाएगा। इसका मतलब यह है कि यदि किसी परिवार ने 31 दिसंबर 2003 तक अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन कर दिया था और वह उस समय पात्र था, तो उसे पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिल सकता है। यह फैसला हजारों कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए राहत लेकर आया है। अनुकंपा नियुक्ति उन परिवारों को दी जाती है जिनके परिवार का कोई सरकारी कर्मचारी सेवा के दौरान निधन हो जाए या चिकित्सीय कारणों से सेवानिवृत्त हो जाए। ऐसे परिवारों को आर्थिक संकट से बचाने के लिए सरकार यह सुविधा देती है। इस फैसले का स्वागत ऑल इंडिया एनपीएस एम्प्लॉइज फेडरेशन सहित कई कर्मचारी संगठनों ने किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मंजीत सिंह पटेल ने इसे कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जैसा बताया है। हालांकि उन्होंने सरकार से सभी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने और रिटायरमेंट के बाद सुनिश्चित पेंशन देने की मांग भी दोहराई है। इस बीच 8वें वेतन आयोग की बैठकों में भी पेंशन एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। कर्मचारी संगठन लगातार की बहाली, बेहतर पेंशन सुरक्षा और रिटायरमेंट के बाद निश्चित आय की मांग कर रहे हैं। फिलहाल सरकार का यह फैसला केवल एक सीमित वर्ग के कर्मचारियों के लिए है।



# पर्सनल ट्रेनर 2 में नया अवतार दिखाएंगी टीना दत्ता

ओटीटी की दुनिया में नई वेब सीरीज 'पर्सनल ट्रेनर 2' को लेकर खूब चर्चा हो रही है। इसमें टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री टीना दत्ता फिटनेस ट्रेनर नेहा मल्होत्रा नाम का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा कि वह भूमिका से तुरंत जुड़ गईं, क्योंकि असल जिंदगी में फिटनेस उनके जीवन का अहम हिस्सा है। वह योग, जिम और पिलेट्स रोजाना करती हैं, जिससे उन्हें इस किरदार को समझने में आसानी हुई। अभिनेत्री टीना दत्ता ने कहा, ''मेरा किरदार नेहा मल्होत्रा फिटनेस की शौकीन है। उसके कई शेड्स हैं। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ेगी, इस किरदार की असली सच्चाई और उसके अलग-अलग पहलू धीरे-धीरे सामने आते जाएंगे। यही इस भूमिका को दिलचस्प बनाता है।'' टीना दत्ता ने कहा, ''इस सीरीज में दर्शक मुझे एक ऐसे अवतार में देखेंगे, जो पहले मैंने कभी नहीं निभाया था। जैसे ही मुझे इस शो के पहले सीजन की कहानी समझ आई थी, तभी मैंने दूसरे सीजन के लिए तुरंत हामी भर दी थी। यह प्रोजेक्ट मेरे करियर में एक नया और अलग अनुभव जोड़ने वाला है।''

इस सीरीज में टीना के साथ आकांक्षा पुरी, पूनम पांडे और राहुल सुधीर जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। टीना दत्ता ने सीरी में काम करने के अनुभव को लेकर कहा, ''शूटिंग के दौरान मेरा अनुभव काफी अच्छा रहा, खासकर आकांक्षा पुरी के साथ काम करना मेरे लिए बेहद सुखद रहा। हम दोनों ही फिटनेस को लेकर काफी गंभीर हैं, इसलिए सेट पर अक्सर हम एक-दूसरे से वर्कआउट और हेल्थ टिप्स शेयर करते रहते थे। इससे शूटिंग का माहौल और भी सकारात्मक और ऊर्जा से भरा रहता था।''बता दें कि 'पर्सनल ट्रेनर 2' मुंबई के हाई-प्रोफाइल जिम्स की दुनिया पर आधारित है, जहां फिटनेस के अलावा, पावर गेम्स और छुपी हुई राजनीति भी चलती है। यह सीरीज दिखाती है कि कैसे चमकदार लाइफस्टाइल के पीछे कई बार गहरे राज और संघर्ष छिपे होते हैं।



# कभी फिल्म इंडस्ट्री छोड़ना चाहती थीं निवेथा पेथुराज, 'सिंग गीतम' बना करियर का टर्निंग पॉइंट

साउथ फिल्म इंडस्ट्री को कई सफल फिल्में देने वाली अभिनेत्री निवेथा पेथुराज ने बताया कि साल 2023 में उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री छोड़ने का मन बना लिया था। हालांकि, बाद में परिस्थितियां बदलीं और उन्हें निर्देशक सिंगीतम श्रीनिवास राव की फिल्म 'सिंग गीतम' का हिस्सा बनने का अवसर मिला, जिसने उनके करियर को नई दिशा दी। फिल्म 'सिंग गीतम' की सफलता के बाद आयोजित थैंक्सगिविंग इवेंट में निवेथा ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब वह अभिनय की दुनिया से दूर जाना चाहती थीं। उनके अनुसार, जीवन कभी-कभी ऐसे रास्तों पर ले जाता है, जहां से उसे अपने लिए सही मंजिल का पता चलता है। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने उस समय सिनेमा छोड़ने का फैसला कायम रखा होता, तो शायद आज वह इस खास फिल्म का हिस्सा नहीं बन पातीं।

निवेथा ने फिल्म के निर्माता नाग अश्विन का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नाग अश्विन ने उन्हें दोबारा आत्मविश्वास दिया और अभिनय की दुनिया में लौटने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अभिनेत्री भावुक नजर आईं, उन्होंने कहा कि यदि नाग अश्विन का सहयोग नहीं मिला होता, तो वह शायद किसी शांत स्थान पर आध्यात्मिक जीवन जी रही होतीं। उन्होंने स्वीकार किया कि वह एक अलग जीवन चुनने की सोच रही थीं, लेकिन अब वह पूरी ऊर्जा और विश्वास के साथ अपने करियर में वापस लौट चुकी हैं।

अभिनेत्री ने फिल्म देखने के दौरान अपने भावनात्मक अनुभव का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि फिल्म की कहानी और उसका मैसेज उन्हें बेहद प्रभावित कर गया। उनके अनुसार, यह फिल्म वर्तमान समय की कई महत्वपूर्ण सामाजिक और पर्यावरण संबंधित चुनौतियों को पेश करती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि हर शिशु के जन्म पर एक पौधा लगाने की पहल की जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण में मदद मिल सके।

निवेथा ने यह भी कहा कि उन्हें म्यूजिक बेस्ड फिल्मों और म्यूजिक इवेंट्स से खास लगाव है। उन्होंने बताया कि वह अक्सर लंदन में आयोजित म्यूजिक फेस्टिवल्स में शामिल होती रही हैं और भारत में भी ऐसे आयोजनों की उम्मीद करती थीं। ऐसे में 'सिंग गीतम' जैसी म्यूजिकल फिल्म का हिस्सा बनना उनके लिए बेहद खास अनुभव रहा।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने निर्देशक सिंगीथम श्रीनिवास राव की भी जमकर तारीफ की। निवेथा ने उन्हें 'डायरेक्टर्स के डायरेक्टर' बताते हुए कहा कि उनके साथ काम करना उनके करियर के सबसे यादगार अनुभवों में से एक है। उन्होंने फिल्म की पूरी टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन पर भरोसा जताने के लिए वह सभी की आभारी हैं।



# रणवीर शौरी ने बताया क्यों हर बार नया करने की करते हैं कोशिश

एक्टर रणवीर शौरी अपनी वर्सटैलिटी के लिए जाने जाते हैं। वो अक्सर अपने किरदारों के साथ प्रयोग करते रहते हैं। एक्टर का मानना है कि उन्हें टाइपकास्ट होने से सबसे ज्यादा डर लगता है। इसीलिए वो अपने किरदारों के साथ अलग-अलग तरह का प्रयोग करते रहते हैं।

### मैंने एक जैसे रोल दोहराने की कोशिश नहीं की


पीटीआई के साथ हालिया बातचीत में रणवीर शौरी ने अपने किरदारों और टाइपकास्ट होने के डर को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि मैंने कभी भी एक जैसे रोल दोहराने की कोशिश नहीं की, क्योंकि मैं फिल्म इंडस्ट्री के बाहरी दायरे में पला-बढ़ा हूं। जब से मैं एक्टर बना हूं, टाइपकास्टिंग का डर मुझे परेशान करता रहा है और इसी बात ने मेरे कई फैसलों पर असर डाला है। इसलिए हर बार मैं कुछ नया और बिल्कुल अलग करने की कोशिश करता हूं। मेरी यही कोशिश रहती है।

### 'पिरामिड स्कीम' में नजर आए रणवीर

रणवीर शौरी हाल ही में प्राइम वीडियो की सीरीज 'पिरामिड स्कीम' में नजर आए हैं। सात एपिसोड की यह सीरीज भारत में 'मल्टी-लेवल मार्केटिंग' (रूरूरू) और पोंजी स्कीम के नाम पर होने वाले करोड़ों के घोटालों की कड़वी सच्चाई को उजागर करती है। सीरीज की कहानी सांस्कृतिक रूप से समृद्ध हरिद्वार पर आधारित है। इसमें गोल्डी नाम के एक आकर्षक और मेहनती युवा की कहानी है जो बेहतर जिंदगी की तलाश में है, लेकिन किसी तरह पिरामिड मार्केटिंग की चकाचौंध भरी और अजीब तरह से भरोसेमंद लगने वाली दुनिया में फंस जाता है। इस सीरीज को श्रेयांश पांडे ने बनाया है और आशीष आर. शुक्ला और पांडे ने इसे डायरेक्ट किया है।

# जैकलीन फर्नांडीज अपनी पहली पूर्ण हॉरर फिल्म में आएंगी नजर

जैकलीन फर्नांडीज जल्द ही अपनी पहली पूर्ण हॉरर फिल्म के साथ इस शैली में कदम रखने जा रही हैं। अभिनेत्री काफी समय से इस जॉनर में एक मजबूत और अलग कहानी की तलाश में थीं और अब उन्हें ऐसा प्रोजेक्ट मिल गया है जिसने उन्हें बेहद उत्साहित कर दिया है।सूत्रों के अनुसार, यह फिल्म हॉरर, इमोशन और म्यूजिक का बेहतरीन मिश्रण होगी, जो दर्शकों को एक संपूर्ण सिनेमाई अनुभव देगी। फिल्म में जैकलीन मुख्य भूमिका निभाएंगी, जबकि दो मेल एक्टर्स को पहले ही फाइनल किया जा चुका है। फिलहाल फिल्म का टाइटल, अन्य कलाकारों के नाम और निर्देशक की जानकारी गुप्त रखी गई है।इस फिल्म का निर्माण ख्याति मदान के बैनर नॉट आउट एंटरटेनमेंट के तहत बड़े स्तर पर किया जाएगा। फिल्म की आधिकारिक घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है।सूत्रों का यह भी कहना है कि फिल्म का एक टीज़र और एक गाना पहले ही शूट किया जा चुका है, जबकि कलाकार इन दिनों वर्कशॉप्स में हिस्सा ले रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस महीने के अंत तक शुरू होने की संभावना है।दिलचस्प बात यह है कि जैकलीन इससे पहले भूत पुलिस में नजर आ चुकी हैं, लेकिन वह एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म थी। यह नई फिल्म उनके करियर की पहली पूरी तरह हॉरर फिल्म होगी।वर्क फ्रंट की बात करें तो जैकलीन हाल ही में हाउसफुल 5 में नजर आई थीं और अब वह वेलकम टू द जंगल में दिखाई देंगी, जो 26 जून 2026 को रिलीज होने वाली है।



# 'ढिंढोरा 2' लेकर आएंगे भुवन बाम, नए किरदार की होगी एंट्री

**यूट्यबर से एक्टर बने भुवन बाम की वेब सीरीज 'ढिंढोरा 2' जल्द ही दर्शकों को देखने को मिलेगी। इसकी शूटिंग वह इन दिनों कर रहे हैं। इस वेब सीरीज में एक नए किरदार की एंट्री भी होने वाली है। समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' ने भुवन ने अपनी वेब सीरीज की शूटिंग का जिक्र किया। साथ ही समय रैना के शो में आने की बात भी कही।**


भुवन बाम ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर शो 'ढिंढोरा 2' की घोषणा की। वह सीरीज के किरदार टीटू मामा के गेटअप में नजर आए। उनके साथ एक महिला किरदार भी खड़ी दिखीं। 'ढिंढोरा 2' में वह इस बार नए किरदार की एंट्री करेंगे। समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' के पहले एपिसोड में भी भुवन बाम ने फोन बताया कि वह 'ढिंढोरा 2' की शूटिंग कर रहे हैं। दरअसल, समय रैना ने एक प्रतियोगी की बात फोन पर भुवन बाम से करवाई थी, वह प्रतियोगी भुवन का बहुत बड़ा फैन था।

### भुवन ने ही लिखी है 'ढिंढोरा 2'

'ढिंढोरा 2' को भुवन बाम, अब्बास दलाल, हुसैन दलाल, चेतन डांगे, गोपाल दत्त, शुभम दुबे और अनंत दुबे ने लिखा है। इसे रोहित राज और भुवन बाम ने प्रोड्यूस किया है। इस वेब सीरीज के पहले सीजन को फैंस ने खूब पसंद किया था।

### मल्टी टैलेंटेड हैं भुवन बाम

भुवन बाम एक चर्चित कॉमेडियन, एक्टर, राइटर, सिंगर और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर हैं। उन्होंने यूट्यूब पर भारत में ऑनलाइन स्केच कॉमेडी की शुरुआत की थी। उन्हें अपने चैनल 'बीबी की वाइन' से पहचान मिली, जहां वे मजेदार और अनोखे किरदारों को खुद ही निभाते हैं।






# आयुष्मान खुराना से लेकर तापसी पन्नू तक, इन एक्टर्स ने अच्छी-खासी नौकरी छोड़कर फिल्मी दुनिया में रखा कदम

बॉलीवुड के कई ऐसे सितारे हैं, जो फिल्मों से पहले अच्छी-खासी नौकरी करते थे, लेकिन उनका मुकाम वो नहीं था। इसीलिए उन्होंने नौकरी छोड़कर फिल्मों की और रुख किया। जानिए कुछ ऐसे ही सितारों के बारे में, जो पहले कुछ और थे, और अब जानी-मानी हस्ती। फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमाना आसान नहीं होता। लेकिन कुछ ऐसे स्टार्स भी हैं, जिन्होंने अपनी अच्छी-खासी नौकरी छोड़कर अपने सपनों के पीछे दौड़ लगाई और आखिरकार बड़ी सफलता हासिल की। जानिए कौन थे वो एक्टर्स, जिन्होंने नौकरी छोड़कर फिल्मी दुनिया में कदम रखा।


### आयुष्मान खुराना

फिल्मों में आने से पहले आयुष्मान खुराना रेडियो जॉकी और टीवी प्रेजेंटर थे। उन्होंने एक सुरक्षित मीडिया करियर छोड़कर बॉलीवुड में कदम रखा और सफल हुए।



### सोनू सूद

एक्टर बनने से पहले सोनू सूद ने इलेक्ट्रॉनिक्स में इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और इंजीनियर के तौर पर काम भी किया। लेकिन उन्होंने यह सुरक्षित करियर छोड़कर मुंबई का रुख किया और एक्टिंग में अपना नाम बनाया।



### आर. माधवन

स्टार बनने से पहले आर. माधवन पब्लिक स्पीकिंग और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट ट्रेनर थे। बाद में उन्होंने अपना करियर बदला और टीवी व फिल्मों में एंट्री की।

### परिणीति चोपड़ा



परिणीति चोपड़ा का करियर कॉर्पोरेट दुनिया में था। वह यशराज फिल्म्स के मार्केटिंग डिपार्टमेंट में काम करती थीं, लेकिन बाद में उन्होंने एक्टिंग में डेब्यू किया।

### विक्रांत मैसी

विक्रांत मैसी ने कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। उनके पास दूसरे प्रोफेशनल करियर के मौके भी थे, लेकिन उन्होंने पूरी तरह एक्टिंग पर फोकस किया और आज उन्हें काफी सराहना मिलती है।



### हर्षवर्धन राणे

हर्षवर्धन राणे ने 200 रुपये लेकर मुंबई आए थे। फिल्मों से पहले वो हॉटल में वेटर के तौर पर काम करते थे, जिसके बदले में उन्हें 10 रुपये मिलते थे। इसके अलावा उन्होंने एसटीडी बूथ पर भी काम किया है। काफी समय बाद उन्हें मौका मिला और फिर एक फिल्म आई - 'सनम तेरी कसम', जिसके बाद उनकी जिंदगी बदल गई।

### रणविजय सिंह

रणविजय सिंह पहले आर्मी में जाने की तैयारी कर रहे थे और उनके पास कई दूसरे करियर ऑप्शन भी थे। लेकिन MTV रोडीज ने उनकी जिंदगी बदल दी और वह टीवी पर्सनैलिटी बन गए।

### तापसी पन्नू

तापसी पन्नू ने कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग की है और वह सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल के तौर पर काम कर चुकी हैं। बाद में उन्होंने मॉडलिंग और फिर फिल्मों की दुनिया में कदम रखा।





# गिल वनडे रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे

**दुबई, एजेंसी।** भारत के ओपनर शुभमन गिल ताजा वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने अलग-अलग फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन के बाद टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में भारत के जसप्रीत बुमराह के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी शीर्ष पर बदलाव हुआ है जिसमें इंग्लैंड के अनुभवी खिलाड़ी जो रूट ने फिर से नंबर 1 स्थान हासिल किया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ रूट के 46 और 77 रनों के स्कोर ने उन्हें दो स्थान ऊपर चढ़ने और अपने साथी हैरी ब्रूक और ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड से आगे निकलने में मदद की जिससे वे अपने करियर में 12वीं बार शीर्ष स्थान पर पहुंचे।हालिया प्रदर्शन के बाद गिल तीन स्थान ऊपर चढ़े और अब वनडे बल्लेबाजों में दूसरे स्थान पर हैं जो शीर्ष रैंकिंग वाले डेरिल मिशेल से केवल 24 रेटिंग अंक पीछे हैं। भारत के ही बल्लेबाज ईशान किशन ने भी उल्लेखनीय प्रगति की है और वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में 21 स्थान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 43वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### मैट हेनरी ने की बुमराह की बराबरी

अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज पूरी होने के बाद भारत के गेंदबाजों को भी उल्लेखनीय फायदा हुआ है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह वनडे गेंदबाजों में 16 स्थान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गए जबकि प्रसिद्ध कृष्णा 34 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 58वें स्थान पर आ गए। इसी सूची में ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर 17 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 71वें स्थान पर पहुंच गए। टेस्ट क्रिकेट में न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी टेस्ट गेंदबाजों की नंबर 1 रैंकिंग तक पहुंचने वाले केवल तीसरे न्यूजीलैंडर बन गए हैं। उन्होंने ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मैच जिताने वाले 11 विकेट लेने के बाद शीर्ष पर भारत के बुमराह के साथ बराबरी कर ली। हेनरी के शानदार प्रदर्शन ने न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज को 1-1 से बराबर करने में मदद की और उन्हें शीर्ष स्थान में हिस्सेदारी दिलाई।

# भारतीयों का जलवा: नंबर 1 गेंदबाज बनीं श्री चरणी



**दुबई, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने इतिहास रच दिया है। जारी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अपने शानदार और मैच जिताऊ प्रदर्शन के दम पर वह पहली बार आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग के शीर्ष (नंबर-1) पायदान पर पहुंच गई हैं। आईसीसी की ताजा रैंकिंग अपडेट में उन्हें टूर्नामेंट में लगातार मैच जिताने वाले प्रदर्शनों का बड़ा इनाम मिला है।21 साल की इस युवा खिलाड़ी ने इस वैश्विक प्रतियोगिता में अब तक सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनकर दुनिया में पहला स्थान हासिल किया है। इस धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने इंग्लैंड की स्पिनर लिन्से स्मिथ को नंबर-1 के सिंहासन से नीचे धकेल दिया है।श्री चरणी के करियर में यह एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर है, जिसने महज एक साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद से बहुत तेजी से रफ्तार पकड़ी है। इंग्लैंड की सरजमीं पर चल रहे विश्व कप में उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें भारत का सबसे प्रमुख गेंदबाजी हथियार बना दिया है।

### अन्य गेंदबाजों की रैंकिंग में बड़ा उलटफेर

जहां एक ओर श्री चरणी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया, वहीं इंग्लैंड की लिन्से स्मिथ विश्व कप की अपेक्षाकृत शांत शुरुआत के बाद दो स्थान फिसलकर तीसरे नंबर पर आ गई हैं। उनकी हमवतन खिलाड़ी चार्ली डीन इंग्लैंड के शुरुआती तीन मैचों में पांच विकेट लेने की बदौलत दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं।ताजा रैंकिंग अपडेट में कई प्रमुख गेंदबाजों के स्थान में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला है। पूर्व विश्व नंबर-1 सोफी एक्लेस्टोन चार पायदान की छलांग लगाकर चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज नौ स्थानों के सुधार के साथ 11वें नंबर पर आ गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की किम गार्थ ने सबसे लंबी छलांग लगाई है, जो 25 स्थानों की बढ़त के साथ शीर्ष 20 में शामिल हो गई हैं। पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना सुधार के साथ 25वें और आयरलैंड की ओर्ला प्रेंडरगास्ट भी महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर 26वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

## ऋषभ पंत लखनऊ सुपर जायंट्स से अलग हुए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2027 से पहले दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स ने एक बड़ी ट्रेड डील हुई है। इसके तहत विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स चले गए हैं। वहीं बाएं हाथ के स्पिनर गेंदबाज कुलदीप यादव लखनऊ सुपर जायंट्स से जुड़ गए हैं। पंत ने दिल्ली की तरफ से ही आईपीएल डेब्यू किया था। 2025 सीजन से पहले हुए ऑक्शन में लखनऊ ने उन्हें 27 करोड़ में खरीदा था। ऋषभ पंत दो सीजन लखनऊ सुपर



जायंट्स का हिस्सा रहे। वह टीम के कप्तान भी थे लेकिन एक बार भी प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाए। 2026 सीजन में टीम टेबल में आखिरी नंबर पर रही और पंत ने कप्तानी भी छोड़ दी थी। पंत ने लखनऊ से विदाई पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने फ्रेंचाइजी के पोस्ट को अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में शेयर करते हुए लिखा- थैंक यू टीम।आईपीएल 2025 से पहले हुए मेगा ऑक्शन में एलएसजी ने पंत को 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। दिल्ली कैपिटल्स में उनकी सैलरी में 12 करोड़ की कटौती हो गई है। आईपीएल 2027 में दिल्ली के लिए खेलने के लिए पंत को 15 करोड़ रुपये मिलेंगे। वहीं कुलदीप यादव को दिल्ली कैपिटल्स 13.25 करोड़ देती थी। लखनऊ के लिए खेलने के लिए उन्हें 13.50 करोड़ मिलेंगे।ऋषभ पंत ने 2016 में दिल्ली की तरफ से ही आईपीएल डेब्यू किया था। वह 2024 तक टीम का हिस्सा रहे। इस दौरान पंत ने 43 मैचों में डीसी की कप्तानी की, जिसमें टीम ने 23 मैचों में जीत हासिल की जबकि 20 मैचों में हार का सामना करना पड़ा।

## ऑस्ट्रेलिया का विजय रथ जारी, पाकिस्तान को 113 रन से रौंदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 113 रन से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की और सेमीफाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। एलिस पेरी ने 71 रन बनाने के साथ दो विकेट भी लिए। दूसरी ओर श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने नाबाद 106 रन



की पारी खेलकर आयरलैंड के खिलाफ टीम को नौ विकेट से जीत दिलाई। वहीं न्यूजीलैंड ने स्कॉटलैंड को छह विकेट से हराकर अंतिम चार की उम्मीदें बरकरार रखीं।लीड्स में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 199/7 का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम को पहला झटका मैच की पहली ही गेंद पर बेथ मूनी के रूप में लगा, लेकिन इसके बाद एलिस पेरी और जॉर्जिया वोल ने पाकिस्तान के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए केवल 56 गेंदों में 100 रन की साझेदारी की। वोल ने 39 रन बनाए, जबकि पेरी ने 48 गेंदों में 71 रन की शानदार पारी खेली। अंत में एनाबेल सदरलैंड (27) और निकोला कैरी (26) ने तेजी से रन जोड़कर स्कोर को 199 तक पहुंचाया।जवाब में पाकिस्तान की टीम महज 86 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से मुनीबा अली ने सर्वाधिक 32 रन बनाए, लेकिन बाकी बल्लेबाज टिक नहीं सके। पाकिस्तान की पारी तीन रन आउट से भी प्रभावित रही। गेंदबाजी में पेरी ने एक ही ओवर में दो विकेट झटके, जबकि कप्तान सोफी मोलिन्यूक्स और सदरलैंड ने भी दो-दो विकेट लिए।

# पुर्तगाल की जीत में रोनाल्डो रहे हीरो घाना ने इंग्लैंड को बराबरी पर रोका



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फीफा विश्व कप 2026 के 13वें दिन चार मुकाबले हुए। पुर्तगाल की टक्कर उज्बेकिस्तान, इंग्लैंड की घाना, क्रोएशिया की पनामा और कोलंबिया की डीआर कांगे से हुई। दिन के पहले मैच में क्रिस्टियानो रोनाल्डो का जादू देखने को मिला। टीम के पहले मैच में फेल होने की वजह से आलोचना झेलने वाले रोनाल्डो ने दो गोल दागे। इसके साथ ही प्रबल दावेदार इंग्लैंड की टीम घाना के डिफेंड से नहीं भेद पाई। 2018 की फाइनलिस्ट क्रोएशिया इस साल टूर्नामेंट में खाता खुल गया है तो पनामा के नॉकआउट में जाने की उम्मीद खत्म हो गई। वहीं कोलंबिया नॉकआउट में पहुंचने वाला 7वां देश बन गया है।

### उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो गोल

ग्रुप के मुकाबले में पुर्तगाल ने उज्बेकिस्तान को 5-0 के बड़े अंतर रौंदा। जीत के नायक स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो रहे, जिन्होंने मुकाबले में 2 गोल किए। पुर्तगाल ने इस जीत के साथ ही राउंड ऑफ 32 में पहुंचने की अपनी दावेदारी को भी मजबूत कर लिया है। टीम के 2 मुकाबलों के बाद अब 4 प्वाइंट हो गए हैं। मैच के छठे मिनट में ही रोनाल्डो ने अपनी क्लास दिखाई और टीम के लिए पहला गोल करते हुए 1-0 की बढ़त दिला दी। इस गोल के साथ ही रोनाल्डो ने ऐतिहासिक उपलब्धि भी हासिल की। वह छह विश्व कप में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने। पुर्तगाल की बढ़त को मैच के 17वें मिनट में ही नुनो मेंडेस ने दोगुना कर दिया।

इसके बाद मैच के 39वें मिनट में रोनाल्डो ने अपना दूसरा और मैच का तीसरा गोल दागा। रोनाल्डो के इस गोल के दम पर पुर्तगाल ने पहले हाफ का अंत 3-0 की बढ़त के साथ किया। दूसरे हाफ में उज्बेकिस्तान के गोलकीपर नेमातोव गलती से अपना ही गोल कर बैठे, जिसके चलते पुर्तगाल की बढ़त 4-0 हो गई। मैच के 87वें मिनट में राफा लियाओ ने पांचवां गोल किया और पुर्तगाल की धमाकेदार जीत पर मुहर लगा दी।

### घाना ने इंग्लैंड को बराबरी पर रोका

इंग्लैंड और घाना के बीच खेला गया मुकाबला गोलरहित ड्रॉ पर खत्म हुआ। घाना के डिफेंस ने मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। इंग्लैंड ने मैच में पहला बड़ा मौका 13वें मिनट में बनाया, जब डेक्लान राइस की लंबी दूरी की फ्री-किक गोल पोस्ट के ऊपर से निकल गई। पहले हाफ में जूड बेलिंगहैम का एक शॉट घाना के दो डिफेंडर ने ब्लॉक किया। वहीं, राइस ने नोनी मडुके के क्रॉस पर हेडर लगाया, लेकिन उन्हें भी सफलता नहीं मिली। हाफ टाइम से ठीक पहले कप्तान हैरी केन के पास गोल करने का अच्छा मौका था, लेकिन वह भी घाना के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे।दूसरे हाफ में इंग्लैंड ने और तेजी से हमले किए। इलियट एंडरसन का करीब से लगाया गया हेडर ब्लॉक हो गया, जबकि एंथनी गॉर्डन के शॉट को घाना के गोलकीपर बेंजामिन असारे ने शानदार तरीके से बचा लिया।

### मेसी के नाम से चिढ़ गए रोनाल्डो, मुझे नहीं पता कि क्या जवाब दूं



फीफा वर्ल्ड कप 2026 में पुर्तगाल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान को 5-0 से हराया। इस मुकाबले में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने दो शानदार गोल दागे। रोनाल्डो ने मैच के छठे मिनट में ही पुर्तगाल के लिए पहला गोल किया। इस गोल के साथ ही वह छह विश्व कप में गोल करने वाले दुनिया के इकलौते खिलाड़ी बने। इसके बाद उन्होंने मैच के 39वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। रोनाल्डो वर्ल्ड कप में पुर्तगाल के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी भी बन गए। उनके नाम अब 10 वर्ल्ड कप गोल हो गए हैं।मिक्स्ड जोन इंटरव्यू के दौरान स्पेनिश पत्रकार ने लियोनेल मेसी के बारे में क्रिस्टियानो रोनाल्डो से सवाल पूछने लगे। ऐसा लग रहा था कि वह अर्जेंटीना के कप्तान और किलियन एम्बाप्पे दोनों के बारे में बोलने वाले थे लेकिन शायद रोनाल्डो को यह सवाल पसंद नहीं आया। वह सवाल पूरा होने से पहले ही दूसरी तरफ मुड़ गए और दूसरे पत्रकार की ओर इशारा किया और उनसे सवाल पूछने को कहा। वह रिपोर्टर अपना सवाल पूरा नहीं कर पाया।

## झारखंड टी-20 लीग के दौरान रांची स्टेडियम के बाहर भगदड़, 5 लोग घायल

**रांची (एजेंसी)।** जेएससीए स्टेडियम में झारखंड टी20 लीग के फाइनल के दौरान वेस्ट गेट पर बहुत ज्यादा भीड़ होने की वजह से भगदड़ मच गई जिसमें पांच लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। रांची के जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में लीग फाइनल देखने के लिए क्रिकेट फैन्स की भारी भीड़ जमा हुई थी। खेल शुरू होने से पहले बड़ी संख्या में दर्शक एक साथ वेस्ट गेट पर पहुंच गए जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एंट्री के समय भीड़ के अचानक बढ़ने से गेट पर धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इस हंगामे में कुछ दर्शकों को मामूली चोटें आईं। खबरों के मुताबिक जब परेशान फैन्स आगे बढ़ने लगे तो गेट और बैरिकेड्स को भी नुकसान पहुंचा। हालात की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षाकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और भीड़ को काबू में किया।

## ट्रीसा-गायत्री की शानदार जीत, महिला युगल के दूसरे दौर में बनाई जगह

**कैलिफोर्निया (एजेंसी)।** भारत की स्टार महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। कॉमनवेल्थ गेम्स पदक विजेता इस भारतीय जोड़ी ने अपने पहले मुकाबले में स्पेन की पाउला लोपेज और लूसिया रोड्रिग्ज को रोमांचक मुकाबले में हराया।

कैलिफोर्निया में खेले गए इस मुकाबले में ट्रीसा और गायत्री ने स्पेनिश जोड़ी को 21-12, 14-21, 21-13 से मात दी। भारतीय जोड़ी ने पहला गेम आसानी से अपने नाम किया, लेकिन दूसरे गेम में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। हालांकि निर्णायक तीसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों ने शानदार वापसी की और दमदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हाल ही में इंडोनेशिया

### यूएस ओपन बैडमिंटन



ओपन के दौरान प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन में लौटी थी। ट्रीसा ने चोट के कारण करीब तीन महीने का रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद कोर्ट पर वापसी की थी। वापसी के बाद दोनों खिलाड़ियों का प्रदर्शन लगातार बेहतर होता नजर आ रहा है।

## ब्राजील से लेकर मेक्सिको तक, फीफा वर्ल्ड कप में आज भिड़ेंगी 12 टीमें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप चरण में रोमांच अपने चरम पर पहुंच चुका है। 25 जून की सुबह टूर्नामेंट में 6 अहम मुकाबले लेकर आने वाली है। जिनके बाद ग्रुप ए, बी और सी की अंतिम स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। कई टीमों की नॉकआउट में जगह लगभग तय है, जबकि कुछ टीमों के लिए यह करो या मरो का मुकाबले होंगे। आइए जानते हैं कि आप भारत में इन मुकाबलों को कब और कितने बजे से देख पाएंगे।




**स्विट्जरलैंड बनाम कनाडा** -ग्रुप बी का यह सबसे बड़ा मुकाबला माना जा सकता है।। दोनों टीमों के चार-चार अंक हैं और विजेता टीम ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है। कनाडा ने पिछले मैच में कतर को 6-0 से हराकर शानदार फॉर्म दिखाई थी। वहीं स्विट्जरलैंड ने बोस्निया एवं हर्जेगोविना को 4-1 से हराकर आत्मविश्वास बढ़ाया है। दोनों टीमों का आक्रमण मजबूत दिखा है। इसलिए यह मुकाबला काफी रोमांचक रहने की उम्मीद है।

**बोस्निया और हर्जेगोविना बनाम कतर** - बोस्निया और हर्जेगोविना बनाम कतर मैच में दोनों टीमें एक-एक अंक के साथ उतरने वाली हैं। नॉकआउट में जाने की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए दोनों को जीतना जरूरी है। कतर को पिछले मैच में कनाडा के हाथों 0-6 की करारी हार मिली थी, जिससे टीम का मनोबल प्रभावित हुआ है। दूसरी ओर बोस्निया भी स्विट्जरलैंड के खिलाफ4-1 से बड़ी हार झेल चुका है। ऐसे में दोनों टीमें जीत के साथ टूर्नामेंट में बने रहने की कोशिश करेंगी।

**मोरक्को बनाम हैती** -मोरक्को शानदार लय में है और चार अंकों के साथ ग्रुप सी में शीर्ष स्थान की दौड़ में बनी हुई है। टीम ने स्कॉटलैंड को 1-0 से हराकर अपनी मजबूती साबित की थी। दूसरी ओर हैती लगातार दो मैच हार चुका है और टूर्नामेंट से लगभग बाहर हो चुका है। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए मोरक्को इस मुकाबले को जीतने का प्रबल दावेदार है।

# भारत-आयरलैंड टी20 सीरीज कल से

### टीम इंडिया को एक बार हार का मुंह भी देखना पड़ा है

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय टीम आयरलैंड के दौरे पर पहुंच गई है। दोनों टीमों के बीच 2 मैचों की टी20 सीरीज होगी। ये मुकाबले 26 और 28 जून को खेले जाएंगे। टीम इंडिया चौथी बार आयरलैंड के दौरे पर पहुंची है। पहली बार टीम ने 2007 में यहां का दौरा किया था। उसके बाद 2018, 2022 और 2023 में भी टीम यहां खेल चुकी है।

#### आयरलैंड के खिलाफ 100 प्रतिशत रिकॉर्ड

भारतीय टीम ने आयरलैंड के खिलाफ उसके घर में अभी तक एक वनडे और 6 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। सभी मैचों को टीम इंडिया ने जीता है। 2007 में हुए वनडे को भारत ने 9 विकेट से जीता था। यह रोहित शर्मा का डेब्यू मैच भी था। 2018 में टीम ने टी20 सीरीज को 2-0 से जीता, 2022 और 2023 में भी 2-0 से ही जीत मिली।

#### टीम इंडिया आयरलैंड में एक मैच हार चुकी

आयरलैंड में भारतीय टीम को अभी तक सिर्फ एक ही मैच में हार मिली है। 2007 में आयरलैंड के खिलाफ वनडे मैच खेलने के बाद भारतीय का मुकाबला तीन मैचों की सीरीज में साउथ अफ्रीका से हुआ था। उस सीरीज के पहले मैच को साउथ अफ्रीका ने 4 विकेट से जीता था। अगले दो मैचों को 6-6 विकेट से जीतकर भारत ने सीरीज को अपने नाम कर लिया था। उन तीन मैचों में सचिन तेंदुलकर दो बार नर्वस नाइंटी में आउट हुए थे और प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड भी जीता था।

### वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू पर टिकी निगाहें, आयरलैंड में बन सकता है इतिहास




भारत के 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। भारत और आयरलैंड के बीच 26 जून से बेलफास्ट में शुरू होने वाली दो मैचों की टी20 सीरीज में उनके डेब्यू की संभावना है। पूर्व भारतीय और आयरलैंड क्रिकेटर एमवी नरसिम्हा राव का मानना है कि अगर वैभव को मौका मिलता है तो यह आयरलैंड क्रिकेट इतिहास का यादगार दिन होगा।राव ने बताया कि बेलफास्ट के स्टॉर्मोंट मैदान की क्षमता करीब 7,000 दर्शकों की है, लेकिन वैभव को देखने के लिए यूरोप के कई देशों से क्रिकेट प्रशंसक टिकट तलाश रहे हैं। उनके मुताबिक पेरिस समेत अन्य शहरों से भी लोग मैच देखने की योजना बना रहे हैं।नरसिम्हा राव ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में वैभव को लेकर आयरलैंड में असाधारण उत्साह पैदा हुआ है। अगर यह युवा बल्लेबाज आयरलैंड में भारत के लिए पदार्पण करता है तो वह पल ऐतिहासिक और बेहद खास होगा।पूर्व क्रिकेटर का मानना है कि बेलफास्ट की परिस्थितियां वैभव के अनुकूल साबित हो सकती हैं क्योंकि वहां की पिचें अपेक्षाकृत धीमी रहती हैं और आयरलैंड के पास दुनिया के सबसे तेज गेंदबाजों जैसी रफ्तार नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### बैंक जाने से पहले देखें छुट्टियों की लिस्ट, इस हफ्ते लगातार तीन दिन रहेंगे बंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर इस हफ्ते आप किसी काम से बैंक जाने वाले हैं तो आपको ब्रांच में कब-कब हॉलिडे रहेगा इसके बारे में पता होना



चाहिए। दरअसल, दिल्ली-एनसीआर सहित देशभर में इस हफ्ते लगातार तीन दिन बैंक बंद रहने वाले हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि 26 जून को मुहर्रम होने की वजह से बैंक में काम-काज नहीं होगा और 27 जून को महीने का चौथा शनिवार पड़ रहा है इसलिए बैंक हॉलिडे रहेगा। क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का नियम के मुताबिक, बैंकों में महीने के दूसरे और चौथे सटरडे को अवकाश रहता है। वहीं, 28 जून को रविवार पड़ने के कारण बैंक बंद रहेंगे। बैंक बंद होने पर कैसे हो सकता है आपका काम? अगर आपके शहर में बैंक बंद हैं तो टेंशन मत लो। ब्रांच बंद रहेगी, लेकिन डिजिटल बैंकिंग तो चालू ही रहेंगी। नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और बैंक ऐप जैसी डिजिटल सेवाएं 24×7 चलती रहती हैं। इस माध्यम से आप पैसे भेज सकते हैं, रिसीव कर सकते हैं, ऑनलाइन पेमेंट और बैलेंस चेक भी कर सकते हैं। कैश जमा करने के लिए बैंकों के बाहर लगी मशीन का इस्तेमाल करें। एटीएम से पैसे निकालने की सुविधा भी हमेशा की तरह मिलती रहेगी।

### सुबह धूल तो दोपहर में ओजोन गैस बनी सबसे बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गर्मियों के मौसम में दिल्ली की तपती धूप न सिर्फ तापमान बढ़ा रही है,



बल्कि हवा में प्रदूषण के पैटर्न को भी बदल रही है। शोध संस्था ''एनवायरोकैटालिस्ट्स'' और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के ताजा विश्लेषण से पता चला है कि गर्मियों में प्रदूषण का स्तर पूरे दिन एक जैसा नहीं रहता। सुबह के समय गाड़ियों का ट्रैफिक और उड़ती धूल जहां हवा खराब कर रही है, वहीं दोपहर में तेज धूप के कारण ओजोन गैस का ग्राफ ऊपर जा रहा है। ऐसे में प्रदूषण से निपटने के लिए अब दिन के घंटों के हिसाब से ''टाइम-स्पेसिफिक'' तैयारी करनी होगी। इस अध्ययन में गर्मियों (अप्रैल-जून 2026) के मुख्य प्रभाव और सर्दियों (दिसंबर 2025-जनवरी 2026) के संदर्भ के साथ पीएम 2.5, पीएम 10 और ओजोन के व्यवहार को देखा गया है। आंकड़ों के मुताबिक, बारीक प्रदूषण यानी पीएम 2.5 गर्मियों में सुबह 9 बजे ट्रैफिक शुरू होने पर 77 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के स्तर पर पहुंच जाता है, जबकि सर्दियों में यही प्रदूषण आधी रात के वक्त 244 माइक्रोग्राम के चरम स्तर पर रहता है। इसी तरह, मोटे कणों वाला प्रदूषण (पीएम 10) गर्मियों में भी बड़ी मुसीबत बना हुआ है। उड़ती धूल के कारण सुबह 9 से 10 बजे और आधी रात को पीएम 10 का स्तर काफी बढ़ जाता है। हैरान करने वाली बात यह है कि गर्मियों में एक घंटे के दौरान पीएम 10 का सबसे खराब स्तर 718 माइक्रोग्राम दर्ज किया गया, जो सर्दियों के सबसे खराब स्तर (705 माइक्रोग्राम) से भी ज्यादा था। जहरीली ओजोन गैस की असली समस्या मुख्य रूप से गर्मियों में ही खड़ी होती है। ओजोन गैस सीधे किसी सोर्स से नहीं निकलती, बल्कि तेज धूप और गाड़ियों-फैक्ट्रियों से निकलने वाली गैसों के आपसी केमिकल रिएक्शन से बनती है। यही वजह है कि गर्मियों में दोपहर 3 से 4 बजे के बीच ओजोन का स्तर सबसे ज्यादा होता है, जो सर्दियों से 33 प्रतिशत अधिक है।

# दिल्ली-एनसीआर में आंधी-बारिश से बदला मौसम, 29 जून तक गर्मी से राहत के आसार

## 29 जून तक बनी रहेगी ऐसी स्थिति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दोपहर बाद राजधानी में मौसम का अलग ही मिजाज देखने को मिला। मौसम विभाग का पूर्वानुमान आंशिक रूप से बादल छाए रहने और गर्जन वाले बादल बनने का था, लेकिन तेज रफ्तार आंधी और उसके बाद हुई वर्षा ने सभी को हैरत में डाल दिया। इससे गर्मी कुछ कम हुई तो दिल्लीवासियों ने भी राहत महसूस की। अगले कुछ दिन ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है।





मंगलवार को सुबह आसमान साफ था। तेज धूप भी निकल आई थी, जो दिन चढ़ने के बाद और तीखी होती गई। दोपहर बजे के पश्चात मौसम ने एकाएक करवट ले ली। आसमान में काले बादल छा गए। देखते ही देखते धूल भरी तेज आंधी चलने लगी, जिसकी रफ्तार पालम में सर्वाधिक 91 किमी प्रति घंटे तक दर्ज की गई।

इस दौरान दोपहर दो से ढाई बजे के बीच आइजीआइ एयरपोर्ट पर दृश्यता का स्तर छह हजार मीटर से घटकर महज 800 मीटर रह गया। इतना ही नहीं, इस दौरान अलग अलग जगहों पर तापमान में भी लगभग 15 डिग्री तक की गिरावट देखने को मिली। हालांकि ओवर आल मंगलवार का अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान ज्यादा ही रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक 40.1 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री कम 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 92 से 28 प्रतिशत रहा। वर्षा शाम साढ़े पांच बजे तक 8.4 मिमी रिकॉर्ड की गई।

स्काईमेट वेदर के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी महेश पलावत ने बताया कि मौसम में अचानक आए इस बदलाव की वजह पश्चिमी विक्षोभ बनने के साथ साथ दिल्ली और एनसीआर के आसपास के कुछ ट्रफ गुजरना भी रहा। कमोबेश ऐसी ही स्थिति 29 जून तक बनी रहेगी। हालांकि तापमान में कोई खास अंतर देखने को नहीं मिलेगा।

## एलजी ने दिए अभियान तेज करने के निर्देश

### टीबी उन्मूलन में राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन कर रही दिल्ली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीबी उन्मूलन में राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन कर रही है दिल्ली। दिल्ली ने 88 प्रतिशत अपफ्रंट एनएएटी (न्यूक्लिक एसिड



एम्प्लीफिकेशन टेस्ट) जांच और 47 प्रतिशत टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी) कवरेज हासिल किया गया है, जो शुरुआती पहचान और रोकथाम के प्रयासों को दर्शाता है। भारत अभियान' की प्रगति की समीक्षा में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू को दी। उन्होंने टीबी नियंत्रण कार्यक्रम को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा में दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निक्षय पोषण योजना के तहत लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सहायता राशि का भुगतान तेज किया जाए। साथ ही उच्च जोखिम वाले वार्डों में एक्स-रे स्क्रीनिंग को और प्रभावी बनाने के लिए परिचालन संबंधी बाधाओं को दूर करने पर भी जोर दिया जाए। बैठक में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'टीबी मुक्त भारत' के संकल्प के अनुरूप दिल्ली सरकार शीघ्र पहचान, समय पर उपचार, सामुदायिक भागीदारी और सभी नागरिकों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य विभाग को अभियान की गति बनाए रखते हुए टीबी उन्मूलन के लक्ष्य की दिशा में प्रयास तेज करने के निर्देश दिए गए।

## संपत्तिकर के साथ अब ऑनलाइन मिलेगा ट्रेड लाइसेंस, एमसीडी की नई व्यवस्था से दिल्ली के 50 हजार दुकानदारों को राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के व्यापारियों और दुकानदारों को जनरल ट्रेड लाइसेंस (जीटीएल) को लेकर बड़ी राहत मिली है। एमसीडी ने संपत्तिकर के साथ ट्रेड लाइसेंस को जोड़ दिया है। अब व्यापारी संपत्तिकर के साथ सिर्फ 15 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क देकर इंटरनेट माध्यम से जीटीएल ले सकेंगे। एमसीडी के अनुसार, व्यापारी और दुकानदार 30 जून तक छूट के साथ संपत्तिकर जमा करा सकते हैं। उसके बाद भी संपत्तिकर का 15 प्रतिशत जमा कराकर ट्रेड लाइसेंस प्राप्त किया जा सकता है। एमसीडी की इस पहल से दिल्ली के करीब 50 हजार दुकानदारों को लाभ होगा। उन्होंने इंस्पेक्टरराज तथा कागजी कार्रवाई की जटील प्रक्रिया से राहत मिलेगी। हालांकि, पहले दिन जीटीएल जमा करने की प्रक्रिया में विसंगतियां भी सामने आई। कुछ दुकानदारों ने इस वर्ष के शुल्क भुगतान की जगह वेबसाइट पर पिछले वर्ष का शुल्क भुगतान दिखने का मामला बताया। कमला नगर ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने बताया कि उन्होंने इस वित्तीय वर्ष के लिए जीटीएल भरा है लेकिन इंटरनेट माध्यम से मिली रसीद में भुगतान पिछले वित्तीय वर्ष यानि वर्ष 2025-26 का दिख रहा है।

## मूनक नहर में डूबे दो दोस्तों के शव 30 घंटे बाद बरामद, परिवारों में पसरा मातम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बवाना इलाके में स्थित मूनक नहर में नहाने गए प्रशांत और सत्यम का शव बवाना हनुमान मंदिर से कुछ दूरी पर नहर से बरामद हुआ। इनमें से प्रशांत का शव सोमवार की देर रात्रि और सत्यम का शव मंगलवार की सुबह को बरामद किया गया। इस घटना के बाद परिजनों के बीच मातम पसरा हुआ है हालांकि दोनों का अंतिम संस्कार नांगलोई के समीप श्मशान घाट पर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, रविवार शाम को हुई घटना के बाद सोमवार और मंगलवार को भी सर्च अभियान चलाया गया था जिसके बाद दोनों के शव बरामद हुए। एनडीआरएफ और बोट क्लब के गोताखोर करीब 30 घंटे तक अधिक समय तक तलाशी अभियान चलाया। रविवार शाम को हुई इस घटना में नहर में डूबे दोनों युवकों सत्यम और प्रशांत का पहले कुछ पता नहीं चल पा रहा था जबकि मनीष इस घटना में बाल बाल बच गया था। प्रशांत, सत्यम और मनीष तिवारी तीनों दोस्त हैं और घटना के वक्त स्कूटी से नहर किनारे पहुंचे थे। बताया जाता है कुछ समय बाद सभी नहर में नहाने के लिए उतरे। लेकिन इस दौरान अचानक गहराई वाले हिस्से में पहुंचने के बाद इन लोगों का संतुलन बिगड़ गया और तीनों पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गए। वहां मौजूद कुछ लड़कों ने तुरंत मदद की कोशिश की और रस्सी के सहारे मनीष को किसी तरह से बाहर निकाल लिया। जबकि प्रशांत और सत्यम बाहर नहीं निकल पाए थे। डूबे हुए दोनों दोस्तों की पहचान गांव बहरिया, प्रयागराज निवासी सत्यम (20) और कुंडा, प्रतापगढ़ निवासी प्रशांत पांडेय (19) के रूप में हुई है।

## दावे बड़े, हकीकत खोखली: दिल्ली में बारिश का पानी नहीं सहेज पा रहे सरकारी रेन हार्वेस्टिंग प्लांट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** द्वारका, नजफगढ़, महरौली, पूर्वी और दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के कई हिस्से भूजल संकट से जूझ रहे हैं। ये वही क्षेत्र हैं जहां वर्षों से सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, अस्पतालों और अन्य सरकारी परिसरों में वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) संरचनाएं स्थापित होने के दावे सरकारी दावे हैं। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि यदि हजारों सरकारी भवनों में वर्षा जल संचयन व्यवस्था है तो इन क्षेत्रों में भूजल की दयनीय स्थिति क्यों बनी हुई है।



केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) के अनुसार दिल्ली की 34 भूजल आकलन इकाइयों में से 13 ओवर-एक्सप्लाइटेड और 12 क्रिटिकल श्रेणी में हैं। ओवर-एक्सप्लाइटेड का अर्थ है कि जितना भूजल जमीन में वापस पहुंच रहा है, उससे अधिक निकाला जा रहा है, जबकि क्रिटिकल श्रेणी उन क्षेत्रों को दर्शाती है जहां भूजल दोहन चिंताजनक स्तर पर पहुंच चुका है। पड़ताल में सामने आया कि राजधानी में वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी विभागों ने बड़े पैमाने पर संरचनाएं स्थापित हैं। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) और विभिन्न सरकारी एजेंसियों के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली के करीब 9,148 सरकारी भवनों में से 7,596 में वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित है। इसके अलावा 500 नए सिस्टम विकसित करने और 1,000 पुराने सिस्टम को पुनर्जीवित किया जा रहा है।

# 27 वर्षीय भारतीय महिला ने जीता फ्री लग्जरी अपार्टमेंट

**दुबई , एजेंसी।** दुबई में रहने वाली 27 वर्षीय भारतीय महिला की किस्मत उस समय चमक गई जब उसने एक शॉपिंग कैंपेन के जरिए मुफ्त में एक स्टूडियो अपार्टमेंट जीत लिया। केरल मूल की आयशा अमीर इस विशेष आवासीय अभियान की पहली विजेता बनी हैं, जिसे दुबई में ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए शुरू किया गया है।

जानकारी के अनुसार, आयशा ने शहर में खरीदारी के दौरान एक लकी ड्रॉ में हिस्सा लिया था। इस अभियान के तहत ग्राहकों को भाग लेने वाले स्टोर्स से कम से कम 500 दिरहम की खरीदारी करनी होती है। इसके बाद त्त्क्र कोड स्कैन कर खरीदारी की रसीद अपलोड करनी होती है, जिससे उनका नाम ड्रॉ में शामिल हो जाता है।

आयशा ने बताया कि उन्हें इस अभियान की जानकारी उनके पति ने दी थी। उन्होंने मॉल और सोशल मीडिया पर इसके विज्ञापन देखे थे, जिसके बाद आयशा ने भी इसमें हिस्सा लेने का फैसला किया। जब उन्हें जीत की सूचना देने के लिए फोन आया तो शुरुआत में उन्हें विश्वास नहीं हुआ। उन्हें लगा कि शायद कोई धोखाधड़ी करने की कोशिश कर रहा है। हालांकि बाद में आयोजकों की ओर से आधिकारिक ईमेल और जरूरी जानकारी मिलने के बाद उन्हें यकीन हुआ कि उन्होंने वास्तव में एक लग्जरी स्टूडियो अपार्टमेंट जीत लिया है। आयशा और उनके पति पिछले साल विवाह बंधन में बंधे थे और भविष्य में अपना घर खरीदने की योजना बना रहे थे। लेकिन इस साल क्षेत्रीय परिस्थितियों और अनिश्चितताओं के कारण उन्होंने फिलहाल अपना फैसला टाल दिया था। ऐसे में



मुफ्त अपार्टमेंट जीतना उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा साबित हुआ। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग दूसरों को बड़े इनाम जीतते हुए देखते हैं और सोचते हैं कि ऐसा उनके साथ कभी नहीं होगा। लेकिन उनकी जीत यह साबित करती है कि कभी-कभी किस्मत अप्रत्याशित तरीके से भी दरवाजा खटखटा सकती है। इस अभियान के तहत कुल 12 अपार्टमेंट विजेताओं को दिए जाएंगे। अगस्त के अंत तक हर सप्ताह नए विजेताओं की घोषणा की जाएगी। इस पहल में करीब 1,000 ब्रांड और 4,000 से अधिक रिटेल आउटलेट शामिल हैं। आयोजकों का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ खरीदारी को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि दुबई के निवासियों और ग्राहकों को खास अनुभव देना भी है। सरल प्रक्रिया और आकर्षक इनामों के कारण यह कैंपेन लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

## ग्रीन कार्ड धारकों की बढ़ीं मुश्किलें, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का फैसला- अपराध किया तो मिलेगा देश निकाला

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक अहम फैसला दिया, जिससे अमेरिका में रहने वाले ग्रीन कार्ड धारकों की परेशानी बढ़ना तय है। दरअसल इस फैसले के बाद अगर कोई ग्रीन कार्ड



धारक नैतिक पतन से जुड़ा अपराध करता है तो उसे स्थायी नागरिक होने के बाद भी अमेरिका से निर्वासित किया जा सकेगा। अमेरिका के सीमा सुरक्षा अधिकारियों को अब ऐसे लोगों को अमेरिका से निकालना आसान होगा। अमेरिकी न्यायाधीश क्लेरेंस थॉमस ने फैसले में कहा कि आव्रजन अधिकारियों को अब स्पष्ट सबूतों की जरूरत नहीं होगी और अगर उन्हें लगता है कि अपराध हुआ है तो भी वे कार्रवाई कर सकते हैं। जज ने कहा कि अप्रवासन और नेशनलिटी एक्ट में सबूतों की जरूरत की बात नहीं है। दरअसल एक याचिकाकर्ता मुक चोइ लाउ ने अपनी याचिका में बताया कि वह चीनी नागरिक है, लेकिन उसके पास अमेरिका में स्थायी निवास के लिए ग्रीन कार्ड है। ट्रेडमार्क में जालसाजी के आरोप में लाउ को साल 2012 में चीन से लौटते समय न्यूयॉर्क के जॉन एफ कैनेडी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रवेश नहीं दिया गया था। हालांकि उस समय उन्हें सशर्त प्रवेश की मंजूरी दी गई। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, लाउ ने बाद में जाली नोट बनाने के आरोपों को भी स्वीकार किया।

## मिसाइलों के दम पर बचा ईरान

### राष्ट्रपति पेजेशकियन बोले- यूएस के साथ समझौते में शामिल नहीं हमारा मिसाइल कार्यक्रम

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा कि ईरान का मिसाइल कार्यक्रम अमेरिका के साथ हुए 14 सूत्रीय समझौते का हिस्सा नहीं है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में भी मिसाइलों को लेकर ऐसा कोई समझौता नहीं होगा। पेजेशकियन ने यह बात पाकिस्तान के इस्लामाबाद में एक मीडिया वार्ता के दौरान कही। राष्ट्रपति ने अपने देश के मिसाइल कार्यक्रम का पुरजोर बचाव किया। उन्होंने कहा कि ये मिसाइलें ईरान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी हैं। उनके मुताबिक, अगर ईरान के पास ये मिसाइलें नहीं होतीं, तो इस्रायल और अमेरिका अब तक ईरान को पूरी तरह बर्बाद कर चुके होते। उन्होंने मिसाइल क्षमता और अमेरिका के साथ हुए समझौते के बीच किसी भी तरह के जुड़ाव को सिरे से खारिज कर दिया। पेजेशकियन इन दिनों पाकिस्तान के दौरे पर हैं। वहां वे पाकिस्तानी नेताओं के साथ आपसी संबंधों और क्षेत्र के हालातों पर चर्चा कर रहे हैं। यह बयान स्विट्जरलैंड में हुई तकनीकी बातचीत के खत्म होने के बाद आया है। इस 14 सूत्रीय समझौते का मुख्य उद्देश्य इलाके में जारी तनाव और दुश्मनी को खत्म करना है। पिछले हफ्ते ही अमेरिका ने इस समझौते का आधिकारिक मसौदा सबके सामने रखा था। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, इस समझौते में कई अहम बातें शामिल हैं। इसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने का प्रावधान है। साथ ही ईरान पर लगी कुछ आर्थिक पाबंदियों को कम करने की बात भी कही गई है। समझौते में ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर भविष्य में तकनीकी बातचीत करने की रूपरेखा भी तैयार की गई है।

हालांकि, इस आधिकारिक दस्तावेज में ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर किसी भी तरह की रोक का जिक्र नहीं है। इसमें हथियारों से जुड़ी सिर्फ एक ही शर्त है।

# रूस से तेल-कोयले की सप्लाई के लिए भारत का नया दांव, चेन्नई-व्लादिवोस्तोक कॉरिडोर बना नई लाइफलाइन

**मास्को , एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और होरमुज़ जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापारिक शृंखलाओं पर दबाव बढ़ गया है। ऐसे समय में भारत और रूस के बीच विकसित किया गया ईस्टर्न मैरीटाइम कॉरिडोर भारत के लिए एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक व्यापार मार्ग के रूप में उभर रहा है। यह समुद्री मार्ग भारत के चेन्नई बंदरगाह को रूस के सुदूर पूर्व में स्थित व्लादिवोस्तोक बंदरगाह से जोड़ता है और इसे आर्थिक तथा सामरिक दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारत ने वर्ष 2024 में इस मार्ग को सक्रिय किया था, जब लाल सागर क्षेत्र में हमास-इजरायल संघर्ष के प्रभाव के चलते यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय जहाजों को





निशाना बनाया जा रहा था। अब अमेरिका, इजरायल और ईरान से जुड़े क्षेत्रीय तनाव तथा होर्मुज जलडमरूमध्य में संभावित व्यवधान ने इस समुद्री गलियारे की उपयोगिता को और बढ़ा दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार, ईएमसी के जरिए रूस से भारत आने वाले जहाजों का ट्रांजिट समय लगभग 24 दिन रह जाता है, जबकि पारंपरिक स्वेज नहर मार्ग से यही यात्रा 40 दिनों से अधिक समय ले सकती है।इससे भारत को रूस से कच्चा तेल, कोकिंग कोल और अन्य महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों की तेज और अपेक्षाकृत कम लागत वाली आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलती है।भारत की इस्पात और ऊर्जा जरूरतें लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में रूस से निर्बाध आपूर्ति बनाए रखना रणनीतिक आवश्यकता बन गया है। विश्लेषकों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया में तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो ईएमसी भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता इससे रूस से आने वाले कच्चे माल और ऊर्जा संसाधनों को भारतीय बंदरगाहों से देश के विभिन्न हिस्सों तक तेज़ी और कम लागत में पहुंचाना संभव होगा। यह समुद्री गलियारा भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी के अनुरूप भी माना जा रहा है। इसके माध्यम से भारत पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र के देशों के साथ अपनी आर्थिक और सामरिक भागीदारी मजबूत कर सकता है।

# मुहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

## डीसी एवं एसपी ने जरीडीह - कसमार प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा, समाज के लोगों से किया संवाद





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह तत्पर एवं सतर्क है। इसी क्रम में बुधवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) श्री नाथू सिंह मीना ने जरीडीह प्रखंड के टांडबालीडीह - जैनामोड़, कसमार प्रखंड के बुंडु - मोचरो - कसमार बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर दोनों समाज के लोगों एवं समाज के प्रबुद्धजनों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने सभी से आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से फैलने वाली किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और न ही उसे आगे प्रसारित करें। उन्होंने कहा कि बोकारो की पहचान आपसी सौहार्द एवं सामाजिक समरसता रही है, जिसे सभी को मिलकर बनाए रखना है। उन्होंने दोनों समाज के लोगों से एक-दूसरे के पर्व-त्योहारों में सहभागिता निभाने, ईद की सेवइयां बांटने तथा महावीरी अखाड़ा के लड्डू साझा कर भाईचारे की मिसाल कायम करने का आह्वान किया।

### ताजिया निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने का निर्देश

उपायुक्त ने मुहर्रम के दौरान निकाले जाने वाले ताजिया की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने का निर्देश दिया। कहा कि सभी ताजिया जुलूस पूर्व निर्धारित एवं स्वीकृत रूट के अनुसार ही निकाले जाएं। किसी भी परिस्थिति में रूट में परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। सभी ताजिया एवं अखाड़ा समितियों को निर्धारित समय-सारिणी का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा अफवाह की जानकारी तत्काल जिला नियंत्रण कक्ष, नजदीकी थाना के थाना प्रभारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारी अथवा सीधे उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

### नई पीढ़ी को सामाजिक सद्भाव की परंपरा से जोड़ने की अपील

उपायुक्त ने समाज के बुजुर्गों एवं गणमान्य नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे नई पीढ़ी को त्योहारों की परंपरा, सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारे के महत्व से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में कोई भी कानून को अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। विधि-व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाती है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव संबंधित व्यक्ति के भविष्य, शिक्षा, रोजगार एवं व्यवसाय पर पड़ता है।

### विधि-व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने भी समाज के लोगों से संवाद करते हुए प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिले में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रकार से विधि-व्यवस्था बिगाड़ने अथवा सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी लोगों से जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाते हुए शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा किसी भी आपत्तिजनक सूचना या गतिविधि की जानकारी तत्काल प्रशासन को देने का आग्रह किया। मौके पर संबंधित प्रखंडों के बीडीओ/ सीओ, एसडीओ/ एसडीपीओ व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : उपायुक्त

## सीएसआर मद से दिव्यांगजनों के बीच बैटरी चालित ट्राई साइकिल का वितरण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से आज दिनांक 24 जून, 2026 को समाहरणालय परिसर से सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) मद के तहत बैटरी चालित ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के चयनित 16 दिव्यांग लाभुकों के बीच बैटरी चालित ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैटरी चालित ट्राई साइकिल मिलने से लाभुकों की आवाजाही आसान होगी तथा वे अपने दैनिक कार्यों को अधिक स्वतंत्रता एवं ज्यादा सक्षम रूप से कर सकेंगे। इससे शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी भी बढ़ेगी। मौके पर उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार, सीईओ बीपीएससीएल श्री सुधीर कुमार व्यास, प्रभारी पदाधिकारी सीएसआर सह जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार उपस्थित थे।

### दिव्यांगजनो को आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है-

उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं और उन्हें आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सीएसआर मद से उपलब्ध कराई गई बैटरी चालित ट्राई साइकिल दिव्यांगजनों की दैनिक गतिविधियों को सुगम बनाने के साथ-साथ उनकी गतिशीलता और आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होगी। उन्होंने आगे कहा कि जिला प्रशासन दिव्यांगजनों के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने लाभुकों से ट्राई साइकिल का सावधानीपूर्वक उपयोग करने तथा इसका रखरखाव सुनिश्चित करने की अपील की।

### सरकार एवं जिला प्रशासन दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है -

कार्यक्रम के दौरान लाभुकों को ट्राई साइकिल के सुरक्षित संचालन एवं रखरखाव संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई। प्रभारी पदाधिकारी सीएसआर सह जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार ने कहा कि सरकार एवं जिला प्रशासन दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रहा है तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। लाभुकों ने बैटरी चालित ट्राई साइकिल प्राप्त कर खुशी व्यक्त की और जिला प्रशासन एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से उन्हें आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से काफी राहत मिलेगी और वे अपने कार्यों को अधिक सहजता से कर सकेंगे। कार्यक्रम में सीएसआर से जुड़ी संस्था के अधिकारी तथा लाभुकों के परिजन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ललपनिया में जीएसटी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अतिथि भवन ललपनिया में बुधवार को जेपीटी एवं जीएसटी निबंधन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय व्यवसायियों को जीएसटी निबंधन प्रक्रिया और जेपीटी से जुड़े नियमों की जानकारी देना था। इसमें क्षेत्र के कई व्यवसायी शामिल हुए। कार्यक्रम में जीएसटी के फायदे, रिटर्न फाइलिंग और अनुपालन से जुड़ी बारीकियों पर विस्तार से चर्चा की। उपस्थित व्यवसायियों ने अपनी शंकाओं का समाधान भी प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य कर पदाधिकारी धनंजय प्रकाश ने बताया कि कोई भी व्यापारी, संवेदक, या पेशेवर व्यक्ति जो इस दायरे में आते हैं, उन्हें पेशा कर अधिनियम के अनुसार निबंधन करवाना आवश्यक है। वहीं ललपनिया के कर सलाहकार सुजीत कुमार प्रसाद द्वारा झारखंड पेशा कर अधिनियम के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जागरूकता कार्यक्रमों से छोटे व्यापारियों को कर प्रणाली समझने में मदद मिलती है और पारदर्शिता बढ़ती है। मौके पर संवेदक पुजारी उरांव, मुरली केवट , जय प्रकाश नायक, सुजीत साव, विजय चौहान, सेराज आलम, इरफान अंसारी, अरुण ठाकुर उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इलेक्ट्रॉनिक और आईसीटी अकैडमी के अंतर्गत फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत सी-डैक, पटना द्वारा आज से राजकीय पॉलिटेक्निक में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इसकी जानकारी देते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित आईसीटी के उभरते क्षेत्रों में प्रोफेसर, फैकल्टी, मेंटर्स व प्रशिक्षकों के प्रगतिशील विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का आयोजन 22 से 27 जून तक सुबह 10 बजे से संध्या 5 बजे तक राजकीय पॉलीटेक्निक में किया जा रहा है। इसमें धनबाद, भागा एवं निरसा के राजकीय पॉलिटेक्निक, आईटीआई धनबाद, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज, गुरु नानक कॉलेज तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में सी-डैक, पटना के साइंटिस्ट 'बी' रंजन कुमार, सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर हृदय राम वर्मा व प्रोजेक्ट इंजीनियर आदित्य शर्मा ने विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया। मौके पर जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी श्रीमती सुनीता तुलसियान भी मौजूद थी।

### जल, जंगल, जमीन के संरक्षण और ग्रामीण आजीविका को लेकर स्वयंसेवी संस्थाओं ने तैयार किया एक्शन प्लान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सारथी नेटवर्क बोकारो की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को प्रदान कार्यालय, जैनामोड़ में आयोजित की गई। इस बैठक में बोकारो जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और क्षेत्र के समेकित विकास को लेकर रणनीति बनाई। **बैठन के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं:** 30 पंचायतों में दिखेगा असरः पांचसूत्रा फाउंडेशन के गुलाबचंद ने कहा कि जिले के 30 चयनित पंचायतों में स्थानीय ग्रामीणों की आजीविका सुनिश्चित करने के लिए जल, जंगल और जमीन के संरक्षण को लेकर तैयार एक्शन प्लान पर अब धरातल पर काम शुरू करने का समय आ गया है। जलवायु परिवर्तन और जस्ट ट्रांजिशन पर जोरः प्रदान, रांची से आए सौरव दत्त ने ग्रामीण क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन और जस्ट ट्रांजिशन (न्यायसंगत परिवर्तन) को लेकर किए जा रहे सामूहिक प्रयासों की सराहना की। वहीं दिव्यार्थी संस्था के अंजनी कुमार सिन्हा ने बताया कि क्षेत्र में 'अमृत कृषि' का मॉडल पहले ही सफल रहा है। अगले 3 महीने का माइक्रो प्लान तैयारः बैठक के दौरान आगामी तीन महीनों के लिए एक माइक्रो प्लान भी तैयार किया गया, जिसके आधार पर जमीनी गतिविधियां तय की जाएंगी। इस मौके पर प्रदान संस्था से जुबा प्रीतम गोगई, पीयूषमयी, महिला कल्याण समिति से डॉ. श्याम कुमार भारती, दो कदम संस्था से विजय कुमार, पांचसूत्रा फाउंडेशन से विनोद यादव, सफरोज खान, आकाश गंगा वेलफेयर फाउंडेशन से चुरामन ठाकुर, आशाकिरण से विजय कुमार महतो, और सहयोगिनी से प्रकाश महतो, भूमी झा एवं श्रेया साहनी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा से खिलवाड़ः स्मार्टप्रेप, आईपेक और पेस आईआईटी में मिलीं गंभीर खामियां

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लखनऊ कोचिंग हादसे के बाद बोकारो प्रशासन ने कोचिंग संस्थानों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बोकारो एसपी के निर्देश पर डीएसपी सिटी राजीव रंजन के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग और सेक्टर-4 थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने सिटी सेंटर स्थित विभिन्न कोचिंग संस्थानों का औचक फायर ऑडिट किया। जांच के दौरान स्मार्टप्रेप अकैडमी, आईपेक और पेस आईआईटी इंस्टीट्यूट समेत कई संस्थानों में फायर सेफ्टी से जुड़ी गंभीर कमियां सामने आई हैं। निरीक्षण में पाया गया कि कई संस्थानों के पास अनिवार्य फायर एनओसी उपलब्ध नहीं है। वहीं कुछ भवनों में प्लाईवुड से बनाए गए पार्टिशन बिल्डिंग बायलॉज के अनुरूप नहीं पाए गए। अग्निशमन विभाग के अनुसार वर्तमान स्थिति में ऐसे संस्थान निर्धारित सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं कर रहे हैं। डीएसपी सिटी राजीव रंजन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में सामने आई कमियों को गंभीरता से लिया जा रहा है और संबंधित संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं अग्निशमन विभाग के अधिकारी भगवान ओझा ने कहा कि जिन संस्थानों में फायर सेफ्टी संबंधी कमियां पाई गई हैं, उन्हें तत्काल आवश्यक सुधार कर फायर विभाग से एनओसी प्राप्त करनी होगी।



# सेल 'ज्ञान उत्सव 2.0' में बीएसएल का शानदार प्रदर्शन

## सर्वश्रेष्ठ लर्निंग एंड डेवलपमेंट पुरस्कार से सम्मानित




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के लर्निंग एंड डेवलपमेंट विभाग ने सेल के एलएंडडी सम्मेलन 'ज्ञान उत्सव 2.0' के तहत आयोजित एचआर-एलएंडडी इनिशिएटिव्स प्रतियोगिता (वर्ष 2025-26) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 'सर्वश्रेष्ठ लर्निंग एंड डेवलपमेंट पुरस्कार' प्राप्त कर एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, रांची द्वारा 19 जून 2026 को ऑनलाइन माध्यम से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें सेल के सभी एकीकृत इस्पात संयंत्रों और इकाइयों ने अपनी नवोन्मेषी तथा प्रभावशाली एलएंडडी रणनीतियों को प्रस्तुत किया। 'ड्राइविंग परफॉर्मेंस थ्रू लर्निंग' विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता में, बीएसएल के एलएंडडी विभाग ने अपनी अनूठी शिक्षण पहलों, क्षमता निर्माण कार्यक्रमों और परिणामोन्मुखी विकास रणनीतियों पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में बीएसएल का प्रतिनिधित्व एजीएम (एचआर-एलएंडडी) अमित आनंद तथा एजीएम (एचआर-एलएंडडी) राकेश बाबू वेलपुरी ने किया। उन्होंने बीएसएल की प्रौद्योगिकी-सक्षम एवं डिजिटल लर्निंग, नेतृत्व विकास, कौशल उन्नयन तथा कर्मचारी क्षमता निर्माण से जुड़ी उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जो कार्यबल की दक्षता और संगठनात्मक प्रदर्शन को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 23 जून 2026 को एमटीआई, रांची में आयोजित 'ज्ञान उत्सव 2.0' सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि सेल के निदेशक (कार्मिक) के. के. सिंह द्वारा बीएसएल की मुख्य महाप्रबंधक (एचआर-एलएंडडी) नीता बा को प्रदान किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ज्ञान-साझाकरण, नवाचार और संगठनात्मक अधिगम की संस्कृति को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर सेल की विभिन्न इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारी, विषय विशेषज्ञ और अग्रणी परामर्शदाता संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। बीएसएल की यह शानदार सफलता संगठन में निरंतर सीखने, नवाचार और पेशेवर विकास के प्रति उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। साथ ही, यह परिचालन उत्कृष्टता और सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के प्रभावी उपयोग में बीएसएल की अग्रणी भूमिका को भी रेखांकित करती है।

# मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मोहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से चास अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थानों में शांति समिति की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में चास मुफस्सिल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें चास की एसडीएम प्रांजल ढांडा सहित प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम प्रांजल ढांडा ने कहा कि मोहर्रम के दौरान किसी भी स्थिति में डीजे बजाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट के निदेशों के अनुसार सभी पर्व-त्योहारों में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा और इसका सख्ती से पालन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मोहर्रम जुलूस को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कई संवेदनशील स्थानों पर मिनी कंट्रोल रूम स्थापित किए जा रहे हैं तथा प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जा रही है। जुलूसों की निगरानी ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। एसडीएम ने कहा कि सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर पुलिस बल और दंडाधिकारी (मजिस्ट्रेट) की तैनाती की गई है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशे की हालत में जुलूस में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो, इसके लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।

# पेपर लीक और बेरोजगारी को ले कांग्रेस का केंद्र सरकार पर तीखा हमला



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कांग्रेस ने देश की शिक्षा व्यवस्था, लगातार हो रहे पेपर लीक और बढ़ती बेरोजगारी को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग करते हुए सरकार की शिक्षा और रोजगार संबंधी नीतियों पर सवाल उठाए हैं। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बोकारो परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि पिछले एक दशक में देशभर में पेपर लीक की अनेक घटनाओं ने करोड़ों छात्रों और युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2014 से 2024 के बीच देश में लगभग 89 पेपर लीक के मामले सामने आए, जिसके कारण 48 परीक्षाओं को दोबारा आयोजित करना पड़ा। शाहदेव ने बताया कि केवल पिछले पांच वर्षों में 15 राज्यों में 41 पेपर लीक की घटनाएं दर्ज की गईं, जिनसे करीब 1.4 करोड़ अभ्यर्थी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पेपर लीक रोकने के लिए सख्त कानून बनाने का दावा किया था, लेकिन इसके बावजूद ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक नहीं लग सकी है। इससे युवाओं में निराशा बढ़ी है और उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा है। उन्होंने शिक्षा बजट में कमी का भी मुद्दा उठाया। शाहदेव ने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान शिक्षा पर कुल बजट का 4.77 प्रतिशत खर्च किया जाता था, जबकि वर्तमान सरकार में यह घटकर करीब 2.5 प्रतिशत रह गया है। उनके अनुसार, इससे स्पष्ट होता है कि सरकार की प्राथमिकताओं में शिक्षा को पर्याप्त महत्व नहीं मिल रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में लगातार हो रही गड़बड़ियों और पेपर लीक की घटनाओं की नैतिक जिम्मेदारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री को लेनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री से शिक्षा मंत्री को तत्काल बर्खास्त करने की मांग करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में सबसे अधिक पेपर लीक की घटनाएं सामने आई हैं।

# विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूज्य तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज ज्योति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पेटरवार के प्रधानाचार्य नवीन कुमार जिन्होंने 2024 में अपना कार्यभार संभाला और निरंतर अपने कार्य में सक्रियता दिखाते हुए विद्यालय को सर्वांगीण विकास हेतु महत्वपूर्ण योगदान दिए। इन्होंने किसी भी कार्य के प्रति चाहे वह शैक्षिक पक्ष हो या प्रशासनिक पक्ष हो पूरी निष्ठा से इन्होंने सकारात्मक सोच के साथ अपने कार्य को अंजाम दिया। भैया बहन कुछ भी समस्या लेकर उनके पास जाते थे तो इन्होंने नकारात्मक भाव न दिखाते हुए सकारात्मक सोच के साथ तुरंत उसे समस्या का समाधान निकाल देते थे' इससे भैया बहनों में काफी उत्सुकता हमेशा बनी रहती थी। लगभग 10 15 वर्षों से अपने विद्यालय में वार्षिकोत्सव नहीं मनाया गया था। इस विषय को लेकर भैया बहन आचार्य एवं दीदी जी उनके पास गए और उन्होंने हम लोगों को अस्वस्थ किया कि आप लोग चिंता ना करें वार्षिक उत्सव अवश्य होगी जरूर होगी और इन्होंने 21 मार्च 2026 को वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम संपन्न कराने में सफल हो गए। यह कभी भी विद्यालय के कर्मचारियों तथा आचार्य एवं दीदी जी से नहीं उलझे हमेशा उनके साथ मित्रवत का व्यवहार किया और यह सिर्फ विद्यालय में ही नहीं बल्कि समाज में भी उनकी छवि सकारात्मक रही है। जैसे ही हम सभी को यह पता चला कि उनका पदस्थापन किसी अन्य विद्यालय में हो चुका है तो हम लोगों को ऐसा लगा मानो परिवार का एक अंग हम लोगों से बिछड़ रहा है लेकिन क्या करें परिवर्तन तो संसार का नियम है। इस अवसर पर भैया बहनों ने अपना अपना मंतव्य दिया, इस पल को यादगार बनाने के लिए विद्यालय के बहनों ने विदाई गीत भी प्रस्तुत किया। विद्यालय की रीत के अनुसार उन्हें डायरी कलम तथा ट्रॉली बैग देकर सम्मानित किया गया। इस क्षण में उपस्थित सभी भैया बहन, आचार्य एवं दीदी जी की आंखें नम हो गई थी। इस कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव कुमार संजय सिन्हा, कोषाध्यक्ष नागेश्वर कुमार, उपाध्यक्ष रविकांत सिंगला, अभिभावक प्रतिनिधि रथलाल महतो तथा विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी तथा कर्मचारी वृंद की सहभागिता रही।

# स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड ने भारत की नौसैनिक ताकत को दी मजबूती

## आईएनएस दूनागिरी, अग्रय और संशोधक के लिए रक्षा-ग्रेड स्टील की आपूर्ति की



**बोकारो/नई दिल्ली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इस्पात मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम और महारत्न कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड ने भारतीय नौसेना के हाल ही में कमीशन किए गए तीन अत्याधुनिक जहाजों - उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस दूनागिर, एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट आईएनएस अग्रय , और सर्वेक्षण पोत (लार्ज) आईएनएस संशोधक के निर्माण के लिए पूरे 5,700 टन विशेष स्टील की आपूर्ति अकेले करके देश की नौसैनिक क्षमताओं को मजबूत करने में एक बार फिर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन तीनों उन्नत जहाजों को 21 जून, 2026 को कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट पर आयोजित एक ऐतिहासिक समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा औपचारिक रूप से भारतीय नौसेना में शामिल (कमिशन) किया गया। सेल ने इन तीनों अत्याधुनिक जहाजों के लिए विशेष गुणवत्ता की डी आर एम 249अ ग्रेड हॉट-रोल्ड शीट और प्लेट की सप्लाई की है। कंपनी ने इस डिफेंस ग्रेड स्टील का उत्पादन और आपूर्ति अपने बोकारो, भिलाई और राउरकेला इस्पात संयंत्रों के जरिये बेहद ही सावधानीपूर्वक किया है, जो इस बात का प्रमाण है कि सेल के पास देश की समुद्री सुरक्षा की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए बेहतरीन और आधुनिक तकनीकी क्षमता है। सेल देश के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' अभियानों को लगातार आगे बढ़ा रहा है। सेल देश के महत्वपूर्ण नौसैनिक प्लेटफार्मों के लिए विशेष स्टील का उत्पादन करके, भारत के रक्षा स्वदेशीकरण का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है। देश की रक्षा क्षेत्र की उभरती जरूरतों को देखते हुए, सेल ने डीएमआर ग्रेड प्लेटों का उत्पादन बढ़ाने हेतु अपनी प्लेट-उत्पादन सुविधाओं, विशेषकर राउरकेला स्टील प्लांट के 'स्पेशल प्लेट प्लांट' में पहले से ही अतिरिक्त पहल लागू किए हैं। यह रणनीतिक कदम रक्षा-ग्रेड स्टील के क्षेत्र में भारत के बढ़ते आयात प्रतिस्थापन में साफ दिखाई देता है। सेल के शानदार ट्रैक रिकॉर्ड में ऐतिहासिक स्वदेशी विमान वाहक आईएनएस विक्रांत के साथ-साथ विशिष्ट प्रोजेक्ट 17अ स्टील्थ फ्रिगेट्स - आईएनएस नीलगिरि, आईएनएस हिमगिरि और आईएनएस उदयगिरि के लिए स्टील की आपूर्ति शामिल है। इसके अलावा, सेल का विशेष स्टील आईएनएस अजय, आईएनएस निस्तार और आईएनएस अंजदीप जैसे शक्तिशाली जहाजों की रीढ़ है। इन उन्नत युद्धपोतों का सफल समावेश भारत की समुद्री संप्रभुता और क्षमताओं में एक निर्णायक मील का पत्थर है। सेल अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अशोक कुमार पंडा ने कहा, "भारत के रक्षा क्षेत्र के एक प्रमुख भागीदार के रूप में, सेल देश की आत्मनिर्भरता की जरूरतों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। कंपनी ने पहले से ही रक्षा क्षेत्र की लगातार बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, डीएमआर ग्रेड प्लेटों की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने पर जोर दिया, विशेषकर राउरकेला स्टील प्लांट के स्पेशल प्लेट प्लांट पर ध्यान केंद्रित किया है। इन उच्च-क्षमता वाली DMR 249A स्टील प्लेटों की आपूर्ति न केवल भारत की रणनीतिक स्वतंत्रता को मजबूती प्रदान करती है, बल्कि सेल की अत्याधुनिक तकनीकी विशेषज्ञता को भी प्रमाणित करती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com